खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23° C
न्यूनतम: 11° C

नई दिल्ली, बुधवार 26 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 235 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दुनिया के लिए मार्गदर्शक है भारत का संविधान: बिरला पेज 2



टी-20 विश्वकप: 15 फरवरी को होगी भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत खेल टाइम्स



यूपी विधानसभा चुनावों में ओवैसी का अखिलेश यादव से मुलाकात का वादा सम्पादकीय



पाकिस्तान ने की आधी रात अफगानिस्तान में तीन एयरस्ट्राइक, 10 की मौत पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ज्वालामुखी विस्फोट के कारण प. एशिया की कई उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** इथोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी विस्फोट से निकले राख के बादलों की वजह से भारत से पश्चिम एशियाई शहरों को जाने वाली कई उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को बताया कि उसने सोमवार और मंगलवार को अबतक कुल 13 उड़ानें रद्द की हैं। अकासा एयर ने भी बताया कि उसने सोमवार और मंगलवार को जेद्दा, कुवैत और अबु धाबी को जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने बताया कि सोमवार को सात उड़ानें रद्द कीं। इनमें अमेरिका के नेवार्क से दिल्ली, न्यूयॉर्क से दिल्ली, दुबई से हैदराबाद, कतर के दोहा से मुंबई, दुबई से चेन्नई, दम्मम से मुंबई और दोहा से दिल्ली की उड़ानें शामिल हैं। एयरलाइंस ने मंगलवार को चेन्नई-मुंबई, हैदराबाद- दिल्ली, मुंबई-हैदराबाद, हैदराबाद-मुंबई, मुंबई-कोलकाता और कोलकाता मुंबई उड़ानें रद्द की हैं। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि वह जो विमान ज्वालामुखी से निकले राख के बादलों वाले इलाकों से होकर गुजरे हैं उनकी जांच की जा रही है। उसने बताया कि प्रभावित यात्रियों को ग्राउंड टीम हरसंभव सहायता मुहैया कराई जा रही है।

### ज्वालामुखी विस्फोट के कारण फिलहाल चिंता की बात नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह इथोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी के फटने के बाद स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और फिलहाल उड़ानों को लेकर चिंता की बात नहीं है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ज्वालामुखी से निकले राख के बादल पूर्व दिशा में बढ़ रहे हैं। ऐसे में एटीसी, मौसम विभाग, विमान सेवा कंपनियों और अंतर्राष्ट्रीय विमानन एजेंसियों के साथ वह भी निर्बाध समन्वय सुनिश्चित कर रहा है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने पायलटों के लिए जरूरी नोटिस जारी किया है।

### राजस्थान-मप्र के 16 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और सर्द हवाओं से मैदानी राज्यों में ठिठुरन बढ़ने लगी है। राजस्थान में सोमवार को कोटा, उदयपुर समेत कई जिलों में दिन के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। 10 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा। फतेहपुर में सबसे कम, 5.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश में भी सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। नौगांव, राजगढ़, नरसिंहपुर और रीवा में सोमवार को तापमान 8 से 10 डिग्री के बीच रहा। भोपाल सहित कई जिलों में लगातार तीसरे दिन बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिन तक शीतलहर से राहत की संभावना जताई है। इधर, बिहार में सर्दी के साथ घने कोहरे का असर बढ़ गया है। बीते दिन, पटना, खगड़िया, गोपालगंज, सारण, बेगूसराय समेत 10 शहरों में सुबह-सुबह घना कोहरा देखने को मिला।

# हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत की सख्त टिप्पणी: देश नहीं करेगा बर्दाश्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक 'बड़ा दाग' है और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा कि देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता, लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपनी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा कि केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है? इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया।

**सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों पर गहरी चिंता जताई**



## आर्मी अफसर की बर्खास्तगी सही, अपील खारिज

**कहा- आप सेना के लायक नहीं, धार्मिक आदेश न मानने पर सेना से निकाले गए थे**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आर्मी के एक पूर्व ईसाई अफसर की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी।

अफसर पर आरोप था कि उसने अपने तैनाती स्थल पर रेजिमेंट की धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से इन्कार किया था। इसके बाद आर्मी ने उसे बर्खास्त कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने अफसर को आर्मी के लिए मिस फिट माना और हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह आचरण गंभीर अनुशासनहीनता है और सेना जैसी संस्था में इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मामला 2017 का है। अफसर सैमुअल कमलेसन 3तक कैवेलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट बने। उनकी यूनिट में मंदिर और गुरुद्वारा था, जहां हर हफ्ते धार्मिक परेड होती थी। वे अपने सैनिकों के साथ वहां तक जाते थे, लेकिन मंदिर के सबसे अंदर वाले हिस्से में पूजा, हवन या आरती के दौरान जाने से मना करते थे। उनका कहना था कि उनकी ईसाई मान्यता इसकी अनुमति नहीं देती और उनसे किसी देवी-देवता की पूजा करवाना गलत है।

### महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव मामले की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय नेमहाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित मामले की सुनवाई को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्य सरकार ने आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा से जुड़े मुद्दों पर राज्य चुनाव आयोग के साथ परामर्श जारी रहने का हवाला देते हुए समय मांगा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को आयोग ने बताया कि 242 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव के लिए दो दिसम्बर की तारीख पहले ही अधिसूचित की जा चुकी है।

## अयोध्या में राम मंदिर में ध्वजारोहण की प्रक्रिया हुई पूरी

# सदियों के घाव अब भर रहे हैं: मोदी

**कहा- हमारा बहुत पुराना सपना अब पूरा हुआ, हम ऐसा समाज बनाएं, जहां कोई गरीब न हो**

**बटन दबते ही मंदिर के शीर्ष पर फहराया ध्वज, मोदी हुए भावुक, आंसू पोछते दिखे साधु- संत**

**अयोध्या, वार्ता**

**राम मंदिर** में ध्वजारोहण की प्रक्रिया पूरी हुई। इस मौके पर पीएम मोदी ने अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा बहुत पुराना सपना अब पूरा हुआ। सदियों पुराने घाव थे अब वह धीरे-धीरे भरने शुरू हुए। पीएम ने कहा कि हम ऐसा समाज बनाएं, जहां कोई गरीब न हो। कोई पीड़ित न हो। यह ध्वज युगों-युगों तक श्री राम के आदेशों और प्रेरणाओं को मानव मात्र तक पहुंचाएगा।

उन्होंने हर दानवीर, श्रमवीर, कारीगर, योजनाकार, वास्तुकार का अभिनंदन किया। यही वह नगरी है, जहां से श्रीराम ने अपना जीवन पथ शुरू किया था। विकसित भारत बनाने के लिए समाज की सामूहिक शक्ति की आवश्यकता है। यहां सप्त मंदिर बने हैं। यहां निषाद राज का मंदिर बना है, जो साधन नहीं साध्य और उसकी भावनाओं को पूजती है। यहां जटायु जी और गिलहरी की भी मूर्ति है, जो बड़े संकल्प की सिद्धि के लिए हर छोटे से छोटे प्रयास को दिखाती है। पीएम मोदी के बटन दबाते ही झंडा धीरे-धीरे ऊपर चढ़ता हुआ मंदिर के शीर्ष पर विराजमान हो गया। जैसे-जैसे झंडा ऊपर चढ़ता गया पीएम मोदी टकटकी लगाए उसे देखते रहे। पीएम मोदी इन पलों में भावुक नजर आए। ध्वजारोहण के समय सामने की कतार में साधु-संत बैठे हुए थे। वह भी भावुकता में अपने आंसू पोछते हुए नजर आए। इस कार्यक्रम में देश-दुनिया के करीब आठ हजार लोग आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया। जैसे ही केसरिया ध्वज पवन के संग लहराया, पूरा परिसर 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा। क्षण भर में वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और श्रद्धालुओं की भावनाएं उमंग में बदल गईं। धर्मध्वज फहराने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यापक पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। यज्ञकुंडों से उठती आहुतियों की सुगंध और नगाड़ों की गूंज ने समारोह को भव्यता प्रदान की। पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया। इस अवसर पर देश-दुनिया से आए संत-महंत, विशिष्ट अतिथि और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच राम नगरी उत्सव के रंग में डूबी रही। मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक हर ओर दीप, पुष्प और रंगोलियों से सजा माहौल इस ऐतिहासिक उत्सव का साक्षात अनुभव करा रहा था। इस मौके पर सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन है। इसके लिए जितने लोगों ने प्राण न्योछावर किए, उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। अशोक जी को वहां पर शांति मिली होगी। आज मंदिर का ध्वजारोहण हो गया। राम राज्य का ध्वज जो कभी अयोध्या में फहराता था, आज वह फहरा गया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है। यह वह वृक्ष है जिसके लिए कहा जाता है, कि वृक्ष सबके लिए छाया देते हैं, स्वंय धूप में खड़े रहकर, फल भी दूसरों के लिए देते हैं। जाते जितनी कठिनाईयां हों, सूर्य भगवान उस संकल्प का प्रतीक है। इसमें सिर्फ एक ही पहिया है। जैसे सपना उन लोगों ने देखा था, बिल्कुल वैसा ही या यूं कहें कि उससे भी भव्य मंदिर बन गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के संबोधन में एक नई उर्जा दिखाई दी।



**ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज**

आज अयोध्या नगरी भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष-बिंदु की साक्षी बन रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर ध्वजारोहण उत्सव का यह क्षण अद्वितीय और अलौकिक है। ये धर्म ध्वजा केवल एक ध्वज नहीं, ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है। ये ध्वज संघर्ष से सृजन की गाथा है, सदियों से चले आ रहे स्वप्नों का साकार स्वरूप है, संतों की साधना और समाज की सहभागिता की सार्थक परिणीति है..

**- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

# चुनाव आयोग अब बीजेपी आयोग बन गया: ममता बनर्जी



**कहा: यह निष्पक्ष संस्था नहीं, 10 टीएमसी सांसद 28 नवम्बर को इलेक्शन कमीशन से मिलेंगे**

**बोनगांव।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रहा। यह 'बीजेपी आयोग' बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें बंगाल में चुनौती दी गई, तो वे पूरे देश में बीजेपी की नींव हिला देंगी।

ममता बोनगांव में एंटी-एसआईआर रैली को संबोधित कर रही थीं। ममता ने दावा किया कि यदि राज्य के मतुआ-बहुल क्षेत्रों में रहने वाले लोग नागरिकता (संशोधन) अधिनियम: सीएए के तहत स्वयं को विदेशी घोषित करते हैं, तो उन्हें तुरंत वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा। इधर टीएमसी के 10 सांसद 28 नवम्बर को चुनाव आयोग से मिलेंगे। इसके लिए मंगलवार को पार्टी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को लेटर लिखकर सभी 10 सांसदों के नाम भेजे हैं। ममता ने पूछा- अगर एसआईआर का मकसद अवैध बांग्लादेशियों को हटाना है, तो बीजेपी शासित राज्यों में एसआईआर क्यों कराया जा रहा है? क्या बीजेपी यह स्वीकार कर रही है कि उसके 'डबल इंजन' वाले राज्यों में भी घुसपैठिए मौजूद हैं? अगर बांग्लादेशी समस्या है, तो आप मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एसआईआर क्यों चला रहे हैं? एक बार एसआईआर के बाद आई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सामने आ जाएगी, तब लोग समझ जाएंगे कि चुनाव आयोग और बीजेपी ने कितना बड़ा 'विनाश' किया है। मुझे बांग्लादेश एक देश के रूप में बहुत पसंद है, क्योंकि हमारी भाषा एक जैसी है। मैं बीरभूम से हूं, लेकिन एक दिन वे मुझे बांग्लादेशी कहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को 2024 में इसी वोटर लिस्ट के आधार पर वोट मिले थे। अगर आपका नाम हटा दिया जाता है, तो केंद्र सरकार को भी हटा देना चाहिए। इतनी जल्दी में एसआईआर क्यों चलाया जा रहा है? जब तक मैं यहां हूं, मैं उन्हें आपको बाहर (वोटर लिस्ट से) नहीं निकालने दूंगी। कोई भी आपको बाहर नहीं निकाल सकता।

### तृणमूल नेताओं से मिलने पर चुनाव आयुक्त ने जताई सहमति

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले में बढ़ते तनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से मिलने के लिए सहमति जताई है। यह मुलाकात 28 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे होगी। श्री कुमार ने यह फैसला आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक दलों से मिलकर उनकी चिंताओं को दूर करने की कोशिशों के तहत लिया है।

# विधानसभा में सीएम सरमा बोले- सिंगर जुबीन का मर्डर हुआ



**मौत हादसा नहीं, एक आरोपी ने जान ली**

**बाकियों ने मदद की, अब तक सात गिरफ्तार**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि सिंगर जुबीन गर्ग की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या थी। सरमा ने कहा कि यह गैर इरादतन हत्या या आपराधिक साजिश नहीं, बल्कि साफ-साफ मर्डर था। सीएम ने दावा किया कि एक आरोपी ने सिंगर की जान ली। वहीं अन्य लोगों ने हत्या में उसकी मदद की।

असम विधानसभा में विपक्षी पार्टियां जुबीन की मौत पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव लेकर आई थीं। जिस पर सीएम सरमा ने विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन जवाब दिया। सीएम ने बताया कि एसआईटी ने अब तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है, 252 गवाहों से पूछताछ की है और 29 सामान जब्त किए हैं। सीएम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में 4 से 5 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। 52 साल के सिंगर-म्यूजिशियन जुबीन की 19 सितम्बर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वे नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनईआईएफ) में भाग लेने गए थे। उनकी मौत के खिलाफ राज्य भर में 60 से अधिक मामले दर्ज हुए थे। जुबीन की मौत मामले में पुलिस ने एनईआईएफ इवेंट के आयोजक श्यामकानु महंत, जुबीन के चचेरे भाई और पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, उनके बैंड के दो मेंबर- शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है। जुबीन के निजी सुरक्षा अधिकारियों- नंदेश्वर बोरा और प्रबीन बैश्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जब पुलिस को उनके खातों से 1.1 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े वित्तीय लेनदेन का पता चला। गिरफ्तार किए गए सभी सात लोग अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

# अब भारत खरीदार नहीं, तकनीक का निर्माता: रक्षा मंत्री

## राजनाथ बोले: देश में स्वदेशीकरण आंदोलन चल रहा है, भारत की समुद्री शक्ति में हुई बढ़त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित भारतीय नौसेना के सेमिनार 'स्वावलंबन 2025' में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता और बदलते रक्षा ढांचे पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं, बल्कि तकनीक बनाने, विकसित करने और निर्यात करने वाली ताकत बन रहा है। उनके मुताबिक देश में चल रहा स्वदेशीकरण आंदोलन सिर्फ नीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और युवाओं की कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्माता और अगुआ बनते हुए दुनिया को नई दिशा दिखा रहा है। उन्होंने बताया कि इनोवेशन और प्रोटोटाइप्स ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्यातक बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन वास्तविक स्वावलंबन की ओर बढ़ते राष्ट्रीय संकल्प का संकेत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को विदेशी रक्षा उपकरणों पर निर्भरता कम करनी होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी बड़े उपकरण को विदेश से खरीदना सिर्फ तत्काल लागत का मामला नहीं होता, बल्कि उसके रखरखाव, मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स की दीर्घकालिक लागत भी देश को झेलनी पड़ती है। इसीलिए उन्होंने मजबूत और आत्मनिर्भर आपूर्ति श्रृंखला की जरूरत पर जोर दिया। उनके अनुसार भारत की सुरक्षा प्रणाली तभी मजबूत होगी, जब उसका तकनीकी ढांचा पूरी तरह भारत में विकसित और संचालित हो। स्वावलंबन 2025 में बोलते हुए सिंह ने कहा कि भारत आज समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है और इसमें नौसेना के साथ देश के इनोवेटर्स का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में बहु-उपयोगी तकनीक का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और भारत के युवा इनोवेटर्स इसी दिशा में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। सिंह ने कहा कि वह जब भी इन युवा शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स से मिलते हैं, तो उनके अंदर समस्याओं को हल करने का आत्मविश्वास दिखाई देता है, जो उभरते भारत की पहचान है।



**भारत रक्षा क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्माता और अगुआ बनते हुए दुनिया को नई दिशा दिखा रहा**

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया के लिए मार्गदर्शक है भारत का संविधान: बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान को देश की आत्मा करार देते हुए कहा है कि भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है। श्री बिरला ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर स्थित मणिपाल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं से संवैधानिक जागरूकता का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बोली, भाषा, खानपान सहित अनेक विविधताएं हैं, लेकिन देश की समस्त विविधताओं को एक करने का काम हमारा संविधान करता है। हर विद्यालय- महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में संविधान का अध्ययन होना चाहिए।

### यूपीएस में शामिल होने के इच्छुक कर्मचारी जल्द करें आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में शामिल होने के इच्छुक पात्र कर्मचारियों से जल्द आवेदन करने की अपील की है। राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 है। यूपीएस का विकल्प चुनने के बाद वे एनपीएस में भी वापस जा सकते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यूपीएस में जाने की अंतिम तिथि नजदीक आने के मद्देनजर सभी संबंधित एनपीएस सबस्क्राइबर सीआरए प्रणाली के माध्यम से अपना यूपीएस अनुरोध ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्हें 30 नवम्बर तक अपने संबंधित नोडल कार्यालय में विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र जमा करना होगा।

# उदित राज ने भीम रैली की अनुमति न देने पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यकऔर आदिवासी संगठनों के डोमा परिसंघ के अध्यक्ष डा. उदित राज ने कहा है कि उनके परिसंघ की 30 नवम्बर को यहां रामलीला मैदान में होने वाली भीम रैली की बाकायदा अनुमति ली गई थी, लेकिन अब रैली में भारी भीड़ जुटने की संभावना का हवाला देते हुए इस अनुमति को रद्द कर दिया गया है।

डा. उदित राज ने कहा कि वे पहले करीब ऐसे बीस कार्यक्रम वह कर चुके हैं, लेकिन कभी भारी भीड़ जुटने का कारण बताकर अनुमति रद्द नहीं की गई, लेकिन लगता है डा. अंबेडकर

**■ अंबेडकर और भीम शब्द से बीजेपी को नफरत**

और भीम शब्द से भाजपा को घृणा और अंदरूनी नफ़रत है। दूसरा कारण संविधान और वोट बचाने जैसे मुद्दे से भाजपा की भारी असहमति है। मोदी सरकार को संविधान बचाने, आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने, वोट चोरी रोकने एवं बैलेट पेपर से चुनाव, जाति जनगणना, वक्फ़ बोर्ड में हस्तक्षेप रोकना, निजीकरण पर रोक, समान शिक्षा, धार्मिक आजादी, किसानों को न्यूनतम मूल्य की गारंटी, आदिवासियों को जल, जंगल तथा जमीन से वंचित करने से रोकने, पुरानी पेंशन बहाली आदि से नफ़रत है।

# एसआईआर का मकसद इंडिया गठबंधन के वोट काटना: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस को चिंता है कि यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रीविजन (एसआईआर) की वजह से 2024 में इंडिया ब्लॉक द्वारा जीती गई हर पार्लियामेंट्री सीट पर लगभग 50,000 वोट कम हो जाएंगे। कांग्रेस और समा. जवादी पार्टी के नेतृत्व वाले ब्लॉक ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की कुल 80 लोकसभा सीटों में से 43 जीती थीं।

इनमें कांग्रेस ने 6 और सपा ने 37 सीटें जीती थीं, जिससे बीजेपी को बड़ा झटका लगा था, जिससे 2019 के मुकाबले इसकी सीट 62 से घटकर 33 रह गई थी। राज्य में 2026 में लोकल बॉडी इलेक्शन और 2027 में असेंबली इलेक्शन होंगे जो बीजेपी और इंडिया ब्लॉक दोनों के लिए अहम होंगे। हालांकि कांग्रेस डर है कि यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रीवीजन के जरिए विपक्ष के वोटर्स की संख्या कम



**■ यूपी में एसआईआर के जरिये विपक्ष के वोटर्स की संख्या कम की जाएगी**

की जाएगी, जैसा कि बिहार में किया गया था, जहां इंडिया ब्लॉक हाल ही में एनडीए से चुनाव हार गया था। कांग्रेस के यूपी इंचार्ज अविनाश पांडे ने बताया कि यह बीजेपी की प्लानिंग है। उन्होंने बिहार में विपक्ष के हजारों वोट कम कर दिए। हमने बिहार में एसआईआर से जुड़े कई सवाल उठाए थे, लेकिन चुनाव आयोग ने इस पर कोई सफाई नहीं दी। अब वही एसआईआर उत्तर प्रदेश में जल्दबाजी में लागू किया जा रहा है। इस काम का असली मकसद 2024 में इंडिया ब्लॉक द्वारा जीती गई लोकसभा सीटों पर विपक्ष के बड़े वोट कम करना है। यह 2027 के चुनावों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। बीजेपी ने पहले से ही एक छोटी वोटर लिस्ट तैयार कर ली थी और इसलिए वोटरों और जमीन पर बीएलओ दोनों को होने वाली एडमिनिस्ट्रेटिव दिक्कतों की परवाह किए बिना उत्तर प्रदेश में एसआईआर को जल्दबाजी में लागू कर रही थी।

### आरएसएस शुरू से ही रहा संविधान पर हमलावर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शुरु से ही संविधान विरोधी रहा है और इसीलिए इसे अपनाए जाने के तत्काल बाद से ही उसने संविधान पर हमला शुरु कर दिया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 76 साल पहले आज ही के दिन जब संविधान सभा के अध्यक्ष डा. भीमराव अम्बेडकर ने सभा के समक्ष भारतीय संविधान का मसौदा पेश किया था और इस मौके पर अत्यधिक ओजस्वी भाषण दिया था, जिसे आज भी याद किया जाता है। लेकिन इसके अगले ही दिन आरएसएस ने संविधान पर तीखा हमला शुरु कर दिया था और उसका यह हमला आज भी जारी है। रमेश ने कहा कि डा. आंबेडकर ने संविधान सभा में संविधान के मसौदे को औपचारिक रूप से अपनाने का प्रस्ताव रखा था। इस भाषण में उन्होंने कांग्रेस के अनुशासन की तारीफ की और कहा कि उसके कारण ही यह व्यवस्थित संविधान तैयार हो सका है। इस मौके पर दिया गया उनका समापन भाषण निस्संदेह 20वीं सदी में दुनिया के किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए सबसे महान भाषणों में से एक है।

### अयोध्या में राम मंदिर पर हुए कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

# ध्वजारोहण मात्र यज्ञ नहीं, नए युग की शुरुआत

**अयोध्या, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मंगलवार को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है।

प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान एवं आत्मगौरव का प्रतीक है। योगी ने अपनी बातों का आगाज सियावर रामचंद्र भगवान, माता जानकी, सरयू मैया की जय, भारत माता की जय और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया। मुख्यमंत्री के साथ ही समूचा मंदिर परिसर जय-जयकार से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने भव्य मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले कर्मयोगियों का भी अभिनंदन किया। उन्होंने कहा



हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहत. रीन समन्वय है, यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा

**■ ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजई है**

कि आज का पावन दिन उन पूज्य संतों, योद्धाओं, श्रीरामभक्तों की अखंड साधना-संघर्ष को समर्पित है, जिन्होंने आंदोलन व संघर्ष के लिए जीवन को समर्पित किया। विवाह पंचमी का दिव्य संयोग इस उत्सव को और भी पावन बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में जब नेतृत्व संभाला था, उसी दिन भारतवासियों के मन और हृदय में जिस संभावना, संकल्प व विश्वास का सूर्योदय हुआ, आज वही तपस्या, अनगि. नत पीढ़ियों की प्रतीक्षा आपके कर कमलों के माध्यम से साकार होकर भव्य राम मंदिर के रूप में भारतवासियों एवं सनातन धर्मावलंबियों के समक्ष है। योगी ने कहा कि श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा, सत्य- न्याय एवं राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। यह विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। सभी ने 11 वर्ष में बदलते भारत को देखा है। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहतरीन समन्वय है। यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है। 80 करोड़ लोगों को राशन, 50 करोड़ लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, हर जरूरतमंद को आवास, हर व्यक्ति बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ पा रहा है, तो यह रामराज्य की वह उद्घोषणा है, जिसका आधार विकसित भारत है।

### माघ मेले की सुरक्षा कड़ी बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर रोक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। वही देश की राजधानी दिल्ली में हुए धमाकों के बाद प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर रोक रहेगी। माघ मेला 3 जनवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। मेला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड टीमें लगातार जांच कर रही हैं। बन रहे अस्थाई ढांचों और चल रहे निर्माण कार्यों की बारीकी से जांच की जा रही है। मेले के हर संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा कर्मी पैनी नजर बनाए हुए हैं।

# राहुल-प्रियंका ने गुरु तेग बहादुर की शहीदी दिवस पर किया नमन

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महाचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वें शहीदी पर्व पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान सभी के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सिख धर्म के नौवें गुरु, 'हिद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन। उनके आदर्श, मूल्य, त्याग और बलिदान मानवता के लिए सदैव प्रेरणाोत रहेंगे। कांग्रेस महासि. चव वाड्रा ने कहा कि नौवें गुरु तेग बहादुर जी ने विश्व को शांति और मानवता का रास्ता दिखाया। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा, सिख धर्म के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन। गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवता, सेवा, त्याग, प्रेम और एकता का प्रकाश फैलाकर विश्व को रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा सदैव हम सबका मार्गदर्शन करेंगी।



### मोदी ने गुरु तेग बहादुर को किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर को उनकी शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर हम उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को नमन करते हैं।



**सेंसेक्स 84587.01**
**निफ्टी 25884.80**



**सोना रु. 127190**
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु. 167000**
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट जारी सेंसेक्स 314 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.70 अंक (0.37 प्रतिशत) टूटकर 84,587.01 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 74.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत गिरकर 25,884.80 अंक पर बंद हुआ। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। रियलिटी, बैंकिंग, फार्मा, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों की



कंपनियों में लिवाली देखी गई। दिग्गज कंपनियों के उलट मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.56 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,596 के शेयरों में तेजी और 1,540 में गिरावट रही जबकि 78 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर लाल निशान में और अन्य छह के हरे निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में सबसे अधिक 1.62 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.59 फीसदी, इंफोसिस का 1.25, पावरग्रिड का 0.99, एचडीएफसी बैंक का 0.92 और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 0.82 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, टीसीएस, टाइटन और सनफार्मा के शेयर भी आधा फीसदी से ज्यादा लुढ़क गए। मारुति सुजुकी, एलएंडटी, हिदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# सोने में तूफानी तेजी, चांदी ने भी मारी छलांग

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन के बीच सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तूफानी तेजी आई है। मंगलवार को देश के अलग-अलग शहरों में सोना महंगा हुआ है। राजधानी में सोने की कीमत में 2120 रुपये प्रति ग्राम की बड़ी तेजी आई है।चांदी की कीमत में भी 4000 रुपये प्रति किलो का उछाल आया। 24 कैरेट सोने की कीमत 1910 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ, जिसके बाद इसका भाव 1,27,190 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यूपी की राजधानी लखनऊ में 24 कैरेट सोने का भाव 2120 रुपये के उछाल के बाद 1,27,490 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मेरठ में इसका भाव 1,27,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

बाजार खुलने के साथ आज चांदी 4000 रुपये प्रति किलो महंगा हुआ है, जिसके बाद उसका भाव 1,67,000 रुपये प्रति किलो हो गया। सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों की एक वजह ये भी है कि अब यह निवेशकों की पसंद बन रही है। लोग ज्वैलरी में कम और निवेश के लिहाज से इसकी ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। एचएसबीसी ने अपनी थिंक फ्यूचर्स 2026 रिपोर्ट में कहा है कि गोल्ड की कीमतों में तेजी जारी रहने की संभावना है। इसकी वजह केंद्रीय बैंकों की तरफ से गोल्ड की खरीदारी है। इसके अलावा गोल्ड ईटीएफ में भी निवेश जारी रहेगा। इससे गोल्ड की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। एचएसबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक गोल्ड की कीमतें अभी कंसालिडेशन के फेज में प्रति औंस +4,000 के करीब चल रही हैं। शॉर्ट टर्म में कंसालिडेशन कुछ समय तक जारी रह सकता है। उसके बाद गोल्ड के फिर से रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

# चावल, चीनी में टिकाव, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के भाव स्थिर रहे। चीनी में भी टिकाव रहा। आवक बढ़ने से गेहूं में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,854.80 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और 2,855.62 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दालों में घट-बढ़ रही। उड़द दाल की औसत कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मूंग दाल भी 18 रुपये सस्ती हुई। चना दाल के भाव लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे। मसूर दाल 11 रुपये और तुअर दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 65 रिंगिट फिसलकर 3,990 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 0.67 प्रतिशत टूटकर 50.18 डॉलर बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत भी 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल के भाव 22 रुपये और सूरजमुखी तेल के 37 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वनस्पति 77 रुपये और पाम ऑयल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ, जबकि चीनी की कीमत में टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7868.92 रुपये, मसूर काली 8163.74 रुपये, मूंग दाल 10097.91 रुपये, उड़द दाल 10370.43 रुपये, तूअर दाल 10619.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.62 रुपये और चावल 3854.80 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3307.63 प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़: चीनी एस 4323.02 रुपये और गुड़ 4988.45 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।



# कैप्टन सैंड्रिमा अशोक चुने गए बेस्ट ऑल-राउंड अधिकारी

### कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित, एमओबीसी का सफल समापन

**लखनऊ।** मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-254 के सफल समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी), आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में मंगलवार को एक कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। नौ सप्ताह के इस कोर्स में युवा आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स को इंटेंसिव काम्बैट मेडिकल सपोर्ट ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे वे अपनी ड्यूटी अच्छे से कर सकें और इन युवा प्रोफेशनल्स को यूनिफॉर्म में मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स में बदला जा सके।

इस मौके पर कैप्टन सैंड्रिमा अशोक को कोर्स का बेस्ट ऑल राउंड ऑफिसर चुना गया और उन्हें कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी दी गई। उन्हें फील्ड इवेंट्स में बेस्ट ऑफिसर चुने जाने के लिए भी मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी दी गई। मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि ऑफिसर्स ने ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (एटीएलएस) प्रोवाइडर कोर्स में भी हिस्सा लिया। उन्हें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में सिखाया गया, जो आज की पीढ़ी के युद्धों को आकार दे रही है। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम में त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 34 महिला अधिका. रियों सहित 123 अधिकारी शामिल थे। परेड को सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित किया गया। कोर्स समापन परेड की समीक्षा सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के ऑफिसिएटिंग कमांडेंट मेजर जनरल कंवरजीत सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान 200 से अधिक गौरवान्वित माता-पिता और अधिकारियों के करीबियों के साथ बड़ी संख्या में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा अधिकारियों ने परेड देखी। युवा ऑफिसर्स को संबोधित करते हुए समीक्षा अधिकारी मेजर जनरल कंवरजीत सिंह ने मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-254 के ऑफिसर्स की तरफ से परेड के बहुत अच्छे संचालन के लिए ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज के कमांडेंट और चीफ इंस्ट्रक्टर मेजर जनरल वीके पात्रा की तारीफ की। जनरल ऑफिसर ने कोर्स ऑफिसर्स को उनके शानदार टर्नआउट के लिए भी बधाई दी। उन्होंने ऑफिसर्स को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दिए गए ज्ञान को लगातार अपग्रेड करने और उस पर काम करने की भी सलाह दी।

# राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अफसरों ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के 76वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की, जहां राष्ट्रपति ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए सेवाक. ाल में नवोन्मेषी और आदर्श बने रहने की सलाह दी।

श्रीमती मुर्मू ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए राजस्व संग्रह महत्वपूर्ण है, क्योंकि राजस्व ही बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण का वित्तपोषक है। यही वित्त पोषण राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनता है इसलिए कर संग्रह की सुचारू प्रक्रिया होनी चाहिए, जिसमें करदाता को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी राजस्व सेवा अधिकारी प्रशासक, जांचकर्ता, व्यापार के सुविधा प्रदाता और कानून के प्रवर्तक सहित कई रूप में अपनी भूमिकाएं निभाएंगे। राजस्व अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के प्रहरी हैं। राजस्व अधिकारी तस्करी, वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध व्यापार के खिलाफ देश की रक्षा करते हैं और वैध वाणिज्य और वैश्विक व्यापार साझेदारी को सुविधाजनक बनाते हैं।

### राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह आज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में बुधवार को यहां संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा अन्य मंत्री शामिल होंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि संविधान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय समारोह बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। यह अवसर भारत द्वारा संवैधानिक मूल्यों और लो. कतांत्रिक परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और दोनों सदनों के सांसद इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री बिरला और श्री राधाकृष्णन सभा को संबोधित करेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# निर्माणाधीन फ्लोर की छत गिरी, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा के विवेक विहार थनानातर्गत ज्वाला नगर में मंगलवार सुबह एक निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से इलाके में अफरातफरी मच गयी, शुरुआत में किसी को यह समझ नहीं आया कि ईमारत गिरी है या ईमारत का कोई हिस्सा।



इस हादसे की दिल्ली पुलिस को दो कॉल मिली थीं जिसमे एक में कहा गया था कि ईमारत गिरी गई जबकि दूसरी कॉल में बताया गया था कि ईमारत का निर्माणधीन हिस्सा गिरा है स इस हादसे में एक महिला सहित पांच लोग घायल हुए है, जिनको उपचार के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है स दिल्ली अग्निशमन विभाग को मंगलवार सुबह करीब 9:50 बजे कॉल मिली थीं, जिनमें मकान गिरने और कुछ लोगों के मलबे के नीचे फंसे होने की सूचना दी गई थी। कॉल मिलते ही पांच दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और राहत-बचाव शुरू किया गया।

हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान राजेश (55), राजश्री (55), रोहित (28), इस्माइल (28) और ताहिर के रूप में हुई है। इनमें इस्माइल और ताहिर लेबर हैं, जो मकान की नई मंजिल के निर्माण कार्य में लगे थे। सभी घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक घटना मकान नंबर 239/सी, गली न-6, ज्वाला नगर में हुई, जहां तीन मंजिला इमारत पर चौथी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा था। परिवार के सदस्य अवनीश, पुत्र स्वर्गीय मनबीर सिंह, मौके पर मिले। उन्होंने पुलिस को बताया कि तीसरी मंजिल पर नया हॉल बन रहा था, सुबह अचानक निर्माणधीन छत अचानक भरभराकर गिर गई।

छत गिरते ही नीचे मौजूद लोग इसकी चपेट में आ गए और चीख-पुकार के बीच स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस व दमकल को जानकारी दी।दमकल अधिकारी के अनुसार, मलबे के नीचे किसी और के दबे होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए बचाव अभियान जारी रखा गया। पुलिस ने पूरे ढहे हुए हिस्से को घेरा. बंदी कर लिया है और बचाव कार्य जारी रखा।

## गत वर्षों की तुलना में प्रदूषण स्थिती कुछ न कुछ बेहतर: भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ताओं डा. अनिल गुप्ता एवं नयूमा गुप्ता ने कहा है की निस्संदेह दिल्ली की प्रदूषण स्थिती एक असंतोषजनक स्थिती पर खड़ी है पर यह कहीं ना कहीं अरविंद केजरीवाल की 11 साल की सरकार की प्रदूषण नियंत्रण पर उचित कदम ना उठाने की अपराधिक लापरवाही का परिणाम है। भाजपा प्रवक्ताओं ने कहा है की गत वर्षों की तुलना में दिल्ली की प्रदूषण स्थिती कुछ ना कुछ बेहतर है पर इसमें सुधार के लिए अभी बहुत काम करना होगा। भाजपा प्रवक्ताओं ने कहा है की 'आप' के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज लगातार बेबुनियाद आरोप दिल्ली सरकार पर लगाते हैं जो निंदनीय है। ए.क्यू.आई. जांचने एवं बताने वाली संस्था एक स्वतंत्र संस्था है जिसपर बार बार आरोप लगा कर 'आप' नेता अपनी उस गंदी राजनीति को ही आगे बढ़ा रहे हैं।

# महंगी स्मार्ट घड़ियों को नकली घड़ियों से बदल देते थे, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस की एंटी-बर्गलरी सेल ने चोरों के सिंडिकेट के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 2,50,000 रुपये कीमत की तीन महंगी एप्पल स्मार्ट वॉच और तीन एयर पॉड्स बरामद किए है।कंपनी का डिलीवरी बॉय भी सिंडिकेट का हिस्सा था और आरोपियों को महंगी घड़ियाँ सप्लाई करता था।आरोपी महंगी एप्पल स्मार्ट वॉच और एयरपॉड्स को सस्ते और नकली वाले से बदल देते थे।

दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 15.नवबर को चोरी की घटना की रिपोर्ट की गई थी।शिकायत करने वाले ने आरोप लगाया कि एक डिलीवरी बॉय उमेश (22) ने एक अनजान कस्टमर,के साथ मिलकर 16 एप्पल स्मार्ट वॉच और तीन एप्पल एयरपोर्ड चुरा लिए है, जिनकी कीमत 8,50,000/- रूपये थी।उन्हें नकली वॉच से बदलकर दिया । इस शिकायत पर एसीपी ऑपरेशन राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर विवेक मैंदोला के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने शिकायत करने वाले से पूछताछ करने के साथ साथ डिलीवरी बॉय उमेश और चोरी की गई प्रॉपर्टी की डिटेल्स इकट्ठा कीं। फिर टीम ने डिलीवरी बॉय के बारे में सारी टेक्निकल जानकारी इकट्ठा कर प्रेम नगर, में उसके घर के पास से पकड़ लिया।उसे ऑफिस लाया गया और उससे लंबी पूछताछ की गई, जिसके बाद उमेश की निशानदेही पर मालवीय नगर में एक फ्लैट पर छापा मारा गया, जहाँ दूसरे आरोपी सनी कुमार (23) को गिरफ्तार कर लिया गया।फ्लैट की अच्छी तरह तलाशी ली गई, जिसके बाद किचन में छिपे हुए डिब्बे से तीन एप्पल स्मार्ट वॉच, तीन एयरपॉड और तीन एप्पल चार्जर बरामद किए गए। टीम ने फ्लैट से तीन नकली स्मार्ट वॉच, तीन नकली एयरपॉड और तीन नकली चार्जर भी बरामद किए। पुलिस ने सारा सामान जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस को पता चला कि आरोपी उमेश सितंबर के पहले हफ्ते में बिहार के अंकित और सनी कुमार के संपर्क में आया, जिन्होंने उमेश को महंगी एप्पल स्मार्ट वॉच को नकली वॉच से बदलने की साजिश में फंसाया।आरोपी उमेश को अंकित और सनी कुमार से हर पार्सल के लिए 3500 रुपये मिलते थे।

# मुख्यमंत्री ने आरोग्य मंदिर का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नागरिकों को किफायती, सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शक्ति नगर स्थित एमसीडब्ल्यू सेंटर (मातृत्व एवं शिशु कल्याण केंद्र) से 70 से अधिक 'आयुष्मान आरोग्य मंदिरों' का वर्चुअल तथा प्रत्यक्ष रूप से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इसे दिल्ली की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल बताया। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यक एवं सामान्य दवाओं की निशुल्क उपलब्धता, गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, जरूरी टीकाकरण कार्यक्रम, बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन संबंधी परामर्श तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों से ऑनलाइन टेली-परामर्श जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इस विशेष कार्यक्रम में मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल सहित अनेक स्थानीय प्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक सुविधा सेंटर का दौरा करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की और स्वास्थ्य कर्मियों से विभिन्न सुविधाओं, उपकरणों तथा सेवाओं के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। ये 70 से अधिक नए केंद्र शहर के उत्तर, मध्य, उत्तर-पश्चिम, शाहदरा, पश्चिम, नई दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम, पूर्व, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण और उत्तर-पूर्व सहित लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर नागरिक तक बेहतर, सस्ती और निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं बिना किसी बाधा के पहुंचे। आयुष्मान भारत योजना, जनऔषधि केंद्र, वय वंदना योजना और अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर मिलकर दिल्ली को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि दिल्ली में अब तक लगभग 250 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किये जा चुके है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ करती हुईं।

## एक नजर

### तीन मंजिला इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के नारायणा इलाके में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई, जिससे इमारत की दूसरी और तीसरी मंजिलें ढह गईं। आग की इस घटना में एक व्यक्ति के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने की सूचना सुबह मिली, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही समय में इसने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

### सोशल इनोवेशन अवाईस 2025 के विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली।** इन्फोसिस की समाजसेवी एवं सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने आज आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड्स के चौथे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। 2018 में शुरू किए गए इन पुरस्कारों के तहत ऐसे लोगों एवं टीमों को चिह्नित एवं पुरस्कृत किया जाता है, जो देशभर में लोगों के जीवनस्तर को सुधारने एवं ऊपर उठाने के लिए उल्लेखनीय समाधान दे रहे हैं। ज्यूरी में शामिल रहे: अभिजीत रे, सह-संस्थापक, यूनीटस कैपिटल एंड यूसी इन्क्लूसिव क्रेडिट, एलीना आलम, संस्थापक, मिट्टी कैफे, अपर्णा उप्पालुरी, संस्थापक एवं प्रधान सलाहकार, अंतरा एडवाइजरी, सुमित विरमानी, ट्रस्टी, इन्फोसिस फाउंडेशन, सुनील कुमार धारेश्वर, ट्रस्टी, इन्फोसिस फाउंडेशन। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड्स 2025 के प्रत्येक विजेताओं को उनके प्रभावी इनोवेशन के लिए 50 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई।

### एनसीसीएफ द्वारा मिलेंगी सस्ते दामों पर खाद्य वस्तुएं



**नई दिल्ली।** प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों एवं बाजार में बढ़ती कीमतों के बीच उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत प्रदान करने हेतु भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड द्वारा आवश्यक खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति रियायती दरों पर जारी है। इस पहल के अंतर्गत जनाह ब्रांड के टमाटर 52 प्रति किलोग्राम एनसीसीएफ द्वारा उपलब्ध प्याज 15 प्रति किलोग्राम उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार उपलब्ध है वहीं टमाटर एनसीसीएफ के अपने ब्रांड जनाह के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि प्याज की आपूर्ति उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार के तहत बाजार हस्तक्षेप कार्यक्रम के अनुसार की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं पर बढ़ती कीमतों के प्रभाव को कम करना एवं आवश्यक वस्तुओं की सुलभता और वहनीयता सुनिश्चित करना है। एनसीसीएफ की एमडी अनीस जोसेफ चंद्रा ने कहा कि मोबाइल वैन एवं रिटेल आउटलेट्स निम्न प्रमुख स्थानों पर उपलब्ध रहेंगे।

### सामूहिक गायन का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय ने वंदे मातरम की ऐतिहासिक 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में महाविद्यालय सभागार में एक भव्य और भावपूर्ण सामूहिक गायन का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. योगेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि और महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम कुमरिया भी उपस्थित रहीं। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय दृष्टिकोण की प्रतिध्वनि सुनाई दी। इस राष्ट्रव्यापी आयोजन के उद्घाटन के दौरान उन्होंने इसे ष्एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक स्वप्न और एक गंभीर संकल्पष बताया था। माँ भारती की भावना को पुनर्जीवित करने और भारत के सामूहिक संकल्प को मजबूत करने के प्रधानमंत्री के आह्वान ने कार्यक्रम की मार्गदर्शक प्रेरणा का काम किया।

### वर्ल्ड पाइल्स डे पर 27 को जागरूकता कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड पाइल्स -डे के अवसर पर 27 नवंबर को सर गंगाराम अस्पताल में एक जागरूकता (अवेयरनेस प्रोग्राम) का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर लेप्रोस्कोपी एवं लेजर सर्जरी के बारे में भी बताया जाएगा। ताकि लोगों को इस बीमारी के बारे में जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ विजय आरोरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सुबह लोगों को जो पाइल्स जैसी बीमारी से पीड़ित है। उनको इस कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया जाएगा और रोग के बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी । कार्यक्रम के उपाध्यक्ष डॉ मनीष कुमार गुप्ता ने बताया की पाइल्स रोग अब गंभीर रोग नहीं रहा है। इसमें रोगी कुछ ही दिनों में पूर्णत: सही हो जाता है । कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष डॉ नमन जैन ने बताया की पाइल्स रोगी डॉक्टर के बताए उपचार के अनुसार अगर इलाज करते हैं तो निश्चित तौर पर वह जल्दी ही ठीक हो जाते हैं । डॉ विजय अरोरा ने बताया की अधिक जानकारी के लिए और रजिस्ट्रेशन करने के लिए मोबाइल नंबर 9811047384 पर संपर्क कर सकते हैं।

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ते जीटीबी अस्पताल रोड के फुटपाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक में स्थित जीटीबी अस्पताल दिल्ली सरकार का बड़ा अस्पताल माना जाता है, जिसमे रोजाना हजारों लोग ईलाज के लिए पहुंचते है, अब यह अस्पताल अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा है, अस्पताल के सभी गेटों पर अतिक्रमण इस कदर फैला हुआ है कि एम्बुलेंस या मरीजों के वाहनों को इस अतिक्रमण की वजह से अक्सर देरी होती है स गौरतलब है कि कुछ लोगो ने तो अस्पताल के पास की फुटपाथ को ही पूरा घेर लिया है और जिसपर छोले भटूरे और चाय की दुकान के साथ कपडे बेचने शुरू कर दिए है जिस वजह से लोग इन फुटपाथ पर नहीं चल पाते और सड़क पर ट्रैफिक के बीच चलने को मजबूर है। सवाल यह पैदा होता है कि इस तरह फुटपाथ पर अतिक्रमण करते समय इसके ऊपर कार्रवाई क्यों नहीं हुई और आज भी इस अतिक्रमण को लेकर नगर-निगम और दिल्ली पुलिस ने आंखे क्यों बंद की हई है स सबसे अहम बात है।





जीटीबी अस्पताल की लाल बत्ती के पास गेट न-3 के पास पुलिस पोस्ट बनी हुई है और यह गेट भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ा हुआ है, बाकायदा लोगो ने अपनी रेहड़ियों के साथ फ्रिज और अन्य सामान स्थाई रूप से रखकर फुटपाथ को बिल्कुल बंद कर दिया है स इसी तरह जीटीबी अस्पताल के गेट न-7 के पास बनी फुटपाथ पर लोगो ने खाने-पीने के खोखे लगा रखे है,पुरे फुटपाथ पर इस कदर अतिक्रमण किया हुआ है,कि वहां से निकलना मुश्किल है। इनके अलावा अस्पताल के जो गेट बंद है उनके बाहर रेहड़ियों वालो ने पूरा कब्जा किया हुआ है।

गौरतलब है जीटीबी अस्पताल परिसर से लगकर खुलेआम बीड़ी-सिगरेट और गुटखा तम्बाकू बेचा जा रहा है जो कानून व्यवस्था पर सवाल खडे करता है, किसी भी अस्पताल परिसर के पास तम्बाकू और नशे का सामान की बिक्री पूरी तरह प्रतिबन्धित होती है।

हालांकि शाहदरा जिला विकास समिति की बैठक में अतिक्रमण को लेकर चर्चा हुई थीं और समिति अध्यक्ष जितेंद्र महाजन ने जिले में और जीटीबी अस्पताल के पास फैले अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को बोला था, जिसके बावजूद अभी तक जीटीबी अस्पताल अतिक्रमण से मुक्त नहीं हो पाया है।

# भगवान की महिमा से जीवन होता है धन्य : साध्वी ऋतंम्भरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हैल्पिंग हैंड सोशल वैलफेयर ट्रस्ट और श्री हरिदर्शन सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एमटीएनएल ग्राउंड, यमुना विहार में आयोजित भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में परम साध्वी ऋतंम्भरा दीदी ने कहा,कि आज हम सभी का परम सौभाग्य है,कि आज जहां इस पुण्य भूमि पर मुझे कथा श्रवण कराने का सुअवसर मिल रहा है,वही मेरे प्रभु की पावन श्रीराम जन्मभूमि पर युगो युगांतर के लिए आज धर्मध्वजा पताका फहरा दी गई है।

हजारों की संख्या में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी ऋतंम्भरा ने कहा,कि मंदिर निर्माण का दिव्य स्वप्न करोड़ों हिन्दुओं के लिए महा उत्सव था और मैं स्वयं उस आंदोलन से जुडी थी, लेकिन आज मैं गर्व से कहती हूं,कि मां भारती व परमपूज्य गुरुदेव स्वामी परमानंद जी महाराज के पुण्य आशीर्वाद से हम सभी भगवान श्री राम के भव्य निर्माण के संकल्प को पूरा कर सके।

उन्होंने भक्त प्रह्लाद के चरित्र,वामन अवतार की महिमा के साथ साथ भगवान श्री राम और कृष्ण की लीलाओं का भी साकार स्वरूप हजारो श्रद्धालुओ को साक्षात्कार कराया। कथा के आयोजक सतीश गर्ग, सत्यनारायण बंसल आदि ने बताया,कि आज के प्रसंग के समापन पर प्रसाद वितरण कर दीप प्रज्जवलन दीदी साध्वी ऋतंम्भरा जी के सानिध्य में किए गए।



फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी के साथ शबाना अजीम लोकसभा सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी से मुलाकात कर उन्हें फेस नेशनल हैल्थ अवार्ड 2025 का औपचारिक निमंत्रण सौंपते हुए।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया संविधान रत्न अवॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत मंच द्वारा आयोजित संविधान रत्न अवार्ड समारोह कांस्टीट्यूशन क्लब, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ स देश के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।





समारोह में शिक्षा, प्रशासन, पुलिस, कानूनी क्षेत्र और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों की उपस्थिति रही।इस समारोह के मुख्य अतिथि भारत के 37वें मुख्य न्यायाधीश जस्टिस केजी बालाकृष्णन, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम जाजू, आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के पूर्व प्रेसिडेंट डॉक्टर सी.के. खन्ना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अतिथियों ने सम्मानितों के योगदान की सराहना की और समाज में उनके कार्यों को प्रेरणादायक बताया। भारत मंच ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि इस मंच के माध्यम से उन व्यक्तियों को सम्मानित किया गया है, जो देश में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं और संविधान का पालन सुनिश्चित कर रहे हैं। इस समारोह में सम्मानित होने वाले प्रमुख व्यक्तियों में जया मिश्रा, एसीपी संदीप मल्होत्रा (दिल्ली पुलिस), एडवोकेट काजल सेहरावत और अजय गुप्ता (वाइस प्रेसिडेंट, द्वारका डिस्ट्रिक्ट, विश्व हिंदू परिषद) शामिल थे।

# ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी के लिए डीजीएस डिस्क से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ हेडक्वार्टर में हुए एक समारोह में, सीआईएसएफ के डायरेक्टर जनरल ने ऑपरेशन सिंदूर में असाधारण साहस और बेहतरीन ऑपरेशनल परफॉर्मेंस के लिए 19 सीआईएसएफ कर्मियों को प्रतिष्ठित डीजीएस डिस्क से सम्मानित किया। यह सम्मान मई 2025 में सीमा पार दुश्मनी के एक अहम दौर के दौरान जम्मू और कश्मीर में उरी हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट्स की सुरक्षा में उनकी अहम भूमिका को मान्यता देता है।





ऑपरेशन सिंदूर, जिसे भारतीय सेना ने बीते 06-07 मई की रात को चलाया था, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल के पार एक आतंकवादी ठिकाने को निशाना बनाया। लाईन ऑफ कंट्रोल से से बस कुछ किलोमीटर दूर, एनएचपीसी इंस्टॉलेशन पर सीआइएसएफ यूनिट्स इस अचानक हुई बढ़ोतरी में सबसे आगे थीं।दुश्मन की भारी फायरिंग और अपनी जान को गंभीर खतरे के बावजूद, जवानों ने बहुत हिम्मत, धैर्य और प्रोफेशनलिज्म दिखाया। कमांडेंट रवि यादव के नेतृत्व में, डिप्टी कमांडेंट मनोहर सिंह और असिस्टेंट कमांडेंट सुभाष कुमार के अच्छे सपोर्ट के साथ, टीमों ने इंस्टॉलेशन और आस-पास की टाउनशिप को बचाने के लिए तेजी से बचाव के उपाय शुरू किए। उन्होंने आने वाले शेल के रास्तों का रियल-टाइम एनालिसिस किया, सुरक्षित जोन की पहचान की और लोगों को बंकर शेल्टर में शिफ्ट करने का इंतजाम किया। जैसे ही शेल रिहायशी कॉम्प्लेक्स के पास गिरे। जवानों ने घर-घर जाकर आम लोगों को निकाला - जिसमें औरतें, बच्चे, एनएचपीसी के कर्मचारी और उनके परिवार शामिल थे। अक्सर लगातार हो रही गोलाबारी के बीच। उनके तुरंत और बिना डरे कामों से लगभग 250 आम लोगों को सुरक्षित निकाला गया, जिससे किसी भी तरह का नुकसान होने से बचा। जब गोलियां खतरनाक तरीके से जगह के पास गिरीं, तब भी जवानों ने बंकरों को मजबूत करना, पॉलनेट और सैटेलाइट सिस्टम के जरिए कम्युनिकेशन लाइनें बनाए रखना और इमरजेंसी मदद देना जारी रखा। बातचीत के सबसे मुश्किल दौर में जवानों ने ठिकानों को निशाना बनाने वाले दुश्मन ड्रोन को नाकाम कर दिया और हथियारों को तेजी से बांटकर हथियारों के भंडार को सुरक्षित किया ताकि नुकसान होने से रोका जा सके। पूरे संकट के दौरान, उनकी सतर्कता और तैयारी की वजह से जरूरी राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा बनी रही।

# पंचवटी प्लांटेशन सेवा का हुआ प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इन्फिनिटी ग्रुप की पहल कृष्णा भूमि आर्केड उत्तर प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा ब्रज तीर्थ विकास परिषद के साथ साझेदारी में, आज श्री बिहारी पंचमी पंचवटी महोत्सव 2025 पर 140 एकड़ के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन क्षेत्र में 108 पंचवटी क्लस्टर (540 पवित्र वृक्ष) के प्लांटेशन का शुभारंभ किया, यह आयोजन ऐतिहासिक कुंभ पूर्व वैष्णव बैठक स्थल, वृंदावन धाम में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, वन संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश सरकार ख्र तथा ग्रैमी पुरस्कार विजेता और पद्म भूषण सम्मानित पंडित विश्व मोहन भट्ट (मोहन वीणा के निर्माता) और तंत्री सम्राट पंडित सलील भट्ट (सतविक वीणा के निर्माता) ने किया, जिनके साथ प्रतिष्ठित पंडित अजय प्रसन्ना, तीन बार ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामित, उपस्थित रहे।

श्रोताओं को संबोधित करते हुए, इन्फिनिटी ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, रविंद्र चमड़िया ने कहा,"ब्रज केवल आध्यात्मिक महत्व का क्षेत्र नहीं है, यह एक पारिस्थितिक विरासत है जो हजारों वर्षों की सांस्कृतिक स्मृतियाँ संजोए हुए है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने ड्यूकैट स्कूल ऑफ एआई का औद्योगिक भ्रमण किया आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वारा नोएडा स्थित ड्यूकैट स्कूल ऑफ एआई ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता में महत्वपूर्ण औद्योगिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग तथा आधुनिक सॉफ्टवेयर विकास प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया, जिससे वे उद्योग में उपयोग होने वाली वास्तविक कार्यप्रणालियों को समझ सके। ड्यूकैट स्कूल ऑफ एआई के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों, एआई टूल्स, करियर संभावनाओं,



प्रायोगिक डेमो तथा तकनीकी कौशलों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। सत्र की संवादात्मक शैली ने विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक समझ से जोड़ने में अत्यंत सहायक सिद्ध किया।चांसलर महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों को उद्योगोन्मुख एवं कौशल-आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है, ताकि उन्हें नवीनतम तकनीकों और वास्तविक कार्य परिवेश का अधिकतम अनुभव प्राप्त हो सके। प्रो-चांसलर पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण कक्षा में प्राप्त ज्ञान और वास्तविक उद्योगगत अनुप्रयोग के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय आगे भी नवाचार-उन्मुख कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा। वाइस चांसलर प्रो. (डा.) प्रसेनजीत कुमार ने आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को ऐसे अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम अनुसंधान क्षमता, नवाचार और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देते हैं।

डीन अकैडमिक्स प्रो. डॉ. ए. शनमुगनाथन जी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों को उत्साहित किया और उन्हें सलाह दी कि वे इन अवसरों का उपयोग अपनी क्षमताओं को निखारने, दृष्टिकोण को व्यापक बनाने तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए करें। वाइस प्रिंसिपल एवं प्रॉक्टर संदीप सिंह ने कहा कि इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को एआई आधारित तकनीकों, उद्योग की अपेक्षाओं और भविष्य के करियर अवसरों के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदान की, जो उनके पेशेवर विकास में अत्यंत सहायक होगी। इस औद्योगिक भ्रमण में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संकाय (कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग) समन्वयक मिस मानसी एवं आशिष शर्मा ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समग्र रूप से यह औद्योगिक भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक, संवादात्मक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिसने विद्यार्थियों में उभरती हुई एआई तकनीकों की व्यावहारिक समझ को और अधिक मजबूत किया।

## 14 दिसम्बर को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**गाजियाबाद।** जनपद में एक बार फिर से पल्स पोलियो अभियान शुरू होने जा रहा है। इस बार 14 दिसंबर को बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। हालांकि पिछले कई वर्ष से देश में पोलियो का कोई केस नहीं मिला है। विभाग के पास फिलहाल 3.92 लाख डोज पोलियो वैक्सीन उपलब्ध है। जबकि मेरठ से बुधवार तक 3.57 लाख डोज और आने की उम्मीद है।

इस बार 7.50 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य तय किया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नीरज अग्रवाल का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तरीय योजना बना ली गई है।

## दो भवन मालिकों पर लगाया 20-20 हजार जुर्माना

**गाजियाबाद।** जनपद में बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए जीडीए अवैध रूप से निर्माण सामग्री एकत्र करने वालों पर कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में एनजीटी के आदेश का उल्लंघन करने पर जीडीए ने मंगलवार को दो भवन मालिकों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को विजयनगर के सेक्टर नौ में ए 627 के भवन मालिक सुरेंद्र चौधरी और न्यू पंचवटी में बी-271 के भवन मालिक राघव गोयल पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि जीडीए की प्रवर्तन टीम सभी जोन में निरीक्षण कर रही है।

## नशे में जमकर हुड़दंग कर रहे युवक ने दरोगा को दिया धक्का

**मोदीनगर।** नगर की निवाड़ी रोड पर सोमवार रात एक युवक ने नशे में जमकर हुड़दंग मचाया। सूचना पर मौके पर पहुंचे दरोगा को भी युवक ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। नगर की निवाड़ी रोड पर सोमवार रात करीब दस बजे एक युवक शराब पीकर हंगामा करने लगा।

बताया जा रहा है कि युवक आते-जाते लोगों के साथ अभद्रता और मारपीट कर रहा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे दरोगा को भी युवक ने धक्का दे दिया। धक्का देने से वहां से निकल रही कार पर दरोगा जा गिरे।

गनीमत यह रही है कि कार की रफ्तार कम थी,जिस कारण हादसा होने से टल गया। इसके अलावा युवक ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्रता की। बताया जा रहा है कि धक्कामुक्की में दरोगा का मोबाइल भी टूट गया।

किसी ने हंगामा का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि, हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। एसीपी ने बताया कि हुड़दंग करने वाले ने अपना नाम लक्षित शर्मा निवासी स्टाफ क्वार्टर्स बताया। आरोपी का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया गया है।

## समरकूल चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने डीएम से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता ने गाजियाबाद के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदार से एक सार्थक मुलाकात की। संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि कुछ महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जिलाधिकारी महोदय से बहुत ही सार्थक मुलाकात हुई है।

## लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदान का अधिकार: वरुण शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** मतदान का अधिकार ही लोकतंत्र में हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हमें इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए ऐसा कहना है कौशांबी निवासी और युवा भाजपा कार्यकर्ता वरुण शर्मा का। मतदान का अधिकार सभी में एक समानता का भाव लेकर आता है। चाहे अमीर हो गरीब हो कोई भी भाषा बोलता या किसी भी धर्म को मानने वाला व्यक्ति हो लोकतंत्र में सबके मतदान का एक समान महत्व होता है।

अभी वर्तमान में चल रहे गहन मतदाता निरीक्षण अभियान में वार्ड 72 विशेष कर कौशांबी क्षेत्र मैं सबसे ज्यादा सक्रिय रहने वाले और सभी बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर अधिक से



अधिक फॉर्म भरे जाएं ऐसा सुनिश्चित करने वाले वरुण शर्मा का कहना है क्षेत्र के मतदाता बेहद जागरूक है और अपने मतदान के अधिकार को किसी भी हाल में खोना नहीं चाहते हैं इसीलिए हमें क्षेत्र से बेहद अच्छा सहयोग मिल रहा है।

ज्यादातर टॉवर्स में फहअ के प्रतिनिधि बेहद सहयोग कर रहे हैं मानो सब में आपस में एक बड़ी अच्छी प्रतिस्पर्धा है की कौन सा टावर अपने अधिक से अधिक मतदाता रजिस्ट्रेशन करवाता है। एक विशेष अनुभव का जिक्र करते हुए वरुण शर्मा ने बताया की कैलाश टॉवर में रहने वाले आनंदोय चकलध विशेष रूप से दुगापुर पश्चिम बंगाल से अपने और परिवार के फॉर्म भरने के लिए आयेजिससे की वो बाकियो को भी इस काम के लिए प्रेरित कर सके। वरुण शर्मा ने इस अभियान मे सहयोग करने के लिए अशोक परवाल, केवल सेठी, लक्ष्मीकांत चानना, डॉ आचार्या कृति शर्मा, प्रभा सिंह, भाजपा मंडल मंत्री कामिनी भदौरिया, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पूजा मेहरा, सुधीर शर्मा, विवेक, रघुवर दत्त भट्ट का धन्यवाद करते हुए उनके सहयोग को एक बड़ी राष्ट्र सेवा बताया। कौशांबी वासियों ने भी इस अति महत्वपूर्ण अभियान में वरुण शर्मा की भूमिका को बेहद सराहा और बताया की किस तरह वो हमेशा ही राष्ट्र और संगठन के काम के लिए सबसे पहले आगे आते हैं और प्रभावी काम करके दिखाते हैं।

## घरेलू सहायिकाओं के लिए 15 हजार रुपये न्यूनतम वेतन करने की मांग

**गाजियाबाद।** घरेलू कामगार समिति ने घरेलू सहायिकाओं के लिए न्यूनतम वेतन 15 हजार रुपये प्रति माह देने की मांग की है। साथ ही घरेलू कामगार बिल 2017 के मुताबिक सहायिकाओं को पंजीकृत करने की भी मांग की है। मॉडल टाउन में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के अध्यक्ष कर्नल (सेवानिवृत्त)टीपी त्यागी ने कहा कि भारत सरकार ने पहले 2008 में और फिर 2010 में घरेलू कामगार एक्ट बनाया परंतु बाद में 2017 में एक घरेलू कामगार बिल आया। यह बिल अब तक भी एक्ट नहीं बन सका है। उन्होंने कहा कि घरेलू साहियिकाओं को अक्सर कम वेतन दिया जाता है और काम ज्यादा लेते हैं। कई बार शारीरिक शोषण भी होता है। कहा कि घरेलू कामगार समिति इन्हें शोषण से बचाएगी। वहीं, समिति की अध्यक्ष मोनिका कश्यप ने मांग की कि घरेलू साहियिकाओं को कम से कम वैधानिक अकुशल श्रमिक की तरह समझा जाए, वेतन न्यूनतम 15 हजार प्रतिमाह हो और 2017 बिल के मुताबिक सहायिकाओं का अनिवार्य रूप से पंजीकरण भी होना चाहिए। समिति सचिव आरती देवी, उपाध्यक्ष नीतू कश्यप, कोमल कुमारी, प्रियंका देवी, आशा देवी, मंजू देवी, गुड़िया देवी, मधु, प्रियंका पासवान, शहनाज, पिंकी मौजूद रहीं।

## शिव सेना ( यूबीटी ) की कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे उप्र के पश्चिमी उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे पदेश पदाधिकारी मण्डल प्रमुख, जिला प्रमुख व महानगर प्रमुखों की बैठक पाण्डव नगर इण्ड0 एरिया स्थित सुख सागर फार्म हाऊस में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने की तथा संचालन पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी महेश कुमार आहूजा जी ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी हिन्दुत्व को आधार बनाकर आम नागरिकों की सेवा के लिए कार्य करते हुए, उन्हें संगठन से जोड़कर चल रहे शिव सेना सदस्यता अभियान को गति देने का कार्य करें, साथ ही मुम्बई में होने जा रहे बी0एम0सी0 चुनावों में वहाँ प्रवासी के रूप में ठहर रहे उत्तर भारतीयों से सम्पर्क कर शिव सेना यू0बी0टी0 के पक्ष में मतदान के लिए सम्पर्क बनाकर रखें ताकि




बी0एम0सी0 में बहुमत से संगठन के पार्षद पहुँच सके और मुम्बई बी0एम0सी0 पर शिव सेना यू0बी0टी0 का भगवा ध्वज फिर एक बार फहर सकें। गऊ हत्या बन्द कराने एवम् गऊ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलवाने का आवाहन किया। साथ ही साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार उपलब्ध कराने पर भी बल दिया गया। बैठक में प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर न योगेन्द्र शर्मा व प्रदेश संगठक मनोज सैनी, मुरादाबाद मण्डल प्रमुख आर0के0 आर्य, मेरठ जिला प्रमुख संदीप गर्ग, अलीगढ़ से मांगे. राम शर्मा जिला प्रमुख, अशाक पुण्डीर बुलन्दशहर जिला प्रमुख, तेजवीर शर्मा शामली, नीरज रोहिला सहारनपुर, बुलन्दशहर जिला प्रमुख संजय राणा आदि उपस्थित रहे।

## सदरपुर गांव के पास तालाब किनारे घूमने के लिए बनेगा ट्रैक

**गाजियाबाद।** सदरपुर गांव के पास वाले करीब 12 हजार वर्ग मीटर तालाब का सौंदर्यीकरण होगा। इसकी चार दीवारी कर रिटेनिंग वॉल बनेगी। साथ ही तालाब के किनारे मिट्टी डालकर घूमने के लिए ट्रैक बनेगा, जिसपर लोग सुबह शाम सैर कर सकेंगे। इसपर करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे।

मधुबन बापूधाम योजना के पॉकेट-ई से सटे सदरपुर गांव के पास तालाब है। बरसात के दौरान तालाब का पानी खारी भूखंड व सड़क पर बहने लगता है,जिससे क्षेत्र में रहने वाले लोगों को दिक्कत होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए अब प्राधिकरण तालाब के चारों ओर रिटेनिंग वॉल बनाकर लोगों के लिए सुरक्षित और सुंदर बनाया जाएगा।

ताकि बरसात के मौसम में पानी ओवरफ्लो न हो और आसपास के प्लाटों में न भरे। साथ ही पानी की निकाली के लिए एक नाली का निर्माण किया जाएगा। तलाब के किनारों पर मिट्टी डालकर ट्रैक बनेगा, जिसपर लोग सुबह व शाम को सैर कर सके।

जीडीए अधिकारियों का दावा है कि इसके लिए जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिसपर करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही ये सभी कार्य बरसात से पहले होने की उम्मीद है।

## सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में दयावती पब्लिक स्कूल के छात्र ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** 21 और 22 नवंबर 2025 को उत्तम पब्लिक स्कूल (गर्ल्स), गाजियाबाद में सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी-2025 का आयोजन हुआ। इस वर्ष प्रदर्शनी का विषय 'विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए 'विज्ञान संकाय' (STEM) रखा गया था, जिसने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित महत्व को रेखांकित किया।

इस प्रतिष्ठित आयोजन में कुल 68 स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय के आकर्ष ने अपने प्रोजेक्ट्स का




प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी की कक्षा VII-VIII श्रेणी में, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के छात्र आकर्ष को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेता घोषित किया गया। आकर्ष ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता से जजों को प्रभावित किया और क्षेत्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा ने कहा कि यह प्रदर्शनी युवा छात्रों में वैज्ञानिक चेतना और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्कूल प्रबंधन और उपप्रधानाचार्या डॉ गुरमीत गुप्ता ने भी सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## महिपाल ने हाफ मैराथन में जीता स्वर्ण पदक

**गाजियाबाद।** तमिलनाडु स्थित आरके बीच रोड विशाखापट्टनम पर एसबीआई ग्रीन हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में जनपद के महिपाल सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल कर नाम रोशन किया।

उन्होंने मैराथन में 55 प्लस आयुवर्ग में भाग लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। 300 खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने 21.09 किमी. की मैराथन एक घंटा 31 मिनट में पूरी की। अब 30 नवंबर को वह कलकत्ता में होने वाली जेबीजी हॉफ मैराथन में प्रतिभाग करेंगे।

### सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मौहम्मद असलम कुरैशी ने

## लोगों से एसआईआर के फार्म भरवाकर किये जमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष मौहम्मद असलम कुरैशी के द्वारा लगातार अपने बूथ पर बैठकर एस.आई.आर फॉर्म जो भी बीएलओ द्वारा लोगों को दिए गए हैं। उन फार्मो को भरकर सबमिट करते हुए लोगों की समस्याओं को हल करते हुए लगातार 2 दिन से अपने बूथ पर बैठकर जनता की समस्याओं को हल कर रहे हैं। उनके फार्म में आ रही कोई भी अड़चन ऑनलाइन वोटर लिस्ट आए एवं फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं को दूर कर रहे हैं और सही से फॉर्म भरकर बीएलओ को जमा कर रहे है।



## स्कूटी में बस ने शिक्षिका को मारी टक्कर, मौत

**गाजियाबाद।** आरकेजीआईटी कॉलेज की शिक्षिका महिमा की स्कूटी में बस ने टक्कर मार दी। इससे असंतुलित हुई स्कूटी से शिक्षिका सड़क पर गिर गई। सड़क पर सिर लगने से शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें संजयनगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने महिमा को मृत घोषित कर दिया। उधर स्कूटी चला रहे उनके सेवानिवृत पिता प्रभाकर शर्मा मामूली रूप से चोटिल हुए हैं।

## 14वीं मंजिल से गिरकर बैंक मैनेजर की मौत हादसा या सुसाइड में उलझी पुलिस

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की ऑफिसर्स सिटी-1 सोसाइटी में सोमवार रात तेज धमाके जैसी आवाज आई। सुरक्षा कर्मियों ने पार्किंग क्षेत्र में एक व्यक्ति को गंभीर हालत में पड़ा देखा। बाद में पहचान हुई कि वह 40 वर्षीय रोहित बत्रा हैं, जो बैंक आफ इंडिया की हापुड़ शाखा में ब्रांच मैनेजर के तौर पर कार्यरत थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रोहित मूल रूप से बुलंदशहर के निवासी थे और इसी सोसायटी की सातवीं मंजिल पर उनका एक फ्लैट है, जिसे वह किराए पर देकर स्वयं कहीं और रहते थे। सोमवार शाम वह सीधे 14वें फ्लोर पर पहुंचे थे, जहां से गिरने की घटना हुई। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह वहां क्यों गए थे और घटना दुर्घटना थी, आत्महत्या या इसके पीछे कोई और कारण।

## आईटीएस में फ्रेशर्स पार्टी एसपरेंजा का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी साइंस मोहननगर में एमसीए पाठ्यक्रम के नव प्रवेशी छात्रों के लिए संस्था के द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा फ्रेशर्स पार्टी एसपरेंजा का भव्य आयोजन किया गया। आईटीएस समूह के वाईस चौर्मन अर्पित चड्ढा ने अपने सन्देश में कहा कि हमारे नए एमसीए छात्रों के लिए आयोजित यह फ्रेशर पार्टी उनकी नई शुरुआत का उत्सव है।

आईटीएस में हम हमेशा विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण प्रदान करने का प्रयास करते हैं जहाँ वे शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और नवाचार की सोच विकसित कर सकें।




कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन आईटीएस निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडेय, एमसीए पाठ्यक्रम की कोऑर्डिनेटर प्रो स्मिता कंसल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर आईटीएस समूह के चेयरमैन ने इस आयोजन के लिए हर्ष व्यक्त किया तथा नवागंतुकों को उनके सफल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

आईटीएस मोहन नगर, गाजियाबाद के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडेय ने छात्रों को शुभकामनायें देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम नवप्रवेशी छात्रों को अपने वरिष्ठ सहपाठियों से मिलने एवं एक दूसरे को समझने तथा स्वस्थ टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने सभी छात्रों के उज्जवल तथा प्रकाशमय भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में रंगा. रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, फैशन शो, प्रतिभा प्रदर्शन तथा विभिन्न इंटरएक्टिव गतिविधियों ने पूरे आयोजन को उत्साहपूर्ण बना दिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और ऊर्जा से कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल की संस्तुति के आधार पर एमसीए प्रथम वर्ष के सौरभ बिराजी। एवं उन्नति रस्तोगी को मिस्टर फ्रेशर एवं मिस0 फ्रेशर घोषित किया गया तथा वंश वशिष्ठ तथा अक्षिता शर्मा को मिस्टर ईव तथा मिस ईव के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमसीए पाठ्यक्रम के छात्र एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने शहीदी दिवस पर ध्वज यात्रा को किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य 'हिंद की चादर' पवित्र ध्वज यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भव्य यात्रा गुरुद्वारा सीसगंज साहिब से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा आनंदपुर साहिब (पंजाब) तक जाएगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु गुरु जी की शिक्षाओं, आदर्शों और धर्म की रक्षा के प्रति उनके अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी संगत (श्रद्धालुओं) को नमन किया और कहा कि गुरु जी की कृपा हम सभी पर सदैव बनी रहे और सभी का जीवन सुख, समृद्धि और शांति से परिपूर्ण हो। उन्होंने ध्वज यात्रा पर जाने वाली बस को फ्लैग ऑफ करने से पहले गुरु साहब को नमन कर उनका आशीर्वाद लिया और सभी यात्रियों के लिए मंगल कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल श्री गुरु तेग बहादुर जी के अदम्य साहस और त्याग की याद दिलाता है, बल्कि हमें उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने और समाज में धर्म, शांति तथा समानता की भावना को बनाए रखने की प्रेरणा भी देता है।उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान न केवल सिख धर्म के लिए, बल्कि पूरी मानवता और सत्य के मूल्यों की रक्षा के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। उन्हें 'हिंद की चादर' कहा जाता है क्योंकि उन्होंने देश की धार्मिक स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं और नागरिकों से अपील की कि वे गुरु जी के आदर्शों का पालन करते हुए समाज में भाईचारे और सहिष्णुता का संदेश फैलाएं। मुख्यमंत्री ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु जी की कृपा हम सभी पर सदैव बनी रहे और प्रत्येक जीवन सुख, समृद्धि और शांति से परिपूर्ण हो। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने जयकारे लगाए 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' के उद्घोष के साथ यात्रा को आगे बढ़ाया।

## दुष्कर्म के बाद महिला को फेंका आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सिविल लाइंस इलाके के मजनू का टीला इलाके में एक व्यक्ति ने महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया फिर जमकर पीटा। इसके बाद आरोपी ने महिला को अर्धनग्न हालत में सड़क पर फेंक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब पीड़िता को देखा तो उसके प्राइवेट अंगों से खून निकल रहा था। पीड़िता को महिला बस अड्डे के पास स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालात गंभीर बनी हुई और बयान देने की स्थिति में नहीं है। चेहरे पर गहरे घावों के चलते आंखों की रोशनी जाने की आशंका है। उत्तरी जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी युवक कन्नू (36) इस महिला को 22 नवंबर को अपने घर लेकर आया था। बताया जा रहा है कि यहां उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बेरहमी से मारपीट की।

# व्यापार मेले में झारखंड दिवस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित 44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड पवेलियन में झारखंड दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर झारखंड के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने प्रदेश की समृद्ध परंपराओं, आदिवासी सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा की इस प्रस्तुति को विशेष रूप से सराहा, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई।

नाट्यशाला थिएटर में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में झारखंड के लोक कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत और विरासत से सजी इन प्रस्तुतियों ने झारखंड की सांस्कृतिक विविधता को प्रभावशाली रूप में उजागर किया। मुख्य सचिव अविनाश कुमार



ने पवेलियन पहुँचकर सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ किया।

इसके बाद उन्होंने पवेलियन में लगे सभी 32 स्टॉलों का अवलोकन किया, जहाँ उन्होंने राज्य के कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रस्तुत उत्पादों की सराहना की। उन्होने कहा कि झारखण्ड राज्य भी इस फेयर में अपने विकास को प्रदर्शित कर रहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

हमारी संस्कृति, परंपरा और विकास मॉडलख़्तीनों को समान प्राथमिकता देते हुए हम शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल, तकनीक और हवाई कनेक्टिविटी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आधुनिक और उपयोगी इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से विकसित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य झारखंड को एक सक्षम, समृद्ध और भविष्य-उन्मुख राज्य के रूप में स्थापित करना हैष्।

25 वा झारखण्ड दिवस समारोह के अवसर पर प्रगति मैदान का एम्फीथियेटर झारखंड की लोक-सांस्कृतिक रंगत से गुलजार रहा। दर्शकों ने झारखंड की विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया, जिनमें झारखण्ड के तपन नायक और टीम का छऊ नृत्य, किशोर नायक और टीम का नागपुरी नृत्य, सुखराम पहन और टीम का मुंडारी नृत्य , कृष्ण भगत और टीम का उरांव नृत्य और अशोक कच्छप का पाइका नृत्य ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

इस अवसर उद्योग सचिव आरवा राजकमल, उद्योग निर्देशक श्री विशाल सागर तथा अन्य पदाधिकारी भी माजूद रहे।

# ऑनलाइन अपमानजनक कंटेंट अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने महिला के खिलाफ फेक इंस्टाग्राम प्रोफाइल अकाउंट बनाने, ऑनलाइन स्टॉकिंग, साइबर बुलिंग और अपमानजनक कंटेंट अपलोड करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि जिले के साइबर थाने को मिस ए से एक शिकायत मिली, जिसमें उसने बताया कि एक अनजान आदमी ने नकली इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया और उसकी तस्वीरों के साथ नकली, बदनाम करने वाला और बेइज्जती वाला कंटेंट अपलोड किया। शिकायत करने वाले को मोबाइल नंबर से एक कॉल भी आया, जिसमें कॉल करने वाले ने कहा कि वह उसकी प्रस्तावित शादी तोड़ देगा, बेइज्जती वाला कंटेंट फैलाएगा, और उसे और उसके परिवार को परेशान करता रहेगा। शुरुआती जांच के बाद,साइबर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन दिनेश कुमार की देखरेख में एसएचओ साइबर गो. विंद सिंह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान टीम ने दर दो इंस्टाग्राम आईडी और दो जीमेल अकाउंट की पहचान कर वेरिफाई किया गया। टेक्निकल एनालिसिस से पता चला कि सभी अकाउंट शिकायत में बताए गए एक ही मोबा. इल नंबर से बनाए गए थे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शहीदी दिवस पर आयोजित पवित्र ध्वज यात्रा को झंडा दिखाकर रवाना करती हुई।

# दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर ट्रेनों की बढ़ेगी रफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेलवे ने दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर मालगाड़ियों और ट्रेनों की अधिकतम गति 160 से 200 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत तुगलकाबाद में प्रस्तावित 2◦25 केवी ट्रैक्शन पावर सब-स्टेशन का काम जल्द शुरू किया जाएगा। यह पूरे अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा है और तेज रफ्तार ट्रेनों के लिए मजबूत विद्युत आपूर्ति और अत्याधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम अनिवार्य है।

दिल्ली-मुंबई रेलखंड करीब 1384 किलोमीटर लंबा है। इसे देश का सबसे व्यस्त और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण कॉरिडोर माना जाता है। यहां ट्रेनों की औसत स्पीड 100-130 किलोमीटर प्रति घंटा के बीच है। इस परियोजना के तहत ट्रैक की गति क्षमता को 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक अपग्रेड किया जा रहा है, जिससे 200 की गति प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस ट्रैक पर न केवल लंबी दूरी की ट्रेनें तेज दौड़ेंगी बल्कि मालगाड़ियां भी तेज रफ्तार से माल ढुलाई कर सकेंगी।

इस परियोजना का आधार मजबूत करने के लिए अपग्रेडेशन के तहत ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम और इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर किया जा रहा है। तुगलकाबाद का टीपीएसएस प्रोजेक्ट इसी का हिस्सा है, जो हाई वोल्टेज पावर सप्लाई सुनिश्चित करेगा और ट्रेनों को बिना रुके तेज स्पीड पर चलाने में मदद करेगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए तीन महीने का लक्ष्य रखा गया है।दिल्ली से मुंबई के बीच अभी सबसे कम समय में नई दिल्ली-मुंबई राजधानी करीब 16 घंटे में पहुंचती है। ट्रैक की गति क्षमता बढ़ने से यह दूरी लगभग 12 घंटे में तय होगी। इस कॉरिडोर पर अपग्रेडेशन पूरा होने के बाद वंदे भारत जैसी सेमी-हाई स्पीड ट्रेनों के संचालन का रास्ता भी साफ हो जाएगा। रेलवे ने परियोजना को 'मिशन रफ्तार' के तहत शामिल किया है। इसका उद्देश्य प्रमुख रेल मार्गों पर ट्रेनों की औसत गति में वृद्धि करना है। इस कॉरिडोर पर मालगाड़ियों की स्पीड बढ़ने से लॉजिस्टिक्स सेक्टर में फायदा होगा। वर्तमान में माल ढुलाई में देरी के कारण उद्योगों को नुकसान होता है। ट्रेन की रफ्तार बढ़ने से माल जल्दी पहुंचेगा, जिससे सप्लाई चेन मजबूत होगी। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के साथ मिलकर यह रूट भी भारत की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार बनेगा। डीएफसी पहले से ही निर्माणाधीन है।

# स्वदेशी मेला आयोजित करने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पियूष गोयल ने आज कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स से आग्रह किया कि वह इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से दिल्ली में अब तक का सबसे बड़ा "स्वदेशी मेला" आयोजित करे।

उन्होंने कहा कि यह प्रस्तावित मेगा आयोजन वैश्विक मंच के रूप में कार्य करे, जो भारत के व्यापार और उद्योग की ताकत, नवाचार एवं विविधता को प्रदर्शित करे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को विश्व पटल पर अग्रसर करे। कैट राष्ट्रीय व्यापार नेतृत्व सम्मेलन में उक्त संबोधन देते हुएख़ जिसमें देश के 28 राज्यों से आए 200 से अधिक प्रतिष्ठित व्यापारिक नेता मौजूद थे।



श्री गोयल ने कहा कि भारत के व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और विकास के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक हैं। सभा को संबोधित करते हुए चाँदनी चौक के सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने देश के व्यापारियों के निरंतर योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा देशभर के व्यापारी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर परिश्रम कर रहे हैं। Ease of Doing Business की उनकी परिकल्पना ने बेहतर प्रणालियों, आधुनिक तकनीक और नए अवसरों के माध्यम से व्यापारियों को सशक्त बनाया है।

# मंडोली जेल के पास मारी थी गोली, दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नन्द नगरी थानांतर्गत एक युवक को गोली मारने के आरोप में दो हमलावरों को दबोच लिया है, गोली चलाने वाले दोनों हमलावरों की पहचान अंकुश और अरबाज के रूप में हुई है स

मंडोली जेल के गेट न-3, के पास कल्याणपुरी निवासी सोमवीर (25) को हमलावरों ने गोली मारकर घायल कर दिया था,गोली सोमवीर की कमर में लगी थीं जिसका इलाज जीटीबी अस्पताल ने चल रहा है स सोमवीर भी कल्याणपुरी थाने से बीसी है, वह सोमवार को अपने दोस्त रविन्द्र के साथ उसके भाई से मिलाई करने मंडोली जेल आया था,वहां उसकी किसी बात पर अंकुश से कहासुनी हो गयी,अंकुश और सोमव. ीर की पुरानी दुश्मनी चल रही है, अंकुश ने सोमवीर को देख लेने की धमकी दी थीं स जब सोमवीर अपने दोस्त रविन्द्र के साथ वापस अपने घर जाने के लिए निकला तब अंकुश ने अपने साथी के साथ उसके ऊपर करीब 3 राउंड गोलियां चलाई, जिनमे से एक गोली उसकी कमर में जा लगी और कमर की हड्डी में फंस गयी, सोमवीर लहूलुहान हालत में वारदात स्थल पर गिर गया और दोनों हमलावर मौके से फरार हो गए थे, मौके पर पहुंची नन्द नगरी थाना पुलिस ने सोमवीर को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

## कोर्ट की अवहेलना करने पर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रुपयो की चकाचौंध और अमीर बाप के बिगडैल बेटे को कड़कड़डूमा कोर्ट ने एक वकील को गाली गलौज करने और लंबित मामले में कोर्ट की अवहेलना करने को लेकर जेल भेज दिया है स यह रहीसजादा यूनिटी ग्रुप के मालिक का बेटा नितिन अग्रवाल को है । गौरतलब है कि शाहदरा जिले के थाना आनंद विहार क्षेत्र के अंतर्गत पीड़िता द्वारा आरोपी यूनिटी ग्रुप के शहजादे नितिन अग्रवाल पुत्र सुरेश कुमार अग्रवाल, निवासी वेस्ट पंजाबी बाग दिल्ली पर दहेज उत्पीड़न, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था स पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कड़कड़डूमा कोर्ट ने कई बार सम्मन भेजकर आरोपी को कोर्ट में पेश होने को कहा, लेकिन लगातार कोर्ट की अवहेलना करने को लेकर कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया।

# डिजिटल अरेस्ट में शामिल तीन को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली और हरियाणा में कोऑर्डिनेटेड रेड में, डिजिटल अरेस्ट और इन्वेस्टमेंट फ्रॉड-बेस्ड चीटिंग में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि एक मामले में 71 साल की महिला से साइकोलॉजिकल दबाव, लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों का रूप धारण करके और टेक्निकल धोखे से 49,00,000 रुपए की ठगी की गई। दूसरे मामले में, एक 43 साल की स्टेशनरी की दुकान की मालिक से क्रिप्टोकरेंसी इन्वेस्टमेंट के जरिए ज्यादा रिटर्न कमाने के बहाने 39,50,000/- रुपए की ठगी की गई।इस ठगी के बाद आरोपी फरार थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार जगह बदल रहे थे।इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान टीम ने इंटेंसिव टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस इनपुट के जरिए ट्रेस करके आरोपी रवि (19),मंदीप कुमार (21) और कलीम (32) को गुड़गांव और हिसार के इलाके से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने बताया कि सिंडिकेट ने पीड़ितों को डराने के लिए पुलिस अधिकारियों और सरक. ारी एजेंसियों की नकल की थी।वे पीड़ितों को कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर बड़ी रकम ट्रांसफर करने के लिए मजबूर कर देते थे।



दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह सुल्तानपुरी में आरोग्य मंदिरों के शुभारम्भ अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए।

# 1400 नर्सों व पैरामेडिकल स्टाफ को स्थायी नियुक्ति दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्ववर्ती सरकार ने दिल्ली में स्वास्थ्य ढांचे को कमजोर किया, अब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीऔर माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में आयुष्मान भारत योजना, जनऔषधि केंद्र, वय वंदना योजना और आयुष्मान आरोग्य मंदिर मिलकर दिल्ली में स्वास्थ्य क्रांति का आधार बन रहे हैं। दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर- पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने यह बात सुल्तानपुरी के सी ब्लॉक एवं एफ ब्लॉक में आरोग्य मंदिरों के शुभारम्भ के अवसर पर कही। दिल्लीभर में मंगलवार को 70 नये आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण हुआ। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि दिल्ली वासियों को नि:शुल्क इलाज और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 1139 आरोग्य मंदिर शुरू होने हैं, इनमें अब तक 238 शुरू हो चुके हैं।

इन केंद्रों को पुराने डिस्पेंसरियों की तरह नहीं बल्कि मिनी हॉस्पिटल की तर्ज पर विकसित किया गया है। यहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ, डॉक्टर परामर्श, आवश्यक दवाइयाँ, लैब जांच, मातृ एवं शिशु देखभाल, टीकाकरण, नियमित हेल्थ चेकअप और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर जैसी सभी सुविधाएँ सुव्यवस्थित रूप से उपलब्ध हैं। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की लापरवाही के चलते अस्पतालों की संख्या नहीं बढ़ सकी, आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी दिल्ली की जनता को नहीं मिल सका।

# मंत्री व एनडीएमसी सदस्यों ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहल के तहत जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था प्रदान करने के लिए, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष, केशव चंद्रा, एनडीएमसी काउंसिल के सदस्यों-अनिल वाल्मीकि एवं दिनेश प्रताप सिंह और सचिव - राकेश कुमार के साथ नई दिल्ली क्षेत्र में बापू धाम, नेताजी नगर और गोल्फ लिंक में तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर, गोल्फ लिंक का उद्घाटन करने के बाद प्रवेश वर्मा ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और सभी मेडिकल स्टाफ से बातचीत की। उन्होंने बताया कि आज नई दिल्ली इलाके के लोगों को दो और "आयुष्मान आरोग्य मंदिर" समर्पित किए जा रहे हैं, जिनमें से एक गोल्फ लिंक में और अन्य दो नेताजी नगर एवं बापू धाम डिस्पेंसरी आज शुरू की जा रही है।

गोल्फ लिंक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर डिस्पेंसरी का उद्घाटन करने के बाद, दिल्ली सरकार के मंत्री -प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली सरकार की नई पहल के तहत, लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए दिल्ली में कई जगहों पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछली डिस्पेंसरियों में लैब टेस्टिंग की सुविधा नहीं थी, लेकिन आज खुलने वाले आयुष्मान आरोग्य केंद्र में अब लैब की सुविधा भी होगी। उन्होंने कहा कि हेल्थकेयर सेवाओं की डिलीवरी को बेहतर बनाने के लिए डिस्पेंसरियों को हर साल अतिरिक्त 25 लाख रूपये दिए जाएंगे। इस मौके पर, पालिका परिषद के चेयरमैन - केशव चंद्रा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहल के तहत, एनडीएमसी ने अपने इलाके में 12 डिस्पेंसरी को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम से रीब्रांड किया है और जनता के लिए खोला है। समारोह में आये लोगों को संबोधित करते हुए, पालिका परिषद सदस्य,अनिल वाल्मीकि ने कहा कि यहां एलोपैथी, होम्योपैथी और आयुर्वेदिक जैसी सभी तरह की मेडिकल प्रैक्टिस के साथ-साथ टेस्टिंग, वैक्सीनेशन, दवा वगैरह की सुविधाएं भी दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद लोगों की भलाई के लिए काम करना है।

# महिलाओं के लिए खाना पकाने का धुआं खतरनाक: रिसर्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पेरिस कॉन्फ्रेंस ने भारतीय स्टडी को मान्यता दी। इस स्टडी में बायोमास-फ्यूल से सीओपीडी के मरीजों में 53% ब्रोंकाइटिस होने का ज्ञात आंकड़ा है। फेफड़ों की बीमारी के पैटर्न की तुलना करने वाले एक भारतीय स्टडी से पता चला है कि बायोमास फ्यूल के संपर्क में आने से भारत में महिलाओं में क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज का खतरनाक वैरिएंट हो सकता है।

अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के पल्मोनो लॉजिस्ट डॉ. सौरभ पाहुजा और डॉ. अर्जुन खन्ना के नेतृत्व में की गई इस स्टडी से एक लंबे समय से नजरअंदाज की गई पब्लिक हेल्थ चुनौती पर नई बात सामने आई है। इस स्टडी में इस बात पर जोर दिया गया है कि क्यों कभी धूम्रपान न करने वाली अनगिनत भारतीय महिलाओं को भी उतना ही गंभीर सीओपीडी हो रहा है जितना लंबे समय से धूम्रपान करने वाले लोगों में होता है। अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव सिंह ने कहा, यह स्टडी लाखों महिलाओं की एक मूक और गहरी पीड़ा को दर्शाती है। कुकिंग स्मोक (चूल्हे से निकलने वाला धुंआ) को अक्सर रोजमर्रा की सामान्य चीज मानकर दरकिनार कर दिया जाता है लेकिन इससे फेफड़ों को जो नुकसान होता है वह बहुत ही गंभीर और कभी - कभी तंबाकू से होने वाले नुकसान से भी ज्यादा भयावह होता है।

# ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस का मुफ्त यूनानी मेडिकल कैंप आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के यूनानी उपचार-जनता के द्वार, मिशन 2025 के तहत 139वां मुफ्त यूनानी मेडिकल कैंप तित्तावाड़ा, कैराना में लगाया गया। कैंप को ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस कैराना उत्तर प्रदेश के प्रेसिडेंट डॉ. सैयद यासिर ने चौधरी दिलशाद प्रधान, ओम प्रकाश पंवार के सहयोग से लगाया। बड़ी संख्या में लोगों ने फायदा उठाया। कैंप के उद्घाटन समारोह को ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के सेक्रेटरी जनरल डॉ. सैयद अहमद खान ने संबोधित किया। उन्होंने लोगों को सेहतमंद रहने के सिद्धांत बताए। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से जनता को दी जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जनता को सही जानकारी होनी चाहिए।डॉ. सैयद यासिर के अलावा, कैंप को सफल बनाने में हकीम मुहम्मद मुर्तजा देहल. वी, एडवोकेट शाह जाबिन काजी, हकीम अत्ता-उर-रहमान अजमली, इसरार अहमद उज्जिनी, जीशान काजी, सैयद आबिद हसन, ओम प्रकाश प्रधान, डॉ. सनवर अंसारी, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. चौधरी वकील, हाजी अब्दुल गफ्फार चौधरी, मोहसिन चौहान, पत्रकार शहजाद बद्री आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

कैंप में सर्दी, बुखार, खांसी जैसी मौसमी बीमारियों के अलावा लिवर और पेट की बीमारियों, डायबिटीज, जोड़ों के दर्द और स्किन की बीमारियों से पीड़ित ज्यादातर मरीज थे।

## हर दिन शुरू हो रहे हैं नए आरोग्य मंदिर: कपिल मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के श्रम एवं विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के सराय मोहल्ला इलाके में नए आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। इसी के साथ पूरे दिल्ली में आज एक साथ 70 नए आरोग्य मंदिरों की शुरुआत की गई। दिल्ली सरकार का लक्ष्य है आगामी साल 2026 के मार्च महीने तक 1100 से अधिक आरोग्य मंदिर पूरी दिल्ली में स्थापित किए जाएं ताकि मोहल्ला-स्तर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ तेजी से उपलब्ध कराई जा सकें। आज आरोग्य मंदिर के उद्घाटन समारोह में श्रम एवं विकास मंत्री कपिल मिश्रा के साथ स्थानीय विधायक संजय गोयल, निगम पार्षद भरत गौतम, क्षेत्रीय पदाधिकारी, आरडब्लूए प्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पैसे की कमी के चलते ग्रुप ने बनाई रॉबरी की योजना, 4 पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के सरोजिनी नगर थाने के स्टाफ ने रॉबरी में शामिल चार सीसीएल को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से रॉब कैश बरामद किया है।पैसे की कमी के कारण ग्रुप ने रॉबरी की योजना बनाई थी।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 22 नवबर को एक पीड़ित की शिकायत पर सरोजिनी नगर थाने के तहत रॉबरी का मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित ने बताया था कि चार अनजान लड़कों ने उसे हयात बस स्टैंड, रिंग रोड के पास रोका और जबरदस्ती रॉब कर लिया। इसके बाद एसीपी सफदरजंग एन्क्लेव मेल्विन वर्गीस की देखरेख में एसएचओ सरोजिनी नगर अतुल त्यागी के नेतृत्व मे टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने इलाके से सीसीटीवी फुटेज चेक की और एनालाइज किया, जिसमें साफ तौर पर लूट में शामिल चार नाबालिग लड़के दिखे। टीम ने सीसीटीवी फुटेज चेक की और मैनुअल इंटेलिजेंस डेवलप की। जांच के दौरान सीसीटीवी एनालिसिस और लोकल मैनुअल इंटेलिजेंस से पता चला कि फुटेज में दिख रहे लड़के चाणक्यपुरी में रहते हैं। इसके बाद टीम ने , चाणक्यपुरी में रेलवे ट्रैक के पास छापा मारकर चार सीसीएल को पकड़ लिया।

# पुलिस व गोकशों के बीच मुठभेड़ में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के मसूरी नहर पटरी पर सोमवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिस और शातिर गोकशों के बीच आमने-सामने से मुठभेड़ हो गई। इस कार्रवाई में कुख्यात गोकश फिरोज के पैर में गोली लगी, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

सीओ पिलखुवा अनीता चौहान ने बताया कि थानाध्यक्ष मनीष चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम सोमवार देर रात नहर पटरी पर चेकिंग अभियान चला रहे हुए थी। इसी दौरान दो संदिग्ध बाइक सवार पुलिस को आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों ने बाइक दौड़ा दी और अचानक पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें शातिर गोकश फिरोज के पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। उसका साथी मौका पाते ही घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान फिरोज पुत्र इस्लाम निवासी गांव नेकपुर थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। वह वर्तमान में धौलाना क्षेत्र के पिपलेड़ा गांव में रह रहा था। फिरोज पर पहले से ही धौलाना थाने में गोकशी के दो मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बचता फिर रहा था। पिछली कई घटनाओं में भी उसका नाम सामने आ चुका है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, मुठभेड़ में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। गोली लगने के बाद फिरोज को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। फरार आरोपी की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। कई टीमें उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि जल्द ही फरार गोकश को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस फिरोज के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड, संपर्कों और गैंग के नेटवर्क की भी गहराई से जांच कर रही है, ताकि गोकशी की घटनाओं को जड़ से खत्म किया जा सके।



# विधायक खेल स्पर्धा का भव्य शुभारंभ, खिलाड़ियों में दिखा जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विधानसभा क्षेत्र हापुड़ के गढ़ रोड स्थित एलएन पब्लिक स्कूल में 'उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल 2025-26' के अंतर्गत आयोजित विधायक खेल स्पर्धा का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक विजय पाल आढ़ती ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

शुभारंभ अवसर पर विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का यह मंच युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। खेल मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों की एकल और टीम इवेंट्स में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। आयोजित खेलों में कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो, वॉलीबॉल सहित कई पारंपरिक खेल शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में मौजूद दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जोरदार तालियां बजाईं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। स्पर्धा के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए भी चयनित किया जाएगा।



# सरस्वती इंस्टिट्यूट में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन मीट का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड हॉस्पिटल अनवरपुर ने समुदाय-स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को और मजबूत करने के उद्देश्य से पिलखुवा के केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट समुदाय के साथ एक महत्वपूर्ण केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन मीट का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ़ हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें पिलखुवा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन से जुड़े अनेक सदस्य शामिल हुए। मार्केटिंग मैनेजर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ सलाहकार डा. आर के सेहगल ने अपने संबोधन में कहा कि अस्पताल एवं केमिस्ट समुदाय के बीच नैतिक, पारदर्शी और मजबूत समन्वय से मरीजों को समय पर सुरक्षित और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच बेहतर संचार तंत्र विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया। इसके बाद जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, आर्थोपेडिक्स, स्त्री व प्रसूति रोग, नेत्र रोग सहित विभिन्न विभागों की टीमों ने अपनी-अपनी सेवाओं और उपलब्धियों पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं। हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डा. वाईसी गुप्ता ने बताया कि सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ़ हॉस्पिटल क्षेत्र के सबसे विश्वसनीय और पुराने स्वास्थ्य संस्थानों में से एक है, जो वर्षों से समुदाय के स्वास्थ्य कल्याण के लिए कार्यरत है। डीन शैक्षिक प्रशासन रघुवर दत्त ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं तभी संभव हैं जब संस्थागत साझेदारी मजबूत हो। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट किए गए। मार्केटिंग मैनेजर ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने मार्केटिंग टीम एवं पूरे स्टाफ को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। यह केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन मीट सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ़ हॉस्पिटल के उस मिशन को और सशक्त बनाता है, जिसके तहत पिलखुवा एवं हापुड़ जनपद के प्रत्येक परिवार तक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और समुदाय-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।



# ऑपरेशन नकेल की बड़ी कार्रवाई, दो दिनों में 450 चालान 20 वाहन जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था और नियमों की अनदेखी पर लगाम लगाने के लिए हापुड़ पुलिस ने 'ऑपरेशन नकेल' अभियान को पूरे जोर-शोर से आगे बढ़ा दिया है। मेरठ जोन के डीआईजी कलानिधि नैथानी के निर्देश पर शुरू किए गए इस अभियान के तहत पुलिस ने दो दिनों में बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने का प्रयास शुरू किया है।

अभियान के दौरान पुलिस ने 450 वाहन चालकों के चालान काटे, जबकि 20 से अधिक वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं, यातायात नियमों की बार-बार अवहेलना करने वालों पर सख्ती दिखाते हुए 150 वाहन चालकों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। ये वे चालक हैं जिन्होंने तीन से चार बार नियम तोड़ा और अपने चालान जमा नहीं किए। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जारी किए गए चालानों का भुगतान जल्द नहीं किया गया, तो ऐसे वाहन चालकों की आरसी यानी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, जिन चालकों के पांच से अधिक चालान लंबित पाए गए हैं, उनके ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अभियान के तहत शहर के प्रमुख चौराहों जैसे दिल्ली रोड, गढ़ तिराहा, गढ़ रोड, बाजार क्षेत्र और एनएच-9 पर विशेष चेकिंग टीमों को तैनात किया गया। इन टीमों ने हेलमेट न पहनने, गलत साइड ड्राइविंग, सीट बेल्ट का उपयोग न करने, ओवरलोडिंग और अवैध पार्किंग जैसे मामलों में कठोर कार्रवाई की। यातायात प्रभारी छवि राम ने बताया कि शहर में सबसे अधिक अव्यवस्था ऑटो और मयूरी चालकों द्वारा नियमों की अनदेखी के कारण उत्पन्न हो रही थी। ऐसे में ऑटो चालकों को निर्धारित स्टैंड पर ही वाहन खड़ा करने, बीच सड़क में वाहन रोकने से बचने तथा यात्रियों को सुरक्षित स्थान से बैठाने के निर्देश दिए गए हैं। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई के लिए, एक क्यूआरटी यानी क्विक रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है, जो मौके पर जाकर तुरंत कार्रवाई करेगी। पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन नकेल आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा ताकि शहर में बढ़ रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके।



# संदेश ने सफाई किट वितरण कर किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** डाबर की सहयोगी स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा गाँव शिवाया में शौचालय सफाई किट वितरण व सफाई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि संदेश की सचिव पूनम सिंह परिहार रही। मुख्य अतिथि ने उपस्थित महिलाओं व पुरुषों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सफाई किट वितरण का उद्देश्य लोगों में साफ सफाई की भावना को बढ़ाना है। गांधी ने जो रामराज का सपना देखा था कि कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का नाम पहुँचना चाहिए वह संस्था के माध्यम से सफल हो रहा है। कई वर्ष पूर्व गाँव के अंतिम परिवार तक शौचालय पहुचाने का कार्य संदेश संस्था द्वारा किया गया था किन्तु समय के साथ साथ परिवार बढ़ते जा रहे हैं। संदेश संस्था जल्द ही जिन परिवारों के घर में शौचालय नही है उनको शौचालय निर्माण में सहयोग कर गाँव को पुन: खुले में शौच मुक्त करने का कार्य करेगी। प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने वाली स्वच्छ भारत मिशन योजना को साकार करते हुए संदेश संस्था द्वारा 700 से 7 कदम परियोजना के अंतर्गत जनपद के 36 गाँवो को खुले में शौच मुक्त किया गया है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए गाँव शिवाया में सफाई के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक परिवार के शौचालय सफाई किट वितरण की गयी। परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज ने बताया कि ग्रामवासियों के अनुरोध व संदेश की सचिव के आदेश एक खुली बैठक का आयोजन कर गाँव में शौचालय निर्माण का कार्य में सहयोग किया जाएगा। साथ ही गाँव को खुले में शौच मुक्त किया जायेगा। सभी ग्रामवासियों की और से सुबोध शिशोदिया, पूर्व प्रधान देवेन्द्र शर्मा, सुभाष सिंह, व चन्द्रपाल सिंह ने संस्था द्वारा किए गए कार्य व शौचालय निर्माण में सहयोग की घोषणा के लिए संस्था का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर संदेश के वरिष्ठ लेखाकार शिवचेत तोमर, कृष्ण शर्मा, भुजवीर सिंह, अवधेश शर्मा, भारी संख्या में महिला व पुरूष मौजूद रहे।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत से हड़कंप, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव पिपलैडा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। करीम कॉलोनी की रहने वाली 28 वर्षीय फातिमा की अचानक मौत की खबर मिलते ही रामा अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचे, जहां फातिमा का शव देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गम और गुस्से से भरे परिवारजन ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

फातिमा के भाई अजहरुद्दीन, निवासी कुशलिया निवासी मसूरी, गाजियाबाद ने बताया कि फातिमा का निकाह 18 नवंबर 2018 को पिपलैडा निवासी आसिफ से किया गया था। आरोप है कि आसिफ ने निकाह से पहले नौकरी और आय को लेकर झूठी जानकारी दी थी। परिजनों के मुताबिक, आसिफ न तो घर का खर्च उठाता था और न ही फातिमा का ठीक ढंग से ख्याल रखता था। इसके विपरीत, ससुराल पक्ष द्वारा लगातार पैसों की मांग की जाती रही, जिसके चलते मायके वाले कई बार आर्थिक सहायता भी देते रहे। आरोप है कि कुछ समय बाद आसिफ ने एक स्कूल में बस चालक के रूप में काम करना शुरू किया, और इसी दौरान उसकी किसी युवती से नजदीकी बढ़ने लगी। फातिमा द्वारा विरोध किए जाने पर उस पर अत्याचार बढ़ गया। परिवार ने आसिफ के साथ-साथ उसके माता-पिता गुलशन और शमशाद, देवर नासिर और चचेरे भाई दानिश पर भी मारपीट और उत्पीड़न में शामिल होने का आरोप लगाया है। 21 नवंबर की सुबह फातिमा के भाई रहीसुद्दीन को फोन पर सूचना मिली कि फातिमा की तबीयत बिगड़ गई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर परिवार को पता चला कि फातिमा की मौत हो चुकी थी। परिजनों का दावा है कि फातिमा की गर्दन पर चोट के स्पष्ट निशान दिखाई दे रहे थे, जिससे किसी अनहोनी की आशंका गहरी हो गई। धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पति आसिफ सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और हत्या के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

## एक नजर

### लेखपाल पर करोड़ों की जमीन घोटाले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी किसान ने लेखपाल पर करोड़ों रूपये की जमीन के घोटाले का आरोप लगाया है। पीड़ित ने स्थानीय अधिकारियों को शिकायत देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर डीएम को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित शेरूज्जमा खां ने जिलाधिकारी अभिषेक कुमार को शिकायत पत्र देकर उल्लेख करते हुए बताया कि एक लेखपाल ने गंगा एक्सप्रेसवे के दौरान किसानों से कथित कमीशन लेकर करोड़ों रुपये अवैध रूप से कमाए और विवादित भूमि की खरीद-फरोख्त में अनियमितताएं कीं। शेरूज्जमा का कहना है कि लेखपाल गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में तैनाती के दौरान स्थानीय भूमिधरों पर दबाव बनाकर कई बीघा जमीन अपने और परिचितों के नाम पर लिखवा चुका है। आरोप है कि बहादुरगढ़ की लगभग 12 बीघा भूमि दबंगई के बल पर कम दामों में लिखवाकर भुगतान भी नहीं किया गया। विवादित जमीनों से जुड़े कई मामले उपजिलाधिकारी न्यायिक के न्यायालय में विचाराधीन बताए गए हैं। लेखपाल व उसके सहयोगियों द्वारा लोगों को धमकाकर रजिस्ट्री कराई जाती है और पैसे न देने पर सरकारी अधिकारियों से मिलीभगत कर मनमाने आदेश करवाए जाते हैं। पीड़ित ने दावा किया है कि तहसील स्तर पर रिश्वत लेकर आदेश पारित किए जाने की शिकायतें भी हैं। शेरूज्जमा खां ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की किसी सक्षम अधिकारी से जांच कराए जाने तथा अपने बकाया पैसों की वसूली कराने की मांग की है। जिला प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है।

### महिला पर देवरों ने किया हमला, पीड़िता घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव फुलड़ी निवासी महिला ने अपने दो देवरों पर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने घायल अवस्था में कोतवाली पहुंच कर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी साईस्ता ने बताया कि उसका पति विदेश में रहकर नौकरी करता है। घर पर वह अकेली रहती है। उसने बताया कि उसके घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर वह दीवार करा रही थी। इसकी जानकारी पर उसका दो देवर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। उसने उनका विरोध किया तो देवरों ने हमला कर उसको घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 20 से अधिक ट्यूबवेल से मोटर के स्टार्टर चोरी कर ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो गांवों से एक ही रात में चोर करीब 20 ट्यूबवेल से मोटर के स्टार्टर चोरी कर ले गए। पुलिस ने एक भी मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है, जिससे पीड़ित सहित किसानों में भारी आक्रोश है। जानकारी के अनुसार गांव माधापुर निवासी किसान मूलचंद ने बताया कि सोमवार रात को उनके चाचा परमसिंह समेत करीब 20 किसानों के ट्यूबवेल से मोटर के स्टार्टर चोरी कर ले गये। इसकी जानकारी तब हुई जब किसान मंगलवार की सुबह अपने ट्यूबवेलों पर फसल की सिंचाई करने के लिये पहुंचा। वहां देखा की ट्यूबवेल की स्टार्टर चोरी है। सूचना पर कई किसान एकत्र हो गए और अपने-अपने ट्यूबवेल चेक किए। इस पर कई किसानों ने अपनी ट्यूबवैलों के मोटर स्टार्टर चोरी हुये पाये। जिस पर किसानों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दुखी किसानों का कहना है कि मोटर स्टार्टर चोरी मामलों को पुलिस गंभीरता से नहीं लेती है, चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# एसआईआर को लेकर कांग्रेस की प्रेस वार्ता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को बुलंदशहर रोड स्थित शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त रूप से एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता एसआईआर के संदर्भ में की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में जिला स्तर पर एसआईआर के संदर्भ में प्रेसवार्ता दिया गया है। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने मांग की है कि एसआईआर एक जटिल प्रक्रिया है। इसके लिए समय बढ़ाया जाए। जिससे सभी मतदाता अपने अपने एसआईआर के फॉर्म भरकर बूथ लेवल ऑफिसर को जमा कर सकें। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा है कि एसआईआर के चलते बिहार में का जा रहा है। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि एसआईआर चुनाव आयोग द्वारा थोपा गया एक बड़ा जोखिम है। बूथ लेवल ऑफिसर अत्यधिक दबाव के चलते आत्महत्या करने पर मजबूर हो गए हैं। बहुत से बूथ लेवल ऑफिसर को बिना ट्रेनिंग केएसआईआर के काम में लगा दिया गया है। मतदाताओं की 68 लाख वोट काट दी गई और अब यही कार्य उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की मिली भगत से करने का कार्य जोरों पर चलाया जा रहा है। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि एसआईआर के लिए चुनाव आयोग द्वारा कम समय दिया गया है। जिसके चलते बहुत से लोग एसआईआर के फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। गजराज सिंह ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया में मिली धांधली के चलते 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में दिल्ली चलो महारैली का आह्वान किया गया है। इसके लिए भी संगठन की ओर से तैयारी तेज हो गई हैं। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति के चेयरमैन पंडित अरविंद शर्मा, विधि प्रकोष्ठ कांग्रेस जिला चेयरमैन एडवोकेट रघुवीर सिंह, एससी, एसटी कांग्रेस जिलाध्यक्ष SIR कॉर्डिनेटर नरेश भाटी, वरिष्ठ कांग्रेसी डॉक्टर वीसी शर्मा, जस्सा सिंह, जिला कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा, जिला कांग्रेस महासचिव गौरव गर्ग, शिवम कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।



### मुथल ढाबा फायरिंग कांड में सह आरोपी की निशानदेही पर अवैध तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने हरियाणा के प्रसिद्ध मुथल ढाबा क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना में नामित सह आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार तमंचा बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को मुथल ढाबा फायरिंग प्रकरण में अहम सुराग मिले। पुलिस ने बताया कि घटना में नामित सह आरोपी एहतेशाम पुत्र यामीन, निवासी ग्राम ललियाना थाना किठौर, जनपद मेरठ, को न्यायालय से प्राप्त पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा छुपाने की जानकारी दी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वहाँ से तमंचा बरामद कर लिया। बरामद हथियार को कब्जे में लेकर उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है, ताकि घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी पुष्टि की जा सके। थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस अब इस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है और अन्य संबंधित आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर हुई फायरिंग के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# शादी समारोह में शामिल हुए विश्व ब्राह्मण संघ यूपी के उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ उत्तर प्रदेश भारत के उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा हापुड़ के धौलाना ब्लॉक के एक गाँव में आयोजित विवाह समारोह में शामिल हुए। वह संघ के जिला सचिव सचिन शर्मा की बहन के शुभ विवाह अवसर पर पहुंचे और परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के साथ संघ का एक प्रतिनिधि मंडल भी समारोह में उपस्थित रहा। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष हापुड़ आशीष शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पंडित मामचंद शर्मा, दीपक शर्मा तथा संगठन के अन्य पदाधिकारी शामिल थे। समारोह स्थल पर पहुँचकर सभी पदाधिकारियों ने वर-वधू का आशीर्वाद किया और उनके उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी एकता, भाईचारा एवं संगठन की पारस्परिक मजबूती और बढ़ती है। पंडित गोपाल शर्मा ने शादी में पहुंचे सभी जनों का अभिवादन करते हुए कहा कि विश्व ब्राह्मण संघ सदैव सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों, पारिवारिक परंपराओं और समाज के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। विवाह जैसे पवित्र अवसर पर शामिल होना हमारा सौभाग्य है। समारोह में स्थानीय लोगों एवं मेहमानों ने प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों का स्वागत किया और उनके आगमन के लिए आभार प्रकट किया।



# पुलिस ने प्रतिबंधित पशु कटान करने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए हापुड़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान का प्रभाव लगातार देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में थाना धौलाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित पशु कटान में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ग्राम पिपलेड़ा स्थित इब्राहिम मस्जिद के पास बने एक बंद मकान से की गई, जहां आरोपी चोरी-छिपे प्रतिबंधित पशु कटान की तैयारी कर रहे थे।

थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि उन्हें गुप्त स्रोतों से जानकारी मिली थी कि ग्राम पिपलेड़ा के पास एक बंद मकान में कुछ लोग प्रतिबंधित पशु कटान का काम कर रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने बिना देर किए तत्काल छापेमारी की योजना बनाई और मौके पर पहुंचकर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी घबराए, लेकिन टीम ने तीनों को मौके से पकड़ लिया। पुलिस ने गिरफ्तारी के दौरान प्रतिबंधित पशु कटान में इस्तेमाल होने वाले कई औजार और उपकरण भी कब्जे में लिए। बरामद सामान में लोहे का बुगदा, लकड़ी का गुटका, हैंगर कांटा, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, लोहे की तराजू, एक किलो का लोहे का बाट शामिल हैं। ये सभी वस्तुएँ अवैध कटान में नियमित रूप से इस्तेमाल की जाती हैं, जो आरोपियों की मंशा और गतिविधियों को स्पष्ट दर्शाती हैं। पुलिस ने जिन तीन आरो. पियों को पकड़ा है, उनकी पहचान कुर्बान पुत्र अब्बास खान, जुबैर पुत्र कुर्बान, निवासी इब्राहिम मस्जिद के पास, ग्राम पिपलहैड़ा और कासिम पुत्र कुर्बान, निवासी इब्राहिम मस्जिद के पास, ग्राम पिपलहैड़ा के रूप में हुई है। तीनों आरोपी आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं और पुलिस के अनुसार शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो लंबे समय से प्रति. बंधित पशु कटान का काम कर रहे थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उनके इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि वे कब से इस अवैध धंधे को चला रहे थे और कटान का मांस कहां सप्लाई किया जाता था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले को सख्ती से आगे बढ़ा रही है ताकि जनपद में प्रतिबंधित पशु कटान जैसी अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

# बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

■ छह चोर गिरफ्तार, 16 बाइक बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना बीटा-2 पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं में सक्रिय एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 16 चोरी की मोटरसाइकिलें, फर्जी नंबर प्लेट और तीन नाजायज चाकू बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में गिरोह का सरगना राहुल सहित रोहित, सुमित, संदेश, सचिन और अर्जुन शामिल हैं। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।



एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार सेक्टर चाई-4 के पास जंगल की झाड़ियों में छापा मारकर सभी को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय थे।

यह गैंग खासकर हीरो स्प्लेंडर की रेकी कर चोरी करता था। गिरोह का सदस्य अर्जुन मोटरसाइकिल मिस्त्री है, जो चोरी की नई मोटरसाइकिलों से महंगे पार्ट्स निकालकर ग्राहकों को बेचता था। बाकी सदस्य चोरी की बाइकें बाजार में सस्ते दाम पर बेच देते थे। पकड़े जाने के डर से गैंग के सदस्य अपने पास नाजायज चाकू भी रखते थे। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे पिछले दो वर्षों में ग्रेटर नोएडा, सूरजपुर, नॉलेज पार्क, सेक्टर 39 और अन्य स्थानों से कई दोपहिया वाहन चोरी कर चुके हैं। बरामद 16 मोटरसाइकिलों में से 5 की चोरी की जगहों की पुष्टि हो चुकी है। जबकि 11 अन्य के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। 11 मोटरसाइकिलों के मूल मालिक तथा चोरी की जगह की खोजबीन की जा रही है। गिरोह मोटरसाइकिलों के इंजन और चेसिस नंबर बदलकर उन्हें बेचने की भी कोशिश करता था।

**16 से अधिक मुकदमे दर्ज:** पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह के सरगना राहुल के खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और नकली नंबर प्लेट से संबंधित 16 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। रोहित, सुमित, संदेश, सचिन और अर्जुन का भी लंबा आपराधिक बैकग्राउंड पाया गया है। इनमें कई अभियुक्त पहले भी आर्म्स एक्ट, चोरी और वाहन चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। गिरोह क्षेत्र में वाहन चोरी की अधिकांश वारदातों में शामिल रहा है।

# नोएडा विधानसभा में अब तक 30 फीसदी ही फॉर्म भरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में चल रहे निर्वाचक नामावली विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नोएडा विधानसभा क्षेत्र में अब तक महज 30 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के फॉर्म भरे गए है। प्रशासन के दावे के मुताबिक, 90 फीसदी से अधिक लोगों फॉर्म भरने के लिए दिए जा चुके हैं। दरअसल, गौतमबुद्ध नगर जिले में नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा में एसआईआर का काम सभी मतदान केंद्रों पर चल रहा है। नोएडा विधानसभा क्षेत्र के 752 मतदाता बूथों के अंतर्गत आने वाले सात लाख 71 हजार 82 मतदाताओं के एसआईआर के तहत फॉर्म भरे जा रहे हैं। इस कार्य में बीएलओ बड़े स्तर पर लगे हुए है।

एसआईआर के कार्य की निगरानी के लिए सेक्टर-94 स्थित टैफिक कमांड कंट्रोल सेंटर में जिला प्रशासन द्वारा निगरानी केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र से बीएलओ और सुपरवाइजर के कार्यों की निगरानी के साथ समीक्षा भी की जा रही है। केंद्र की कमान संभाल रहे एसडीएम दादरी अनुज नेहरा और तहसीलदार दादरी अजय कुमार ने बताया कि नोएडा विधानसभा में 30 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के फार्म भरे जा चुके हैं। इसके अलावा 10 से 15 प्रतिशत ऐसे मतदाताओं की भी पहचान हो चुकी है कि मतदाता पहचान पत्र पर दिए गए पते पर नहीं है। इसमें ऐसे मतदाता भी शामिल है, जिनका निधन हो चुका है और जिनके दो-दो मतदाता पहचान पत्र बने हुए है। क्षेत्र में मतदाता बीएलओ का पता कर रहे हैं। इसके लिए लोग मतदान केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। कई सेक्टर और सोसाइटी में लोगों को समस्या यह भी आ रही है कि उन्हें अपने मतदान केंद्र का ही पता नहीं है। कंट्रोल रूम का हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया गया है। इस नंबर पर मतदाता सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक फोन करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कंट्रोल रूम के नंबर से भी ले कर सकते हैं सूचना जिला प्रशासन की तरफ से मतदाताओं की सुविधा के लिए अस्थाई कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 9217207199 भी जारी किया गया है। इस नंबर पर सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक मतदाता फोन करके सूचना प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा 1950 पर भी फोन करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आरडब्ल्यूए और एओए की भी ले रहे मदद एसआईआर के तहत फार्म भरने में सेक्टर और सोसाइटी के आरडब्ल्यूए और एओए पदाधिकारियो की भी मदद ली जा रही है।

# नोएडा में साइबर फ्रॉड के 31.67 करोड़ वापस मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में पिछले 2 सालों में नोएडा पुलिस ने साइबर ठगी के 31 करोड़ 67 लाख 64 हजार रुपए पीड़ितों को वापस दिलाए, जबकि 52 करोड़ 85 लाख 87 हजार रुपए को फ्रीज कराया गया। इसके अलावा अक्टूबर 2023 से नवंबर 2025 के बीच कुल 2,073 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 4,401 मोबाइल नंबर और 453 आईएमईआई नंबर जो फ्रॉड में इस्तेमाल हुए थे, उन्हें ब्लॉक किया गया।

पुलिस उपायुक्त (साइबर) श्रीमती शैल्या गोयल ने बताया कि 'साइबर जागृत भारत' अभियान के तहत कमिश्नरेट साइबर क्राइम पुलिस ने अब तक दो लाख से अधिक छात्रों को विभिन्न विद्यालयों को ऑनलाइन जोड़कर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया है।

अभियान के दौरान छात्रों, कॉलेज और स्कूल स्टाफ को साइबर हाइजीन, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, साइबर बुलिंग, फिशिंग, डेटा थेफ्ट, क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, सोशल मीडिया अपराध और अन्य जोखिमों से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

**तीन लाख नागरिक बने जागरूक:** आरडब्ल्यूए सेक्टर्स और एओए सोसाइटी में तीन लाख से अधिक नागरिकों को समूह बनाकर और साइबर सुरक्षा लिंक साझा करते हुए जागरूक किया गया। इसके अलावा विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को भी विशेष अभियान के माध्यम से साइबर अपराधों से बचाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस का कहना है कि जागरूकता अभियान के बाद साइबर फ्रॉड के मामलों में कमी आई है, हालांकि अभी भी कई लोग जानकारी के अभाव और लापरवाही के चलते फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं।

# पुलिस ने 12 घंटे में दोनों हत्यारोपी को पकड़ा

## प्रेमिका की बेटी से बात करना नहीं था पसंद, दोस्तों के साथ मिलकर गला घोंटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेज-2 क्षेत्र में एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने 12 घंटे के भीतर ही दोनों आरोपियों को एनएसईजेड के पास स्थित ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान अल्ताफ और फैजान के रूप में हुई है, जो हापुड़ जिले के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी वेल्डिंग और स्टील के गेट बनाने का काम करते हैं। फैजान पिछले 5-6 दिन पहले ही अल्ताफ के साथ हेल्पर के रूप में काम करने आया था। अल्ताफ अपनी प्रेमिका की नाबालिग बेटी से प्रेम करने वाले ओमकार की हरकतों से नाराज रहता था। उसे अपनी प्रेमिका की बेटी से बात करने से मना करता था। लेकिन ओमकार बार-बार ऐसा करता रहा। 23 नवंबर को अल्ताफ की प्रेमिका अपनी बहन की शादी में गांव चली गई थी। उसी दिन शाम को ओमकार प्रेमिका की बेटी के कमरे के नीचे गली में घूम रहा था। जिसे देखकर अल्ताफ को गुस्सा आ गया।



**ऊपर बुलाया सिगरेट पिलाई:** अल्ताफ ने ओमकार को प्यार से ऊपर बुलाया और मीठी बातें करते हुए समझाया। ओमकार ने सिगरेट के लिए कहा तो अल्ताफ ने नीचे दुकान से उधार लाने को कहा। ओमकार सिगरेट लेकर आया। कमरे में अल्ताफ, फैजान और ओमकार थे। सिगरेट पी और दोनों के साथ अपने कमरे में बातचीत करता रहा। अल्ताफ ने उसे प्रेमिका की बेटी से बात न करने और पीछा छोड़ने के लिए कहा लेकिन ओमकार ने मना करते हुए कहा कि वो उसको प्यार करता है, बात करना नहीं छोड़ सकता।

**गला घोटा और भाग गए:** इस इंकार से गुस्साए अल्ताफ ने फैजान की सहायता से अपने हाथों से गला घोंटकर ओमकार की हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों ने कमरे का ताला बंद किया और मोटरसाइकिल से चले गए। बाइक एन एसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास झाड़ियों में छिपा दी। मृतक का मोबाइल भी वहीं फेंक दिया। 25 नवंबर को जब फैजान अपनी मोटरसाइकिल लेने के लिए एन एसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास आए तो मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### बेकाबू कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत




**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** कासना कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की दोपहर बेकाबू कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कासना कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से पूर्णिया बिहार के रहने वाले मनोज बहरदार कासना क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी में परिवार के साथ रहते हैं। मनोज ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसका बेटा श्रवण कुमार अपने दोस्त की बाइक पर कासना कस्बे की तरफ जा रहा था।

अमीचन्द इंटर कॉलेज के समीप एक बेकाबू कंटेनर ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में श्रवण की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोन कर परिजनों को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले में मृतक युवक के पिता की शिकायत पर कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्गों के लिए डाकघर ने शुरू की नई सुविधा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** डाक विभाग ने बुजुर्ग पेंशनरों के लिए एक बड़ी सुविधा शुरू की है, जिसके तहत अब नोएडा में पोस्टमैन घर पहुंचकर उनके जीवन प्रमाणपत्र तैयार करेंगे। यह कदम विशेष रूप से उन बुजुर्गों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है या कोषागार और बैंकों के चक्कर नहीं लगा पाते। पहले पेंशनरों को हर वर्ष नवंबर माह में जिला कोषागार में अपने जीवित होने का प्रमाणपत्र जमा करने के लिए लंबी कतारों और परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इस नई सुविधा के बाद उन्हें घर बैठे ही यह सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्य डाकघर के सीनियर पोस्ट मास्टर मनोज कुमार के अनुसार पेंशनर को बस अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क कर आवेदन करना होगा, जिसके बाद निर्धारित तिथि पर पोस्टमैन उनके घर पहुंचेगा और बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से आधार सत्यापन तथा अंगूठा प्रमाणीकरण करके प्रमाणपत्र तैयार कर देगा। इसके लिए मात्र 70 रुपये का मामूली शुल्क लिया जाएगा, जबकि प्रमाण पत्र तैयार होते ही उसका संदेश पेंशनर के मोबाइल नंबर पर प्राप्त हो जाएगा, साथ ही पेंशनर यदि चाहें तो रममअंदचतंउंद.हवअ.पद पोर्टल से भी इसे डाउनलोड कर सकते हैं। इस सेवा का लाभ नोएडा के हजारों पेंशनरों को मिलेगा, जिनमें 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों की संख्या भी काफी है। यह सुविधा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि कई बार स्वास्थ्य समस्याओं और दूरी की वजह से वे समय पर कोषागार नहीं पहुंच पाते थे।

### संदिग्ध बुखार से चार की मौत

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में संदिग्ध बुखार का प्रकोप देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले लगभग एक महीने में संदिग्ध बुखार की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार को भी इसी तरह के बुखार से एक महिला की जान चली गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है।

स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कस्बे में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच और परीक्षण करने की अपील की है ताकि बीमारी का पता लगाया जा सके और इसे फैलने से रोका जा सके।

जानकारी के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीबाई नगर निवासी कालू की पत्नी कल्पना (41) को करीब चार दिन पहले बुखार आया था। उन्हें पहले बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी, तो डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में रेफर कर दिया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान कल्पना की मौत हो गई। उनके पति कालू ने बताया कि कल्पना को चार दिनों से बुखार था और इलाज के दौरान उनका शुगर लेवल बढ़ गया था, जबकि ब्लड प्रेशर कम हो गया था। इस मामले पर जेवर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर शफे जेया ने बताया कि महिला की मौत संक्रामक परजीवी रोग के कारण हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई बार लंबे समय तक बुखार रहने से यह रोग बढ़ जाता है, जिससे मरीज की जान जा सकती है।

# एक माह पहले बनी सड़क भी उखड़ने लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हाईटेक शहर ग्रेटर नोएडा में गड्ढायुक्त सड़कों की समस्या खत्म नहीं हो रही। वहीं, एक माह पूर्व बनाई गई सड़क भी उखड़ने लगी है। लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों के साथ सेक्टरों के अंदर और सर्विस मार्ग पर गड्ढे परेशानी बन रहे हैं।

रात के अंधेरे में हादसे का खतरा बना रहता है। धूल उड़ने से वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। बीते माह शासन स्तर पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की सड़कों को 15 नवंबर तक गड्ढामुक्त किए जाने का दावा किया गया था। टूटी सड़कों की मरम्मत (रिसर्फेसिंग) का काम भी मार्च 2026 तक पूरा किए जाने की बात कही गई थी। इसके बावजूद सड़कों पर गड्ढे की समस्या जस की तस बनी हुई है।

नॉलेज पार्क-1,2 और 3, सूरजपुर-कासना मार्ग, डीएससी मार्ग पर तिलपता और सूरजपुर में, औद्योगिक सेक्टरों, सेक्टर डेल्टा-1 विप्रो गोलचक्कर, सेक्टर डेल्टा-2 एस्टर पब्लिक स्कूल के पास, गेट नंबर-1 के समीप आदि स्थानों पर गड्ढे हैं। सड़क उखड़ने से धूल उड़ रही है। इससे वायु प्रदूष्रण में इजाफा हो रहा है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) की पाबंदियां लागू होने से निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है, इसलिए सड़कों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। पाबंदी हटते ही काम शुरू करा दिया जाएगा। वहीं, लोगों का कहना है कि वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर हर साल नवंबर और दिसंबर में निर्माण कार्यों पर रोक लगानी पड़ती है। यह जानते हुए भी गड्ढों को भरने का काम समय से पूरा नहीं किया गया।

**928 गड्ढे चिन्हित किए गए थे:** प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सड़कों पर 928 गड्ढे चिन्हित किए गए थे। बीते माह तक 600 से अधिक गड्ढों को भरने दावा किया गया था। शेष गड्ढों को भरने का काम 15 नवंबर तक किया जाना था, लेकिन आज भी सड़कों पर बड़ी संख्या में गड्ढे मौजूद हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राधिकरण ने कुल 106.57 किलोमीटर सड़क की मरम्मत का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसमें से 58.83 किलोमीटर सड़क की मरम्मत का कार्य अब तक हो चुका है।

# टावर से उपकरण चुराने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करने वाले तीन चोरों को पुलिस ने लोगों की मदद से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी की आरआरयू डिवाइस और घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद हुआ।

कासना पुलिस के मुताबिक, सोमवार की रात कस्बे में लगे एक मोबाइल टावर से तीन चोर आरआरयू डिवाइस चोरी कर भाग रहे थे। आसपास मौजूद लोगों ने चोरों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी की गई आरआरयू डिवाइस और एक कार बरामद की गई। कासना कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान दिलीप निवासी ग्राम वेला सुल्तानपुर, जिला मऊ, वर्तमान पता नवादा, श्रीराम निवासी गडिया, जिला मैनपुरी, वर्तमान पता मुबारकपुर और राजकुमार निवासी बबुवापुर, जिला मऊ, वर्तमान पता डेल्टा वन ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई।

# ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर के तीन शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के फेज-1 थाना पुलिस ने जॉब प्लेसमेंट नाम से लोगों से ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम विशाल राघव, आमिर उस्मानी और वरुण हैं। ये तीनों मिलकर कॉल सेंटर के मालिकों को बैंक खाता उपलब्ध कराते थे और बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे ठगी करते थे। अब तक इनके द्वारा करीब 200 से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से सात मोबाइल फोन, चार डेबिट कार्ड, पासबुक, एक फिनो कांबो बैंक किट और चार कंपनी के जॉइनिंग दस्तावेज बरामद किए हैं।




डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया-विशाल अपने साथियों आमिर उसमानी और वरूण कुमार के साथ मिलकर बैंक खातों, डेबिट कार्ड, चेक बुक और प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड खरीदता है। विशाल बैंक खातों की जानकारी फर्जी कॉल सेंटर के मालिक अनुज कुमार और रोमेश को देता था। अनुज और रोमेश बेरोजगार लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करते और पैसे मांगते थे। इस दौरान विशाल पासबुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड अपने पास रखकर नकद निकालता था। अपना कमीशन काटकर अनुज और रोमेश को देता था। तीनों मिलकर अनुज और रोमेश को बैंक खाते और सिम कार्ड उपलब्ध कराते है। वरूण कुमार द्वारा चलाए जाने वाले इस कॉल सेंटर में "जॉब प्लेसमेंट" के नाम पर बेरोजगारों से पंजीकरण और प्रोसेसिंग शुल्क वसूला जाता है।

**बैंक खातों में पैसा करते थे मूव:** उन्होंने बताया प्रोसेसिंग फीस से मिली राशि को यह नेटवर्क फर्जी बैंक खातों और सिम कार्ड के जरिए घुमाता था। वरूण कुमार एक इंडिपेंडेंट कॉल सेंटर भी संचालित करता था, जिसके माध्यम से वह बेरोजगार व्यक्तियों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता और उनसे धनराशि वसूलता था। अनुज और रोमेश को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

### नवजात बच्चे को मकान की छत पर छोड़ा

**यमुना सिटी।** जेवर के साबौता गांव में मंगलवार को मां की ममता को शर्मशार कर देने वाली घटना सामने आई। यहां एक मकान की छत पर किसी ने नवजात को छोड़ दिया। लोगों की सूचना पर पुलिस ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया है। साबौता गांव स्थित एक मकान रहने वाले लोगों ने सुबह करीब पांच बजे बच्चे के रोने की आवाज सुनी। छत पर गए तो वहां एक नवजात बच्चा मिला। वह उसे छत से उठाकर लाए। उसकी मां की तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जेवर कोतवाली पुलिस ने नवजात को कब्जे में लेकर जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे एनआईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

# 27 को नोएडा आएंगे योगी आदित्यनाथ

## अस्पताल, भंगेल एलिवेटेड और नोएडा जंगल ट्रेल का करेंगे शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 27 नवंबर को नोएडा के सेक्टर 50 में नवनिर्मित मेदांता अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसको लेकर पुलिस, जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।



इसको लेकर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह तथा गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम के अलावा नोएडा प्राधिकरण की टीम सीएम के आगमन की तैयारियों में लगी है। हाल ही में पुलिस ओर प्रशासन की टीम ने अस्पताल में पहुंचकर कार्यक्रम के बारे में अस्पताल के प्रबंधन से जानकारी ली। वहां की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी का जायजा लेते हुए अपने अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी ने हेलीपैड का भी निरीक्षण किया।

**दोपहर एक बजे होगा कार्यक्रम:** जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी 27 नवंबर को नोएडा के सेक्टर 50 स्थित नवनिर्मित मेदांता अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। सकते हैं। कार्यालय से मिले निर्देश के अनुसार अधिकारियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। मेदांता में 27 नवंबर को दोपहर का कार्यक्रम होगा।

**मेरठ और गाजियाबाद में भी कार्यक्रम:** 27 नवंबर को मुख्यमंत्री सुबह के समय पहले गाजियाबाद आएंगे। वहां पर मेरठ रोड पर जैन समाज द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा एक प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद नोएडा आएंगे। मुख्यमंत्री के नोएडा आगमन के दौरान भंगेल एलिवेटेड रोड का भी उद्घाटन हो सकता है लेकिन अभी इसका विधिवत कार्यक्रम नहीं आया है।

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे पद्म भूषण आचार्य रत्नसुंदरसूरी की 500वीं पुस्तक का लोकार्पण

# युगपुरुष की ऐतिहासिक उपलब्धि का शंखनाद

■ पद्मभूषण से सम्मानित, परम पूज्य आचार्य श्री रत्नसुंदरसूरिश्वरजी महाराज साहेब के 500 वें ग्रंथ के विश्व-कल्याणकारी विमोचन का अवसर है- 'ऊर्जा महोत्सव'

**मुंबई।** गुजरात की गौरवशाली विरासत और भारतीय संस्कृति के मार्गदर्शक- पद्मभूषण अलंकरण से विभूषित परम पूज्य आचार्य रत्नसुंदरसूरिश्वरजी महाराज साहेब' के 500 वें ग्रंथ 'प्रेमनु विश्व, विश्वनो प्रेम' अर्थात 'प्रेम का विश्व, विश्व का प्रेम' के प्रकाशन के उपलक्ष्य में एक भव्य 'ऊर्जा महोत्सव' का आयोजन किया गया है।

यह छह दिवसीय भव्य आयोजन 7 से 12 जनवरी 2026 तक रिचर्ड्स एंड क्रुड्डास जम्बो फैसिलिटी सेंटर, मुलुंड, मुंबई में आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस ग्रंथ का विमोचन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के करकमलों से 11 जनवरी 2026 को संपन्न होगा। प्रधानमंत्री जी की यह गौरवशाली उपस्थिति आचार्यश्री के वैश्विक प्रभाव और आध्यात्मिक तेज का प्रमाण है।



**विश्ववंदनीय प्रवचनकार और युवा परिवर्तन के प्रेरणास्रोत**

वर्धमान तपोनिधि, परम पूज्य गुरुदेव श्री भुवनभानुसूरिश्वरजी महाराज साहेब' के आशीर्वाद से आचार्यश्री पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से अपने प्रवचनों द्वारा समाज को जागृत कर रहे हैं। वे एक अत्यंत प्रभावशाली और विश्वविख्यात वक्ता हैं, जिनके प्रवचनों से लाखों युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उनके मार्गदर्शन से असंख्य युवाओं ने नैतिकता, संस्कार और सकारात्मक जीवनशैली अपनाई है, अनेक लोगों ने व्यसन और नकारात्मक विचारों से मुक्ति पाई है तथा जीवन को नई दिशा दी है।

**साहित्य सम्राट की अद्वितीय उपलब्धि-500 ग्रंथों का लेखन**

आचार्यश्री ने केवल प्रवचनों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि अपने लेखन से भी समाज का मार्गदर्शन किया है। फैमिली, स्ट्रेस मैनेजमेंट, पॉजिटिविटी और ह्यूमैनिटी जैसे 80 से अधिक संवेदनशील विषयों पर उन्होंने गुजराती भाषा में 500 पुस्तकें लिखकर साहित्य जगत में एक अद्भुत कीर्तिमान स्थापित किया है। इस असाधारण साहित्यिक योगदान के लिए उन्हें दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है। उनका स्पष्ट संदेश है राष्ट्र को नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधना, जिसे वे अपने प्रवचनों और लेखन के माध्यम से पूरे राष्ट्र को दे रहे हैं।

**आध्यात्मिक संगम और राष्ट्र के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति**

आचार्यश्री के तेजस्वी व्यक्तित्व और प्रेरणादायी विचारों के कारण देश के कई शीर्ष नेता उनसे आशीर्वाद लेने के लिए नियमित रूप से मिलते रहते हैं। उनमें आरएसएस प्रमुख श्री मोहन भागवत, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जैसे राष्ट्र-नेताओं का समावेश है।

# मंडलायुक्त ने किया गणना प्रपत्रों के कार्य का अवलोकन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करने मंगलवार को सहारनपुर मंडल के आयुक्त डॉ. रूपेश कुमार शामली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मतदेय स्थलों पर तैनात बूथ लेवल अधिका. रियों बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के दौरान वितरित एवं डिजिटाइज किए जा रहे गणना प्रपत्रों के कार्यों का अवलोकन किया।

आयुक्त ने थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोहरपुर, नंगली जमालपुर और बन्तीखेड़ा स्थित मतदेय स्थलों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने जनपद की तीनों विधानसभाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया। विधानसभा कैराना से बीएलओ मुक. ेश गिरी व अनुज चौहान, विधानसभा थानाभवन से बीएलओ स्वाति व रूकमेश, जबकि विधानसभा शामली से बीएलओ शिवानी को बेहतर कार्य के लिए आयुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र और 5101 रूपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। आयुक्त डॉ। रूपेश कुमार ने बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन और डिजिटाइजेशन कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सभी अधिकारी कठिन परिश्रम से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान, एडीएम सत्एंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, सीओ अमरदीप मोर्य, सीओ थानाभवन जितेंद्र यादव मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत पर अज्ञात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर निवासी सत्तों पुत्र रामदिया उमर 40 वर्ष की सोमवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई रामफल पुत्र रामदिया ने थाने में तहरीर दी कि पीड़ित का भाई सत्तों थानाभवन से पैदल अपने गांव लौट रहा था।

जैसे ही वह हरड़ मार्ग पर गांव के रास्ते के करीब पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर लगते ही सत्तों सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा सूचना मिलते ही परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे तथा पुलिस की मदद से उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के उपरांत सत्तों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर से परिवार में को. हराम मच गया।

मृतक के परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# गोशालाओं की निगरानी को सीसीटीवी कैमरे लगाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला प्रशासन के निर्देश पर जनपद शामली की सभी गौशालाओं में सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रशास. निक स्तर पर यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि गौशालाओं में रह रहे गौवंशों की देखभाल, सुविधा और सुरक्षा पर लगातार नजर रखी जा सके। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से बढ़ रही सर्दी और कोहरे के कारण जनपद में ठंड का प्रकोप तेज हो गया है। ऐसे में गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए गौशाला प्रबंधन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। कई गौशालाओं में अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है, वहीं रात के समय शीतलहर और कोहरे से बचाव के लिए गौवंशों के स्थान को तिरपाल और गर्म कपडों से ढक दिया गया है। जिससे उन्हें किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या न हो। इसी क्रम में क्षेत्र के कस्बा बनत स्थित बृहद गौ संरक्षण केंद्र में भी मंगलवार को सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए। गौशाला संच. ालक दिनेश कुमार ने बताया कि गौशाला परिसर में कुल चार कैमरे स्थापित किए गए हैं। सभी कैमरे वाईफाई से जुड़े हुए हैं, जिससे उनकी निगरानी सीधे जिला प्रशासन तथा उत्तर प्रदेश सरकार के स्तर से की जा सकेगी। दिनेश कुमार के अनुसार, इस




तकनीकी व्यवस्था से गौशाला में रहने वाले गौवंशों के भोजन, पानी, उपचार और देखभाल की वास्तविक स्थिति का आकलन आसानी से किया जा सकेगा। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से गौशालाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और गौवंशों के कल्याण में और अधिक सुधार आएगा। प्रशासन ने सभी गौशाला संचालकों को निर्देशित किया है कि वे ठंड के मौसम में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

## दूसरी मंजिल से गिरकर महिला घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के मोहल्ला गुजरा. तियान निवासी 59 वर्षीय मधु अग्रवाल सोमवार देर रात्रि अपने मकान की दूसरी मंजिल पर गई थी। बताया जाता है कि मकान में निर्माण कार्यो के दौरान दूसरी मंजिल का लोहे का जाल खुला हुआ था। इसी दौरान महिला को जाल दिखाई न देने से महिला दूसरी मंजिल से जाल से निकलकर गिर गई। जिससे महिला को गंभीर चोट आई। तत्काल महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया कराया गया। मंगलवार सवेरे घायल महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां महिला का सिटी स्कैन किया गया। महिला को गंभीर अवस्था में हायर सैंटर के लिए रेफर किया गया है।

# सफाईकर्मियों की हड़ताल से झिंझाना बेहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नगर पंचायत अध्यक्ष की हठधर्मिता और सफाई कर्मचारियों की जिद के बीच कस्बे के लोग पिछले छह दिनों से बुरी तरह पिस रहे हैं। सफाई कर्मियों की लगातार चल रही हड़ताल के चलते गली.मोहल्लों में कूड़े के अंबार लग चुके हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि गलियों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। चारों ओर फैली बदबू और बढ़ते मच्छरों ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। कूड़े के ढेरों से महामारी फैलने का खतरा गंभीर रूप से बढ़ गया है। कस्बा वासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील की है कि नगर पंचायत अध्यक्ष और सफाई कर्मियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई कर तुरंत सफाई व्यवस्था सुचारू कराई जाए। उनका कहना है कि दोनों पक्षों की लड़ाई का खामियाजा निर्दोष जनता को भुगतना पड़ रहा है।

फुरकान कुरैशी ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष और सफाई कर्मचारियों का विवाद उनका निजी मामला है, लेकिन कस्बे की जिम्मेदारी अध्यक्ष की ही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष की हठधर्मिता के कारण पूरे कस्बे को कूड़े का ढेर बना दिया गया है, जबकि यह अत्यंत गलत है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन नगर पंचायत अध्यक्ष और सफाई कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर सफाई व्यवस्था तुरंत दुरुस्त कराए। गंदगी बढ़ने से बीमारियां फैलने का खतरा है और यह जिम्मेदारी शासन.प्रशासन की है, आम जनता की नहीं। अकील खान ने प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले छह दिनों से शासन.प्रशासन ष्कुंभकर्णीय नींदष में सोया हुआ है। जब गंदगी के ढेर गलियों से बढ़कर घरों के अंदर तक पहुंचेंगे, तब शायद प्रशासन की आंखें खुलेंगी। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मोहल्ला तलाही निवासी एहसान ने बताया कि कस्बे में चारों ओर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और बदबू से हालात बदतर हो चुके हैं। बाहर से आने वाले लोग भी कस्बे की दुर्दशा देखकर पूछ रहे हैं कि यहां सफाई व्यवस्था क्यों नहीं है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन सफाई कर्मियों और नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर तुरंत सफाई व्यवस्था बहाल करे, ताकि फैलने वाली बीमारियों और महामारी को समय रहते रोका जा सके। कस्बे वासियों का कहना है कि अब पूरा कस्बा प्रशासन की कार्रवाई पर टिका हुआ है। यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

# एसआईआर प्रक्रिया को सरल बनाए जिला प्रशासनः ओम प्रकाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना एवं थानाभवन विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के एसआईआर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि एसआईआर फार्म भरने में लोगों को काफी दिक्कते आ रही है। इस प्रक्रिया को जिला प्रशासन सरल करे और बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन कराए। जिससे महिलाओं, बुर्जुगों और अन्य लोगों को परेशानी न हो।

मंगलवार को शहर के विश्वकर्मानगर स्थित कैंप कार्यालय पर बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के कैराना एवं थानाभवन विधानसभा एसआईआर कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा लागू की जा रही एसआईआर प्रक्रिया जटिल, पक्षपाती तथा आम जनता के लिए चिंता का विषय बन गई है। एसआईआर फार्म भरने में लोगों को परेशानी हो रही है। खासतौर पर जो लोग गांव छोडकर शहरों में आकर बस गए है उनको अपनी पुरानी वोटर लिस्ट में नाम नही मिल पा रहे। शादी शुदा महिलाओं को अपने पिता का वोटर लिस्ट में नाम लेने के लिए अपने मायके जाकर ढूढना पड रहा है। मृतक माता पिता की मतदाता सूची न मिलने से वह भटक रहे है। उन्होने जिला प्रशासन से मांग की कि बीएलओ घर घर जाकर सत्यापन करें और फार्म भरने के कार्यो को सरल किया जाए। पूर्व नगर अध्यक्ष वैभव गर्ग ने कहा कि एसआईआर को लेकर विशेषकर दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग अपने मताधिकार से वंचित होने का खतरा महसूस कर रहे हैं। एसआईआर लागू होने के बाद कई राज्यों में बीएलओ कर्मचारियों द्वारा आत्महत्या जैसी घटनाएं सामने आई हैं, जो पूरी प्रक्रिया की गंभीरता और दबाव को दर्शाती हैं। उन्होने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को आम जनता के हित में सरल बनाया जाए। कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार की रक्षा सर्वोपरि है, जिसे किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रवीन तरार, ओमबीर उपाध्याय, बिजेन्द्र पाल शर्मा, ज्योति प्रसाद शर्मा, प्रीतम सिंह, सुभाष सिलावर आदि मौजूद रहे।

# शादी के नौ दिन बाद नकदी व जेवर लेकर दुल्हन फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर शादी के मात्र नौ दिन बाद ही लाखों रूपए की नकदी और कीमती जेवरात लेकर फरार होने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने गिरोहबंदी कर फर्जी शादी कराने वाले लोगों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी अर्चित गर्ग ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अविवाहित था और शादी के लिए सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व कुरुक्षेत्र के कुछ लोगों कार्तिक, अनुज कुमार, मोनू पंचाल और टीनू कृ से संपर्क में आया था। आरोप है कि इन लोगों ने खुद को शादी कराने वाला संगठन बताते हुए दो लाख रूपए की फीस तय की और शादी के बाद यह रकम अनुज को दे दी गई। गत 11 नवंबर को कुरुक्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ स्थित मां काली मंदिर में रिंकी पुत्री भवन सिंह से उसकी शादी कराई गई। शादी के बाद रिंकी उसके साथ शामली आकर नौ दिन तक घर में रही।

आरोप है कि 20 नवंबर को सुबह वह दुकान चला गया, और दोपहर 3 बजे वापस आने पर पत्नी रिंकी घर से गायब मिली। घर की अलमारी चेक करने पर तीन जोड़ी बिछुए, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी कानों के टॉप्स, एक सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, चार चांदी के लॉकेट, मोबाइल फोन, करीब 20 हजार रूपए नकद तथा अलमारी से एक लाख 13 हजार रूपए समेत अन्य सामान गायब मिला। पीड़ित का कहना है कि जब उसने रिंकी की मां शीला कौर से संपर्क किया तो उसने बताया कि रिंकी अपनी मौसी पूजा के साथ हिमाचल चली गई है। परिजनों आश्वासन दिया था कि रिंकी 24 नवंबर तक घर लौट आएगी, लेकिन वह नहीं लौटी। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। वही पुलिस का कहना है कि अर्चित स्वयं पत्नी को उसके मायके छोडकर आया है और हो सकता है कि वह नकदी व जेवरात साथ लेकर चली गई हो मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## कांग्रेस नेता ने की एसआईआर प्रक्रिया को सहज व सरल बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** जिला कांग्रेस कमेटी शामली के जिला उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी शमशीर खान ने एसआईआर प्रक्रिया को आमजन के लिए सहज एवं सरल बनाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि संगठन के जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान विगत 17 नवंबर को जिला निर्वाचन अधिकारी शामली को ज्ञापन-पत्र देकर एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाए जाने की मांग कर चुके है। शमशीर खान का कहना है कि जिले में ज्यादातर लोग अभी भी एसआईआर प्रक्रिया की बारीकियों को पूरी तरह से नही समझ पाए है। कम पढ़े-लिखे मतदाता अपना फॉर्म सही तरीके से नहीं भर पा रहे है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि लोगों को फॉर्म भरने में सहूलियत मिल सके। फॉर्म की स्थिति एवं अपडेट एसएमएस के माध्यम से मोबाइल पर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे आम जनता को बार-बार सरकारी कार्यालय न जाना पड़े।

# वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने से टेंशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर बढ़ोतरी की ओर है। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 229 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। सोमवार को यह स्तर 212 था। जिला प्रशासन और प्रदूषण विभाग के लाख प्रयासों के बावजूद प्रदूषण में उतार-चढ़ाव जारी है। चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। जनपद शामली में पिछले करीब एक सप्ताह से एक्यूआई लगातार खराब श्रेणी में है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खराब है। कोल्हुओं, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं तथा सड़कों पर उड़ने वाली धूल वायु प्रदूषण का बड़ा कारण बनी हुई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जरूरत के अनुसार टीमें निगरानी भी कर रही हैं। शामली सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डा। दीपम कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। वातावरण में मौजूद अत्यंत सूक्ष्म कण, पार्टिकुलेट मैटर 2।5 फेफड़ों और श्वसन तंत्र को सीधे प्रभावित करते हैं। इससे बचने के लिए मास्क का प्रयोग आवश्यक है। इन कणों के कारण फेफड़ों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, और रक्तवाहिकाओं के संकुचित होने से रक्तचाप बढ़ने का खतरा रहता है। वही दूसरी ओर ठंड का प्रकोप भी बढा है। रात्रि में न्यूनतम तापमान गिरकर 8 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया है, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सैल्यिसस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में शीतलहर का असर बढ़ेगा और ठंड और अधिक महसूस होगी।

# बिजली बिल राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं उपभोक्ताः एसई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कैराना में पैदल भ्रमण करके उपभोक्ताओं से आगामी एक दिसंबर से लागू होने जा रही बिजली बिल राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने उपभोक्ताओं को प्री-पेड स्मार्ट मीटर से रिचार्ज करने के तौर-तरीकों से भी अवगत कराया।

मंगलवार को अधीक्षण अभियंता शामली वीरेंद्र सिंह कैराना पहुंचे। जहां पर उन्होंने विद्युत विभाग की स्थानीय टीम के साथ में कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग पर स्थित मोहल्ला आलकलां व दरबार खुर्द का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं से संवाद करते हुए आगामी एक दिसंबर से लागू होने जा रही बिजली बिल राहत योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। एसई ने कहा कि विभाग के इतिहास में



ऐसा पहली बार हुआ है कि बकाएदारों को शत-प्रतिशत सरचार्ज माफी के साथ-साथ मूलधन में भी 25 फीसदी की छूट प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना तीन चरणों में लागू होगी, जिसमें पहला चरण 1 दिसंबर से 31 दिसम्बर 2025, द्वितीय चरण 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तथा तृतीय चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। प्रत्एक चरण में एकमुश्त व किश्तों के भुगतान के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। वहीं, एसई ने उपभोक्ताओं को प्री-पेड स्मार्ट मीटर के रिचार्ज करने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर एक्सईएन फोर्थ जयप्रकाश, एसडीओ कैराना अमित गुप्ता, अवर अभियंता अजय शर्मा तथा संविदाकर्मी कंवर अली, इकबाल, फारुख, रिजवान, शमशेर, सादिक आदि मौजूद रहे।

## दो मामलों में दो अभियुक्तों को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करके 2 मामलों में 2 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के माध्यम से सुनाई सजा व कुल 3500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

1. वर्ष 2008 में अभियुक्त जुल्फकार पुत्र शरीफ निवासी तालाब थाान कैराना शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए 25.11.2025 को न्यायालय से अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा व 1500/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस का अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है।

2. वर्ष 2012 में अभियुक्त फरमान पुत्र अशफाक निवासी ग्राम बुन्टा थाना गढीपुख्ता जनपद शामली के विरुद्ध थाना गढ़ीपुख्ता शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी करते हुए 25.11.2025 को न्यायालय से अभियुक्त को 2000/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस का अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऑल टीचर्स इम्पलाईज वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर मंगलवार को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर के लिए दर्जनों शिक्षक रवाना हुए।

मंगलवार को अटेवा के जिला संयोजक नवनीत गहमरी की अध्यक्षता में शिक्षक शहर के आरके इंटर कालेज में एकत्रित हुए। जहां से वह पुरानी पेंशन स्कीम, यूनिफाईड पेंशन स्कीम के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना हुए है। शिक्षकों ने आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी जबरदस्ती टीईटी लागू करने का विरोध किया। उन्होने पुरानी पेंशन बाहली की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।




शिक्षिका बीना कुमारी ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारी का हक है, इसको लेकर रहेगे।

जिला संरक्षक विनय त्यागी ने कहा कि सरकार नई पेंशन स्कील लाकर सरकारी कर्मियों को गुमराह कर रही है। जब सांसद, विधायक पुरानी पेंशन लेकर सकते है तो कर्मचारी पुरानी पेंशन क्यो नही ले सकते है। जिला मंत्री लवकेश कुमार ने कहा कि सरकारी कर्मचारी गुमराह नही होगा, जब तक पुरानी पेंशन नही मिलेगी आन्दोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर रामफूल, विनय त्यागी, मनीष मिश्रा, प्रदीप यादव, विनोद आर्य, पंकज सैनी, सतएन्द्र, कुलदीप, अरविन्द कुमार, रोहित, विजय नारायण आदि मौजूद रहे।

# दूसरे व्यक्ति के खाते में गए दो लाख वापस कराए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना कोतवाली पर कार्यरत साइबर सेल की टीम ने यूपीआई के माध्यम से भूलवश दूसरे व्यक्ति के खाते में गए दो लाख रूपए की राशि युवक को वापस कराई है। कस्बे के मोहल्ला शेखबद्धा निकट पटवारी वाली मस्जिद निवासी केशर कय्यूम ने कैराना साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि विगत 24 नवंबर को उसके द्वारा दो लाख रूपये ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से परिचित की बजाय गलती से किसी अन्य अज्ञात व्यक्ति के खाते में चले गए। एसपी शामली ने कोतवाली पर कार्यरत साइबर टीम को युवक की धनराशि वापिस कराने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार को एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार साइबर सेल की टीम ने मामले में तत्परता से कार्यवाही करते हुए पीड़ित युवक की शत-प्रतिशत राशि दो लाख रूपए वापिस करा दी। वहीं, पीड़ित युवक ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरुण कुमार, कम्प्यूटर ग्रेड-बी अनिल कुमार, कांस्टेबल मानवेन्द्र सिंह तथा समस्त साइबल सेल टीम का आभार व्यक्त किया है। वहीं, पुलिस ने आमजन से किसी भी प्रकार की गलत ऑनलाइन ट्रांजेक्शन अथवा साइबर फॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर-1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।



# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार शाम मेरठ करनाल हाईवे पर एक सड़क हादसे के दौरान बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।



सरधना थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर निवासी देव पुत्र रविंदर मंगलवार शाम करीब 5 बजे पास के ही गांव दबथुवा में बाजार से सामान लेने जा रहा था। हाईवे के कट से दूसरी ओर मुड़ते समय, सामने से सड़क पार कर रहे दबथुवा निवासी 60 वर्षीय कैलाश का हाथ अचानक बाइक के हैंडल में उलझ गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक फिसलते ही देव का सिर हाईवे के डिवाइडर से टकरा गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, कैलाश भी गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उन्हें मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि तहरीर मिलने पर इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, में उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल पांचवीं वाहिनी, सहारनपुर RRTS चतुर्थ इकाई के 120 से अधिक अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों हेतु एक महत्वपूर्ण सॉफ्ट स्किल्स एवं व्यवहारिक दक्षता-विकास प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया।

इस विशिष्ट कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी सुरक्षा बल की असली शक्ति केवल शारीरिक सामथर्य में नहीं, बल्कि उसके अनुशासन, संचार कौशल और मानवीय संयम में निहित होती है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी फोर्स का प्रशिक्षण तभी पूर्ण माना जाता है जब उसमें आधुनिक तकनीक, संवेदनशीलता और व्यवहारिक दक्षताओं का समन्वय हो। सत्र के मुख्य वक्ता एवं प्रमुख सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर सीनियर निदेशक एचआर देवेंद्र नारायण ने सुरक्षा व्यवस्था में सौम्य कौशल की अत्यधिक आवश्यकता पर अत्यंत प्रभावी एवं व्यावहारिक विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल हथियार, शक्ति या वर्दी से नहीं बनती सुरक्षा संवाद, व्यवहार, निर्णय क्षमता और धैर्य से निर्मित होती है। उन्होंने विशेष रूप से RRTS एवं सार्वजनिक परिवहन सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यात्रियों के साथ सकारात्मक, सम्मानपूर्ण और संयमित संवाद सुरक्षा कर्मियों की पेशेवर पहचान को मजबूत करता है और जनता के मन में सुरक्षा का विश्वास स्थापित करता है। उनका प्रशिक्षण कर्मियों के लिए तनाव प्रबंधन, सक्रिय सुनने, स्थिति आधारित निर्णय क्षमता और विनम्रता आधारित व्यवहारिक प्रतिक्रिया जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित था। इस अवसर पर असिस्टेंट कमांडेंट राजीव यादव ने भी UPSSF के दृष्टिकोण एवं भावी दिशा पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि



इस प्रकार की कार्यशालाएं सुरक्षा कर्मियों की वास्तविक कार्यक्षमता में गुणात्मक वृद्धि करती हैं और आधुनिक सुरक्षा वातावरण की मांगों के अनुरूप उन्हें अधिक दक्ष तथा संवेदनशील बनाती हैं। उन्होंने विश्व. विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे सुरक्षा बलों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

कार्यक्रम का उद्देश्य UPSSF कर्मियों में पेशेवर क्षमता, संचार दक्षता, यात्रियों से संवाद कौशल और परिस्थिति सामंजस्य क्षमता को सशक्त बनाना था, जिसे उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों द्वारा अत्यंत सकारात्मक रूप से सराहा गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर इंस्पेक्टर सचिन कुमार, इंस्पेक्टर यादव, तथा विश्वविद्यालय से डीन अकादमिक्स प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, निदेशक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट डॉ. अभिषेक कुमार डबास, निदेशक आउटरीच डॉ. नेहा वशिष्ठ, उप कुलसचिव रमन शर्मा, तथा ले. डॉ. कुलदीप कुमार उपस्थित रहे।

## जब धर्म जी ने सोनिया गांधी से कहा था मैडम में आपकी बहुत इज्जत करता हूं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कभी राजस्थान की जाट बहुल बीकानेर लोकसभा सीट कांग्रेस पार्टी का अभेद दुर्ग हुआ करती थी। तब इस दुर्ग का भेदन करने के लिए भाजपा के दिग्गजों ने कांग्रेस को पटकनी देने के लिए बॉलीवुड ही मैन धर्मेन्द्र को भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतारा था जब धर्मेन्द्र भाजपा की तरफ से भारी पड़ते दिखाई दिये तब कुछ कांग्रेसियों ने अभद्र हरकत करते हुए हेमा मालिनी और धर्मेन्द्र के विवाह को लेकर यह तक कह दिया था कि धर्मेन्द्र ने हेमा मालिनी से शादी करने के लिए इस्लाम कबुल कर लिया था। तब उस समय धर्म जी ने बहुत ही शालिनता का परिचय देते हुए एक प्रेसवार्ता बुलाई और उसमें सोनिया गांधी को संबोधन करते हुए बहुत ही विनम्रता से कहा था कि मैडम मेरी पार्टी के लोग आपके लिए कुछ भी कह देते हैं लेकिन कभी आपने मेरे मुंह से एक शब्द भी नहीं सुना होगा। मेरे लिए आप आदरणीया थी, हैं और रहेंगी। उनकी प्रेसवार्ता का सीधा मैसेज था कि कांग्रेस अध्यक्षा अपने कार्यकर्ताओं के विवादित वचनो पर अंकुश लगाये और इसका असर भी देखने को मिला। चुनाव धर्मेन्द्र जीते थे। कांग्रेस का अभेद दुर्ग उन्होंने भेद दिया था लेकिन इसके बाद उन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने एसआईआर फॉर्म भरने में आ रही दिक्कतों का किया विरोध




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने बुढ़ाना गेट पार्टी कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया। जिसमें संपूर्ण प्रदेश भर में चुनाव आयोग द्वारा कराई जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर फॉर्म अभियान में आ रही समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता सय्यद आमिर रजा ने कहा कि यह चुनाव आयोग द्वारा बिना तैयारी के SIR कि प्रक्रिया 12 प्रदेशों में लागू की गई है जिसकी वजह से जनता और बीएलओ दोनों को ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। बीएलओ को बिना ट्रेनिंग के फील्ड में उतार दिया गया है काफी समय बीत जाने के बाद भी लोगो के पास फॉर्म नहीं पहुंच पाए हैं। 2003 की वोटर लिस्ट में लोगो को उनके मकान न. ही नहीं मिल रहे। मुस्लिम इलाकों में BLO एक ही जगह बैठकर काम कर रहे हैं। बीएलओ समय से पहले घर चले जाते हैं और फोन रिसीव नहीं करते। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी मांग करती है कि इस समय सीमा को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। जिससे लोग परेशानी से बच सके। इस दौरान सय्यद आमिर रजा, उदयवीर त्यागी, राकेश कुशवाहा, नसीम सैफी आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहेब ने हमें विश्व का सबसे बड़ा संविधान दिया: डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय दलित विकास संस्थान के तत्वाधान में संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर लिसाड़ी स्थित डॉ. अंबेडकर भवन में संविधान दिवस समारोह का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह की अध्यक्षता डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने की व संचालन महेंद्र सिंह ने किया।




मुख्य अतिथि चौ. चरण सिंह विश्व विद्यालय के प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर ने हमें विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान दिया है। संविधान हमारे अधिकारो के साथ साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। हमें अनुशासित रहकर देश के विकास में अपना योगदान प्रदान करना है। डॉ. अनिल कुमार निदेशक आयकर ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया की अनुपम कृति है जो समस्त भारतीयों को एक सूत्र में बांधकर संपूर्ण दुनिया को वसुदेव कुटुंबकम की भावना को प्रबल करने के लिए संकल्पित है।

बहुजन चिंतक प्रो. डॉ. सतीश प्रकाश ने कहा कि हमारा संविधान वर्तमान व भविष्य का मार्गदर्शक है। संविधान बाबा साहेब की दूरगामी सोच को भी दर्शाता है। डॉ. चरण सिंह लिसाड़ी ने कहा कि भारतीय संविधान भारत का सबसे पवित्र ग्रंथ है। लोकतंत्र की आधारशिला है। डॉ. मनोज जाटव ने कहा कि हमारा संविधान वर्तमान व भविष्य का मार्गदर्शक है। सविधान द्वारा प्रदान किये गए सामाजिक मुल्यो की रक्षा करना और मूल कर्तव्यों से श्रेष्ठ नागरिक बनने की सीख देता है। प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान लचीला है। लो. कतंत्र की आधार शिला है। प्रधानाचार्य डॉ. संजीव नागर ने कहा कि हमें भी बाबा साहब की तरह शिक्षित होना है। समारोह में विभिन्न क्षेत्र में कार्य करने वाली प्रतिभाओं खेल उद्यमिता शिक्षा गायन समाज सेवा आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालो में दिशा, पूजा, वंशिका, शुभम, अंश आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर मास्टर लक्ष्मी चंद, चैनलाल हरित पूर्व प्रधान, धर्मवीर सिंह, मुंशी सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. सत्य कुमार, जतिन लिसाड़ी, प्रो. प्रवीण कुमार, धर्मेंद्र, संजय कुमार, नितिन, वीरेंद्र गौतम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जनसंवाद, रोजगार मेला व महिला प्रोत्साहन कार्यक्रम की हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल कैंप कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रैंस का आयोजन किया गया। जिसका साझा सम्बोधन राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. यशपाल बघेल व राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव डॉ. सुशील कुमार ने किया।

इस दौराल रालोद के जिलाध्यक्ष मतलूब गौड भी मौजूद रहे उन्होंने बताया कि बुधवार यानी आज संविधान दिवस के अवसर पर अंबेडकर डिग्री कॉलेज लल्लापुरा मोहकमपुर में होने वाले जनसंवाद, रोजगार मेला व महिला प्रोत्साहन कार्यक्रम में भारी मात्रा में युवा भाग लेने वाले है इसकी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में मेहनत कर रहे है। इसके अलावा उन्होंने वहां आने वाली कंपनियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। बताया की इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उत्तरप्रद. ेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार भी शिरकत करेंगे।

# एसआईआर फॉर्म को समय से भरना और अपलोड करना बेहद जरुरी: मुफ्ती हिफ्जुर्रहमान

**■ जमीयत उलेमा मेरठ का सफल कदम, वोटर फॉर्म भरने के लिए विशेष अभियान का आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने के योग्य बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जमीयत उलेमा शहर मेरठ हेल्प डेस्क के तत्वावधान में, मदरसा चिश्ती, पहलवान कब्रिस्तान, दिल्ली रोड मेरठ में वोटर फॉर्म एसआईआर फॉर्म भरने के लिए एक विशेष और आकर्षक कैंप का आयोजन किया गया।



कैंप का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म के महत्व से अवगत कराना और उन्हें फॉर्म भरने की व्यावहारिक सुविधा उपलब्ध कराना था। मोहल्ले के अनेक लोगों ने इस कैंप से लाभ उठाया और जमीयत उलेमा के वरिष्ठ जिम्मेदारों की देखरेख में अपने फॉर्म भरवाए। कैंप का निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए मुफ्ती जुनैद अध्यक्ष जमीयत उलेमा शहर मेरठ, विशेष रूप से पधारे। इस अवसर पर मुफ्ती फहीम उपाध्यक्ष, जमीयत उलेमा शहर मेरठ, ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वोटर सूची में नाम दर्ज कराना केवल एक कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपका राष्ट्रीय अधिकार और जिम्मेदारी है। हर नागरिक को इस अधिकार की कदर करनी चाहिए और इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। हम आपकी सुविधा के लिए यहां उपस्थित हैं। सुनिश्चित करें कि आप और आपके परिवार के सभी सदस्यों का नाम सही तरीके से दर्ज हो, ताकि आने वाले चुनावों में कोई भी व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए। अपना वोटर फॉर्म समय पर पूरा करें। मुफ्ती हिफजुर्रहमान रशीदी, संयोजक, दर्स-ए-हदीस, हल्का दिल्ली रोड मेरठ ने कहा एसआईआर फॉर्म को समय से भरना और अपलोड करना अत्यंत आवश्यक है। इस मामले में थोड़ी-सी लापरवाही भी भविष्य में परेशानी का कारण बन सकती है। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने प्रतिदिन के आधार पर फॉर्म भरने की व्यवस्था की है, ताकि सभी फॉर्म समय पर और सही तरीके से जमा हो सकें। कैंप में मौजूद जिम्मेदारों ने मतदाताओं के फॉर्म भरे और उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। प्रमुख अतिथियों में मौलाना सलीम, मौलाना मुमताज, हाफिज मोहम्मद आजम आदि शामिल रहे।

## तीन मंजिला इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के नारायणा इलाके में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई, जिससे इमारत की दूसरी और तीसरी मंजिलें ढह गईं। आग की इस घटना में एक व्यक्ति के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। आग लगने की सूचना सुबह मिली, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही समय में इसने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया।

## सोशल इनोवेशन अवार्ड्स 2025 के विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली।** इन्फोसिस की समाजसेवी एवं सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने आज आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड्स के चौथे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। 2018 में शुरू किए गए इन पुरस्कारों के तहत ऐसे लोगों एवं टीमों को चिह्नित एवं पुरस्कृत किया जाता है, जो देशभर में लोगों के जीवनस्तर को सुधारने एवं ऊपर उठाने के लिए उल्लेखनीय समाधान दे रहे हैं।

## जाट महासभा से धर्मेन्द्र के आत्मीय संबंधों की याद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फिल्म जगत के महान अभिनेता धर्मेंद्र का जाट समाज और अखिल भारतीय जाट महासभा से रिश्ता हमेशा भावनात्मक रहा। किसान परिवार में जन्मे धर्मेंद्र गर्व से कहा करते थे कि फिल्मों से पहले उन्हें खेती ही सबसे प्रिय थी और आगे भी वे खुद को किसान के रूप में ही देखना चाहते थे। उनकी यही सादगी उन्हें समाज से विशेष रूप से जोड़ती थी।

इस जुड़ाव की सबसे मजबूत मिसाल 9 मार्च 2007 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में दिखी, जहां महासभा के शताब्दी अधिवेशन में धर्मेंद्र ने भावुक होकर कहा था कि मैं किसान का बेटा हूं, और किसान बनकर ही रहना चाहता हूं। उनके इस संबोधन ने पूरे स्टेडियम को तालियों से गूंजा दिया। उस पल को याद करते हुए अखिल भारतीय जाट महासभा, मेरठ मंडल अध्यक्ष चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर बताते हैं कि धर्मेंद्र की सादगी और समाज के प्रति अपनापन ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। तोमर कहते हैं, उनकी विनम्रता ने हर दिल को छू लिया। वे बड़े सितारे होकर भी पूरी तरह हमारी मिट्टी से जुड़े थे। धर्मेंद्र का यह आत्मीय संबंध आज भी जाट समाज की स्मृतियों में जीवित है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

# सरधना में पत्रकार सम्मलेन का आयोजन, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना पत्रकार एसोशिएशन के तत्वावधान में सरधना नगर में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी और संगठन के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों, वर्तमान कार्य परिस्थितियों तथा सामाजिक दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसके बाद एसोशिएशन के पदाधिकारियों ने पत्रकारों की सुरक्षा, पारदर्शिता, निष्पक्ष रिपोर्टिंग और क्षेत्रीय समस्याओं पर आवाज उठाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। सम्मेलन में संगठन के संरक्षक राजेंद्र मौर्य, लोकेश पंडित, अनुज शर्मा, पराग गुप्ता और रामभूल तोमर ने भी अपने-अपने विचार रखे।

उन्होंने पत्रकारों की समस्याओं को संगठित रूप से उठाने, और स्थानीय स्तर पर मीडिया की मजबूती के लिए संयुक्त प्रयास करने के सुझाव दिये। एसोशिएशन के अध्यक्ष वकार खां ने कहा कि भविष्य में पत्रकारों को सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करने, उनकी आवाज सरकार तक पहुंचाने तथा समाजहित से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सम्मेलन का संचालन संगठन के प्रवक्ता लुकमान चौहान ने व अध्यक्षता सरधना चेयरमैन निजाम अंसारी ने की। इस इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों को संगठन की ओर से सदस्यता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर रमनदीप





चौधरी, सुहैल कुरैशी, अरविन्द सांगवान, इरशाद चौधरी, सुबोध चौधरी, रविंद्र दहिया, प्रमोद कुमार, शाह आलम त्यागी, रिहान आलम, अजय चौधरी, अरुण कुमार, वसीम मलिक, दानिश अंसारी, अनीस, अमित रोहटा, गौरव गर्ग, सुनील एडवोकेट, रुबाब आलम उर्फ रिहान, यासीन युसूफ, ललित गुप्ता, राकेश गोस्वामी, रोहित उपस्थित रहें।

## एनसीसीएफ द्वारा मिलेंगी सस्ते दामों पर खाद्य वस्तुएं

**नई दिल्ली।** प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों एवं बाजार में बढ़ती कीमतों के बीच उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत प्रदान करने हेतु भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड द्वारा आवश्यक खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति रियायती दरों पर जारी है।

इस पहल के अंतर्गत जनाह ब्रांड के टमाटर 52 प्रति किलोग्राम एनसीसीएफ द्वारा उपलब्ध प्याज 15 प्रति किलोग्राम उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार उपलब्ध है वहीं टमाटर एनसीसीएफ के अपने ब्रांड जनाह के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि प्याज की आपूर्ति उपभोक्ता मामले विभाग, भारत सरकार के तहत बाजार हस्तक्षेप कार्यक्रम के अनुसार की जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम उपभोक्ताओं पर बढ़ती कीमतों के प्रभाव को कम करना एवं आवश्यक वस्तुओं की सुलभता और वहनीयता सुनिश्चित करना है। एनसीसीएफ की एमडी अनीस जोसेफ चंद्रा ने कहा कि......

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ते जीटीबी अस्पताल रोड के फुटपाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक में स्थित जीटीबी अस्पताल दिल्ली सरकार का बड़ा अस्पताल माना जाता है, जिसमे रोजाना हजारों लोग ईलाज के लिए पहुंचते है, अब यह अस्पताल अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा है, अस्पताल के सभी गेटों पर अतिक्रमण इस कदर फैला हुआ है कि एम्बुलेंस या मरीजों के वाहनों को इस अतिक्रमण की वजह से अक्सर देरी होती है स गौरतलब है कि कुछ लोगो ने तो अस्पताल के पास की फुटपाथ को ही पूरा घेर लिया है और जिसपर छोले भटूरे और चाय की दुकान के साथ कपडे बेचने शुरू कर दिए है जिस वजह से लोग इन फुटपाथ पर नहीं चल पाते और सड़क पर ट्रैफिक के बीच चलने को मजबूर है। सवाल यह पैदा होता है कि इस तरह फुटपाथ पर अतिक्रमण करते समय इसके ऊपर कार्रवाई क्यों नहीं हुई और आज भी इस अतिक्रमण को लेकर नगर-निगम और दिल्ली पुलिस ने आंखे क्यों बंद की हई है स सबसे अहम बात है। जीटीबी अस्पताल की लाल बत्ती के पास गेट न-3 के पास पुलिस पोस्ट बनी हुई है




और यह गेट भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ा हुआ है, बाकायदा लोगो ने अपनी रेहड़ियों के साथ फ्रिज और अन्य सामान स्थाई रूप से रखकर फुटपाथ को बिल्कुल बंद कर दिया है स इसी तरह जीटीबी अस्पताल के गेट न-7 के पास बनी फुटपाथ पर लोगो ने खाने-पीने के खोखे लगा रखे है,पुरे फुटपाथ पर इस कदर अतिक्रमण किया हुआ है,कि वहां से निकलना मुश्किल है। इनके अलावा अस्पताल के जो गेट बंद है उनके बाहर रेहड़ियों वालो ने पूरा कब्जा किया हुआ है। गौरतलब है जीटीबी अस्पताल परिसर से लगकर खुलेआम बीड़ी-सिगरेट और गुटखा तम्बाकू बेचा जा रहा है जो कानून व्यवस्था पर सवाल खडे करता है, किसी भी अस्पताल परिसर के पास तम्बाकू और नशे का सामान की बिक्री पूरी तरह प्रतिबन्धित होती है। हालांकि शाहदरा जिला विकास समिति की बैठक में अतिक्रमण को लेकर चर्चा हुई थीं और समिति अध्यक्ष जितेंद्र महाजन ने जिले में और जीटीबी अस्पताल के पास फैले अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को बोला था, जिसके बावजूद अभी तक जीटीबी अस्पताल अतिक्रमण से मुक्त नहीं हो पाया है।




# भारत सीरीज गंवाने के संकट में

## भारत की दूसरी पारी में खराब शुरुआत हुई और उसके दोनों ओपनर 21 रन तक पवेलियन लौट गए

**गुवाहाटी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी चौथे दिन मंगलवार को पांच विकेट पर 260 रन पर घोषित कर भारत के सामने जीत के लिए 549 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए भारत ने स्टंप्स तक तक दो विकेट पर 27 रन बना लिए हैं। भारत अभी लक्ष्य से 522 रन पीछे है। भारत की दूसरी पारी में खराब शुरुआत हुई और उसके दोनों ओपनर 21 रन तक पवेलियन लौट गए। पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मार्को यानसन ने यशस्वी जायसवाल को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया जबकि स्पिनर साइमन हार्मर ने केएल राहुल को बोल्ड किया। जायसवाल ने 13 और राहुल ने छह रन बनाए। स्टंप्स के समय साई सुदर्शन दो और नाईट वॉचमैन कुलदीप यादव चार रन बनाकर क्रीज पर थे। दक्षिण अफ्रीका इस मैच में जीत से मात्र आठ विकेट ही दूर है। वहीं भारत की सलामी जोड़ी पवेलियन लौट चुकी है। कल भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती पूरे ओवर खेलने की होगी और इसके लिए भारतीय बल्लेबाजों को बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अब मैच का नतीजा निकलेगा या नहीं निकलेगा यह तो कल पता चलेगा लेकिन अब तक की कहानी यही है कि दक्षिण अफ्रीका ने भारत को चारों खाने चित्त कर दिया है। खेल के आखिरी हिस्से में भारत के दो विकेट गिरे, जायसवाल और केएल राहुल के। मैच में अभी तीन सेशन बाकी हैं, दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए आठ विकेट चाहिए, जबकि इंडिया को 522 रन का बड़ा टारगेट चाहिए-जो असल में पहुंच से बहुत दूर है। इंडिया की जीत की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगर वे अपना धैर्य बनाए रखते हैं और पॉजिटिव इरादा दिखाते हैं, तो वे अभी भी ड्रॉ कराने की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की टैक्टिक्स ने कुछ लोगों को हैरान कर दिया। डिक्लेरेशन में देरी करके और बहुत ज्यादा सावधानी बरतकर, उन्होंने बचे हुए इंडियन विकेट लेने के लिए कुछ कीमती ओवर गंवा दिए। एक ऐसे मैच में जिसमें बड़े एक्शन की जरूरत थी, इनिंग्स के आखिर में उनकी सुस्त बैटिंग ने डिक्लेरेशन को और भी हैरान कर दिया, एक ऐसा ऑप्शन जो इंडिया को बचने का रास्ता दे सकता है। उम्मीद है कि स्पिनर्स 5वें दिन स्क्रिप्ट बनाएंगे। महाराज, हार्मर और मुथुसामी के साथ, साथ ही मार्करम भी मदद के लिए मौजूद हैं, प्रोटियाज के पास खराब पिच का फायदा उठाने के लिए ऑप्शन की कोई कमी नहीं है। और फिर मार्को यानसन हैं। शायद इस टेस्ट के सबसे अच्छे परफॉर्मर। उन्होंने पहली इनिग में जरूरी रन बनाए, और उनकी तेज शॉर्ट-बॉल की बौछार ने तीसरे दिन इंडिया के बैट्समैन को परेशान कर दिया। द.अफ्रीका उनसे उम्मीद करेगा कि वे आखिरी दिन भी वही जोश दिखाएंगे। यह सिर्फ़ दूसरी बार है जब भारत को घरेलू टेस्ट में 500 से ज्यादा का टारगेट दिया गया है। इससे पहले 2004 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 543 रन का टारगेट दिया था। वह मैच वे 342 रन से हार गए थे, जो रनों के हिसाब से उनकी सबसे बड़ी हार है। दक्षिण अफ्रीका ने कल के बिना कोई विकेट खोए 26 रन से आगे खेलना शुरू किया और पांच विकेट पर 260 रन पर अपनी पारी घोषित की।

### चार और टीमें मदुरै चेन्नई पहुंचीं

**मदुरै, वार्ता।** एफआईएच हॉकी मेन्स जूनियर वर्ल्ड कप से पहले उत्साह बढ़ने के साथ, जापान और चिली चेन्नई पहुंच गए, जबकि स्पेन और ऑस्ट्रिया 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक होने वाले इस बड़े इवेंट के लिए अपनी आखिरी तैयारियां शुरू करने के लिए मदुरै पहुंच गए। जापान, जो अपना चौथा जूनियर वर्ल्ड कप खेल रहा है, सोमवार देर रात पहुंचा। अर्जेंटीना, चीन और न्यूजीलैंड के साथ पूल सी में रखे गए जापानी, भारत के इस दौरे पर अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगे। वे 28 नवम्बर को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, फिर 30 नवम्बर को चीन से भिड़ेंगे, और आखिर में 1 दिसम्बर को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपना ग्रुप स्टेज पूरा करेंगे। जापानी टीम के ठीक बाद चिली टीम थी, जिसे भारत, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### रोहित शर्मा पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए बने टूर्नामेंट एंबेसडर

**मुम्बई, वार्ता।** आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने रोहित शर्मा को पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टूर्नामेंट एंबेसडर घोषित किया है। 7 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले 2026 टी-20 विश्व कप को भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करेंगे। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य 18 टीमें हैं: अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, इटली, नीदरलैंड, नामीबिया, ज़िम्बाब्वे, नेपाल, ओमान और यूएई। भारत मौजूदा डिफ़ेंलडग चैंपियन है, जिसने रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्व कप के फ़ाइनल में बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

#### चेन्नई 9-14 दिसम्बर तक स्क्वैश वर्ल्ड कप होस्ट करेगा

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई 9-14 दिसंबर तक होने वाले वर्ल्ड कप को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार है, इसलिए इस चहल-पहल वाले शहर में स्क्वैश का बड़ा धमाका होने वाला है। शहूर शॉपिंग मॉल, एक्सप्रेस एवेन्यू और इंडियन स्क्वैश एकेडमी में होने वाली इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों को तीन-तीन टीमों के दो-चार ग्रुप में बांटा गया था, जिसमें भारत को ब्राज़ील और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। तमिलनाडु सरकार द्वारा स्पॉन्सर किए गए इस इवेंट में दुनिया भर के स्क्वैश खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए मुकाबला करने के लिए एक साथ आएंगे, तमिलनाडु के डिप्टी चीफ मिनिस्टर उदयनिधि स्टालिन, जिनके पास स्पोर्ट्स पोर्टफोलियो भी है।

## वेंकटेश प्रसाद केएससीए अध्यक्ष पद के लिए अकेले दावेदार के तौर पर उभरे



● एक चिन्नास्वामी स्टेडियम में कैंडिडेट की मौजूदगी में सत्यापन पूरा करने के बाद वैलिड लिस्ट जारी की

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद मंगलवार को कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष पद की दौड़ में अकेले बड़े दावेदार के तौर पर उभरे, क्योंकि चुनाव अधिकारी द्वारा जारी वैध नॉमिनेटेड उम्मीदवारों की फ़ाइनल लिस्ट में दो बड़े उम्मीदवारों, केएन शांतकुमार और सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर विनय मृत्युंजय के नाम नहीं थे। इन अचानक हुई चूकों ने चुनावी माहौल को पूरी तरह बदल दिया, यह उस दिन हुआ जब कल्पना वेंकटचर, जो अकेली दूसरी बड़ी दावेदार थीं, ने कथित तौर पर अध्यक्ष पद की दौड़ से अपना नाम वापस लेने की घोषणा की, यह कहते हुए कि वह प्रसाद के खिलाफ़ चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं, जिन्हें उन्होंने एक मजबूत लीडर बताया। कर्नाटक हाई कोर्ट के रिट पिटीशन नंबर 34890/2025 के निर्देश पर जस्टिस सुभाष बी अदी की देखरेख में नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की गई। इसमें कई पोस्ट के कैंडिडेट को क्लियर कर दिया गया, लेकिन शांतकुमार - जो शुरू में प्रेसिडेंट पद के उम्मीदवार थे, और मृत्युंजय, जो सेक्रेटरी पद के लिए चुनाव लड़ रहे थे, की गैरमौजूदगी के लिए कोई वजह नहीं बताई गई। यह अभी साफ नहीं है कि उनके नॉमिनेशन रिजेक्ट किए गए या वापस ले लिए गए, और मंगलवार को कोई ऑफिशियल सफाई जारी नहीं की गई। इलेक्टोरल ऑफिसर डा. बी- बसवराजू, आईएएस (रिटायर्ड) ने एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में कैंडिडेट की मौजूदगी में वेरिफिकेशन पूरा करने के बाद वैलिड लिस्ट जारी की। ऑनरेरी वाइस प्रेसिडेंट के पद के लिए, पांच कैंडिडेट को मंजूरी दी गई है: डी' विरियोड सिवप्पा, संतोष मेनन, सुजीत सोमसुंदर बी, कल्पना वेंकटचार और बी- एन- मधुकर। ऑनरेरी सेक्रेटरी की रेस में ईएस जयराम, सुजीत सोमसुंदर और संतोष मेनन हैं, जबकि जॉइंट सेक्रेटरी के लिए बीके रवि, एवी शशिधर और अविनाश वैद्य

### 2026 टी-20 विश्व कप

## 15 फरवरी को होगी भारत-पाक की भिड़ंत

● भारत और पाकिस्तान के ग्रुप में अमेरिका नीदरलैंड और नामिबिया को रखा गया है



**मुम्बई, वार्ता।** 2026 टी-20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत 15 फरवरी को कोलंबो में होगी। टूर्नामेंट के आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा मंगलवार को आईसीसी मुंबई में करेगी। 2025 एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच काफी गर्म माहौल में मैच खेले गए थे और इसके बाद ए दोनों टीमें पहली बार भिड़ती हुई नजर आएंगी। यह मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा जो टूर्नामेंट में भारत का ग्रुप स्टेज का तीसरा मैच होगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि भारत और पाकिस्तान के ग्रुप में अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया को रखा गया है। 7 फरवरी को मुंबई में भारत अपना पहला ग्रुप स्टेज मैच अमेरिका के खलिाफ खेलेगा और यही टूर्नामेंट का पहला दिन भी होगा। 12 फरवरी को दिल्ली में नामीबिया, फिर पाकिस्तान और 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड्स के खलिाफ आखरिी ग्रुप स्टेज मैच खेलेंगे। ग्रुप स्टेज के दौरान टूर्नामेंट में प्रति दिन तीन मैच खेले जाएंगे। 7 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले 2026 टी-20 विश्व कप को भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करने वाले हैं जिसमें पाकिस्तान अपने सारे मैच कोलंबो या कैंडी में खेल सकता है। फ़ॉर्मेट को 2024 जैसा ही रखा गया है जिसमें 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर -8 में प्रवेश करेंगी जहां फिर से उन्हें दो ग्रुपों में बांटा जाएगा। सुपर-8 के ग्रुपों में टॉप-2 पर रहने वाली टीमें सेमीफ़ाइनल में जगह बनाएंगी। यदि भारत ग्रुप स्टेज से आगे बढ़ता है तो उनके सुपर-8 के तीन मैच अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में होंगे। यदि वे अंतिम-4 में पहुंचे तो उनका सेमीफ़ाइनल मुंबई में होगा। ऐसा समझा जा रहा है कि आईसीसी ने कोलंबो या कोलकाता को दूसरे सेमीफ़ाइनल के लिए विकल्प में रखा है जिसका निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि श्रीलंका या पाकिस्तान में से कोई सेमीफ़ाइनल में पहुंच रहा है या नहीं। यदि पाकिस्तान फ़ाइनल में पहुंचा तो इसे कोलंबो में खेला जाएगा अन्यथा फ़ाइनल अहमदाबाद में होगा। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य 18 टीमें हैं: अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड,

## बेल्जियम के खिलाफ भारत 3-2 से हारा

● सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की और बेल्जियम को दूर रखा



**इपोह, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मलेशिया के इपोह में सुल्तान अजलान शाह कप 2025 में बेल्जियम के खिलाफ फाइटिग परफॉर्मेंस दी, लेकिन 3-2 से हार गई। सुल्तान अजलान शाह स्टेडियम में हुआ यह हॉकी मैच पहले सोमवार को होना था, लेकिन भारी बारिश की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया।

भारत के लिए अभिषेक (33') और शिलानंद लाकड़ा (57') ने गोल किए, जबकि पूर्व ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17', 57') और निकोलस डी कर्पेल (45') गोल करने वाले खिलाड़ी थे। सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की, दुनिया की नंबर 3 बेल्जियम को दूर रखा और शुरुआती दबाव का सामना किया। भारतीय गोलकीपर पवन को रीस्टार्ट के दोनों तरफ एक्शन में लाया गया, जिससे उनकी टीम बराबरी पर रही और वे लगातार गेम में आगे बढ़ते रहे। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर से पहला असली मौका मिला, और जल्द ही उन्होंने दूसरा मौका भी बनाया। हालांकि, भारतीय डिफेंस ने मजबूती से खड़े होकर यह पक्का किया कि वे पहले क्वार्टर के बाद बराबरी पर रहें।

भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत फ्रंट फुट पर की, और मौके की तलाश में अच्छे पास दिए। हालांकि, बेल्जियम ने खेल के दौरान बढ़त बना ली, और रोमन डुवेकोट के गोल की मदद से पवन की रुकावट को तोड़ दिया। तुरंत जवाब की तलाश में, दिलप्रीत सिंह ने भारत के लिए एक अच्छा मूव पूरा किया लेकिन खतरनाक खेल के कारण गोल रद्द कर दिया गया। भारत के जोर लगाने और जांच करने के बावजूद, बेल्जियम ने हाफ टाइम तक अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ में भारत ने शुरुआत से ही जोरदार शुरुआत की और अभिषेक के शानदार मूव को गोल में बदलकर बराबरी हासिल की। मोमेंटम के साथ, भारतीयों ने दूसरे गोल की तलाश में बेल्जियम पर दबाव बनाया। हालांकि, निकोलस डी (45') ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को बढ़त वापस दिला दी। उन्होंने जल्द ही अपनी बढ़त बढ़ा ली।

## किसान की बेटी और अस्मिता साइक्लिस्ट पूजा बिश्नोई ने रचा इतिहास

● गेम्स के सातवें एडिशन में मेजबान राज्य राजस्थान के लिए मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई

**जयपुर, वार्ता।** मंगलवार की एक हवादार सुबह जयपुर-आगरा हाईवे पर, सुबह के ट्रैफिक की जानी-पहचानी शांति की जगह रेसिग टायरों की आवाज और दर्शकों का बढ़ता उत्साह ले रहा था। यह खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का रोड साइक्लिग इवेंट था, और ठंडी हवा में साइकिल चला रहे राइडर्स में एक युवा महिला भी थी, जिसका स्टार्ट लाइन तक का सफर उन 30 किलोमीटर से कहीं ज्यादा लंबा और मुश्किल था, जिन्हें वह दौड़ने वाली थी। बीकानेर के एक छोटे से गांव की 22 साल की पूजा बिश्नोई, जो एक किसान की बेटी हैं और बिब नंबर-44 पहने हुए हैं, लाइनअप में सिर्फ़ एक और एथलीट नहीं थीं। वह हिम्मत और हिम्मत की कहानी थी-कोई ऐसा जिसने खड़ी सड़कों या तंग मोड़ों से कहीं ज्यादा बड़ी मुश्किलों को पार किया था। इवेंट के आखिर तक, वह महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते हुए, गेम्स के सातवें एडिशन में मेजबान राज्य राजस्थान के लिए मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई। महिलाओं का एलीट 30 किमी इंडिविजुअल टाइम ट्रायल कॉम्पिटिटिव साइक्लिग की तरह जबरदस्त शुरुआत के साथ शुरू हुआ-लेकिन सरप्राइज जल्दी ही आ गया। पूजा आगे निकल गई, और 10 किमी का पहला लैप लीड में पूरा किया। उसकी रिदम पक्की थी, उसका पोस्चर पक्का था, और उसका कॉन्फिडेंस सबको अपनी ओर खींच रहा था। ट्रैक पर कोच हैरान होकर एक-दूसरे को देख रहे थे। देखने वाले आगे झुक रहे थे जैसे उनकी सांसें उसे और आगे धकेल देंगी। ऐसा लग रहा था कि यह एक ऐसी कहानी है जो उलटफेर में बदलने का इंतजार कर रही है। लेकिन साइक्लिग एक ऐसा खेल है जहां अनुभव अक्सर अहम साबित होता है। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर के लिए राइडिग कर रही अनुभवी मीनाक्षी रोहिल्ला-पटियाला के नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की एक इंटरनेशनल साइक्लिस्ट, जिन्होंने एशिया कप और एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीते हैं।

## चेतन सपकल 25 मी. रैपिड फायर में छठे स्थान पर रहे

● भारतीय शूटर्स ने टोक्यों में 25वें समर डेफलंपिक्स में 16 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया

**टोक्यो, वार्ता।** भारत के चेतन हनमंत सपकल ने 25मी रैपिड फायर पिस्टल में छठा स्थान हासिल किया, जिससे भारतीय शूटर्स ने टोक्यो में 25वें समर डेफलंपिक्स में 16 मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। चेतन, जिन्होंने 564-5ग के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था, छह लोगों के फाइनल में आठ के स्कोर के साथ बाहर होने वाले पहले शूटर थे।

साउथ कोरिया के सेउंग ह्वा ली ने गोल्ड जीता, जबकि उनकी टीम के साथी ताए यंग किम ने ब्रॉन्ज और यूक्रेन के सेरही ओहोरोडनिक ने सिल्वर मेडल जीता। भारतीय शूटर्स ने टोक्यो में शूटिग रेंज में अपना दबदबा बनाया, 10 दिनों के कॉम्पिटिशन में शूटिग में कुल 39 मेडल में से 16 मेडल जीते, जिसमें सात गोल्ड, छह सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। सबसे सफल शूटर राइफल शूटर माहित संधू रही जिन्होंने दो गोल्ड और दो सिल्वर समेत चार मेडल जीते, उसके बाद पिस्टल शूटर अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने क्रम से दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता।

धनुष श्रीकांत ने भी 10मी एयर राइफल इंडिविजुअल और मिक्स्ड टीम इवेंट में दो गोल्ड मेडल जीते, जबकि मोहम्मद मुर्तजा वानिया (एक सिल्वर और ब्रॉन्ज) और कोमल मिलिंद वाघमारे (दो ब्रॉन्ज) ने भी दो-दो मेडल जीते। अनुया प्रसाद ने 10मी एयर पिस्टल विमेंस इवेंट में गोल्ड जीता, जबकि शौर्य सैनी ने 50मी 3पोजिशन में सिल्वर और कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## दीप्ति डब्ल्यूपीएल मेगा नीलामी में सबसे ज्यादा डिमांड वाली खिलाड़ी होंगी: वेदा

● गुजरात जायंट्स को मेगा ऑक्शन में दीप्ती शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए : अंजुम चोपड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जैसे-जैसे टीमें टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 मेगा ऑक्शन की तैयारी कर रही हैं और अपनी टीम को मजबूत करना चाहती हैं, सभी की नजरें भारत की टॉप ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और भरोसेमंद बैट्समैन हरलीन देओल पर हैं, जो उनकी लाइन-अप को मजबूत करेंगी। जियो हॉटस्टार के शो 'मोस्ट वांटेड: टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन' में एक्सपर्ट अंजुम चोपड़ा और वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड असर और हरलीन देओल की वैल्यू को खास भारतीय खिलाड़ियों के तौर पर बताया, जिन पर हर फ्रेंचाइजी करीब से नजर रखेगी। अंजुम चोपड़ा ने अपनी राय साझा करते हुए कहा,षगुजरात जायंट्स को मेगा-ऑक्शन में दीप्ति शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए। दिल्ली कैपिटल्स भी उन्हें एक भारतीय खिलाड़ी के रूप में टारगेट कर सकती है जो बैटिग और बॉलिग दोनों को मजबूत करती है। गुजरात और दिल्ली के बाद यूपी वॉरियर्स उनकी सर्विस लेने में दिलचस्पी रखने वाली तीसरी टीम हो सकती है। गुजरात जायंट्स द्वारा हरलीन देओल को रिलीज किए जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे हैरानी है कि गुजरात जायंट्स ने हरलीन देओल को रिलीज किया। वह एक मल्टी-टैलेंटेड भारतीय खिलाड़ी है जो थोड़ी बॉलिग भी कर सकती है, और मुझे उम्मीद है कि वह अपनी बॉलिग स्किल्स को और डेवलप करेगी। ऑक्शन में उसमें अच्छी दिलचस्पी होगी। दीप्ति शर्मा के साथ, वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी होगी जिसे हर फ्रेंचाइजी टारगेट करेगी क्योंकि टीमें मजबूत भारतीय बैट्समैन और संभावित लीडरशिप ऑप्शन चाहती हैं। वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा की स्किल्स की तारीफ़ की और बताया कि मेगा नीलामी में वह सबसे ज्यादा डिमांड वाली प्लेयर क्यों होंगी। उन्होंने कहा कि दीप्ति शर्मा पिछले डब्ल्यूपीएल सीजन से एक जानी-मानी मैच-विनर हैं, उन्होंने बैट और बॉल दोनों से शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने हाल ही में खत्म हुए विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता। मेगा-ऑक्शन में उनकी डिमांड जरूर ज्यादा होगी, और हर फ्रेंचाइज उन पर करीब से नजर रखेगी।

### आईएससीएल ने ग्रैंड ऑफिशियल जर्सी लॉन्च और टीम ओनर्स इंट्रोडक्शन सेरेमनी होस्ट की

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट फाउंडेशन की लीडरशिप में आईएससीएल ने अपनी ऑफिशियल जर्सी लॉन्च और टीम ओनर्स इंट्रोडक्शन सेरेमनी होस्ट की, जो पूरे भारत में सॉफ्टबॉल क्रिकेट को प्रोफेशनल पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस इवेंट में देश भर के राज्यों, शहरों और इलाकों को रिप्रेजेंट करने वाली 32 टीमों के आने का जश्न मनाया गया, जिसमें अंडमान और निकोबार आइलैंड्स और लक्षद्वीप से पहली बार हिस्सा लेने वाली टीमें भी शामिल थीं।

## नीता अंबानी ने भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई



**मुम्बई, वार्ता।** रिलायंस फॉउंडेशन की चेयरपर्सन और संस्थापक नीता एम- अंबानी ने इंडियन ब्लाइंड विमेंस क्रिकेट टीम को पहला ब्लाइंड विमेंस टी 20 वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई दी है। नीता अंबानी ने बधाई देते हुए कहा कि हमारी नीली जर्सी वाली लड़कियों ने हमें एक बार फिर गर्व महसूस कराया है, क्योंकि इंडिया की विजुअली इम्पेयर्ड विमेंस क्रिकेट टीम ने पहला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता है। उन्होंने हमें दिखाया है कि असली विजन दिल से आता है। उनकी जीत हिम्मत, हिम्मत और कभी न टूटने वाले जज्बे की जीत है। उन्होंने लाखों लोगों के लिए उम्मीद, संभावना और प्रेरणा का रास्ता दिखाया है। उन्हें और उनके परिवारों को मेरी तरफ से दिल से बधाई।

शाह टाइम्स


सम्पादकीय

बुधवार, 26 नवम्बर 2025

# एसआईआर का जाल

बिहार चुनाव के बाद देश के बारह राज्यों में एसआईआर का काम चल रहा है। इसकी जिम्मेदारी उन बीएलओ को दी गई है, जो लोकतंत्र का एक हिस्सा हैं। लेकिन सरकार उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज कर रही हैं। ये बीएलओ घर-घर जाकर दस्तावेज इकट्ठा कर रहे हैं और मतदाता सूची को सही और अद्यतन बनाने में जुटे हैं। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए यह प्रक्रिया बेहद जरूरी है। लेकिन जाल ऐसा हो गया है कि बीएलओ का उसमें से निकलना मुश्किल हो रहा है। नतीजतन देश के अलग अलग राज्यों में 16 बीएलओ की मौत हो गई। सरकार की इस प्रक्रिया पर विपक्ष सवाल उठा रहा है और आम जनता भी कई दिक्कतों का सामना कर रही है। इन सबके बीच हम उन बीएलओ को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं, जो इस अभियान में सबसे सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन्हें लोकतंत्र के सच्चे सिपाही कहा जा सकता है, लेकिन यही सिपाही इस समय परेशान हैं, दबाव में हैं, डर में जी रहे हैं और कई ने तो अपनी जान भी गंवा दी है। ये सभी बीएलओ वर्तमान में किसी न किसी स्कूल में शिक्षक, शिक्षा मित्र के रूप में कार्यरत हैं। कई तो ऐसे हैं जो कई चुनाव देख चुके हैं, जिन्होंने हर बार बिना सवाल किए सरकार के आदेशों का हर बार पालन किया है, लेकिन इस बार जमीन पर मिसमैनेजमेंट ऐसी है कि ये शिक्षक भी त्रस्त हो चुके हैं। दूसरी तरफ अधिकारियों द्वारा काम समय से एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। एक बीएलओ ने दावा किया कि उन्हें टारगेट पूरा न करने पर एफआईआर किए जाने की धमकी दी गई। चुनाव आयोग ने तो यहां तक कह दिया है कि यदि किसी बीएलओ ने सही प्रकार से काम नहीं किया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बेहतर होता कि सरकार इन्हें पहले संसाधन उपलब्ध कराती और फिर कार्यभार सौंपती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि 21 नबंवर की रात से 22 नवंबर के मध्य प्रदेश में दो बीएलओ की बीमारी के कारण मौत हो गई। पश्चिम बंगाल में नदिया में बीएलओ रिंकू का शव घर की छत से लटका मिला। राज्य में एसआईआर से जुड़ा दूसरा सुसाइड, तीसरी मौत है। राजस्थान के जयपुर में रविवार को बीएलओ मुकेश जांगिड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी। करौली में बीएलओ की मौत हो गई। सवाई माधोपुर में एक बीएलओ को हार्ट अटैक से मौत हो गई। मध्य प्रदेश में एक रात में 2 बीएलओ की मौत हो गई और एक लापता हो गया, जबकि दो को हार्ट अटैक आया। देश में एसआईआर का इतना विरोध हो रहा है, लेकिन सरकार के ऊपर कोई असर नहीं हो रहा है। इसी से दुखी पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पैदल मार्च निकालना शुरू कर दिया है। सरकार को चाहिए कि एक बार फिर वह इस बारे में सोच और कोई सकारात्मक समाधान निकाले।

## हमारे देश की आत्मा है संविधान



भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है, संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो, हमारे देश में बोली, भाषा, खानपान सहित अनेक विविधताएं हैं, लेकिन देश की समस्त विविधताओं को एक करने का काम हमारा संविधान करता है, हर विद्यालय, महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में संविधान का अध्ययन होना चाहिए भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है और यह हमारे देश की आत्मा है।

**-ओम बिरला**
**लोकसभा अध्यक्ष**

# यूपी विधानसभा चुनावों में ओवैसी का अखिलेश यादव से मुलाकात का वादा



एम हसन

> रामगढ़ में बसपा उम्मीदवार के जुलूस में एआईएमआईएम के बैनर भी देखे गए। खबर है कि एआईएमआईएम ने अपने समर्थकों से उन जगहों पर बसपा को वोट देने की अपील की जहां उसका कोई उम्मीदवार नहीं था। जबकि बिहार में एआईएमआईएम का चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टियों के साथ गठबंधन था। बिहार में बसपा का कुल वोट प्रतिशत 1.62 रहा। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में अपना दल की पल्लवी पटेल और स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के भी संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि जून 2021 में एक समाचार चैनल की रिपोर्ट के बाद मायावती ने कहा था, श्यह खबर पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार है।

एआईएमआईएम के लिए उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन मजबूत करना एक मुश्किल काम है क्योंकि उसे मुसलमानों को अपनी क्षमता का एहसास दिलाना होगा, जबकि सपा अभी तक इस समुदाय पर ऑक्टोपस जैसा नियंत्रण रखती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि एआईएमआईएम, गठबंधन में या अकेले, भाजपा विरोधी वोटों को बांट पाती है या नहीं और इससे हिंदुत्व समर्थक ताकतों को एकजुट करने में भी मदद मिल सकती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश 2027 के चुनावी संग्राम की ओर बढ़ रहा है।

बिहार विधानसभा चुनाव में 1.85 प्रतिशत वोटों के साथ पांच सीटें जीतने के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने अब 2027 के यूपी विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की राह में रोड़ा अटकाने की धमकी दी है। हालांकि, अपनी पार्टी के लिए मुस्लिम समर्थन की जमीनी हकीकत को अच्छी तरह से जानते हुए अखिलेश यादव ने अब तक ओवैसी के बयानों पर चुप्पी साधे रखी है। हालांकि बिहार में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, उत्तर प्रदेश में 2027 के भारतीय गठबंधन का स्वरूप अभी स्पष्ट नहीं है, फिर भी सपा 2027 में पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन को लेकर बेहद सतर्क है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) तथा कुछ अलग-अलग गुटों के बीच एक व्यापक गठबंधन था। हालांकि, कांग्रेस केवल दो सीटें ही जीत पाई और रालोद आठ सीटें (2.9 प्रतिशत वोट) जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गई। लगभग 33 प्रतिशत वोटों के साथ सपा ने 111 सीटें जीती थीं। तब एआईएमआईएम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। मुस्लिम समुदाय, जो सपा के साथ मजबूती से खड़ा था, ने एआईएमआईएम को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया था। एआईएमआईएम ने 103 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाई और उसे केवल 0.49 प्रतिशत वोट मिले। उसे सबसे ज्यादा वोट 36460 (16.27 प्रतिशत) आजमगढ़ के मुबारकपुर से मिले थे, जहां से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली मैदान में थे। गुड्डू जमाली विधानसभा में बसपा के नेता प्रतिपक्ष थे और चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे, लेकिन सपा से टिकट न मिलने पर वे एआईएमआईएम में शामिल हो गए। यह गुड्डू जमाली की व्यक्तिगत छवि ही थी जिसने एआईएमआईएम को भारी वोट दिलाए। इसलिए, बसपा, एआईएमआईएम और कुछ छोटे दलों के तीसरे मोर्चे की किसी भी संभावना की कल्पना करना अभी जल्दबाजी होगी। बसपा प्रमुख मायावती पहले ही यूपी चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर चुकी हैं। 2022 में, एआईएमआईएम ने छोटे दलों के साथ गठबंधन करने की कोशिशें की थीं, लेकिन यह कोशिश कामयाब नहीं हो पाई। अब बिहार में बसपा और एआईएमआईएम के बीच बहुचर्चित अप्रत्यक्ष गठबंधन के बाद, जहां बसपा विजेता सतीश यादव रामगढ़ ने जीत के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मायावती के साथ ओवैसी के पोस्टर लगाए थे, यूपी में दोनों दलों के सपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आने की कहानी गढ़ी जा रही है।

रामगढ़ में बसपा उम्मीदवार के जुलूस में एआईएमआईएम के बैनर भी देखे गए। खबर है कि एआईएमआईएम ने अपने समर्थकों से उन जगहों पर बसपा को वोट देने की अपील की जहां उसका कोई उम्मीदवार नहीं था। जबकि बिहार में एआईएमआईएम का चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टियों के साथ गठबंधन था। बिहार में बसपा का कुल वोट प्रतिशत 1.62 रहा। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में अपना दल की पल्लवी पटेल और स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के भी संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि जून 2021 में एक समाचार चौनल की रिपोर्ट के बाद मायावती ने कहा था, श्यह खबर पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार है। इसमें जरा भी सच्चाई नहीं है।श मायावती ने तब 2022 में एआईएमआईएम के साथ गठबंधन की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया था और वह अपने इस रुख पर अड़ी रहीं। लेकिन अब मायावती उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की पुरजोर को. शिश कर रही हैं और ओवैसी भाजपा की बी टीम के ठप्पे से छुटकारा पाने के लिए बेताब दिख रहे हैं। यह तभी संभव होगा जब वह बसपा के साथ गठबंधन करने में कामयाब हो जाएं। हालांकि, बसपा सूत्रों ने बताया कि वह अपने मूल वोट बैंक जाटवों की प्रतिक्रिया का आकलन कर रही हैं, जिनकी ग्रामीण इलाकों में मुसलमानों के साथ नजदीकियां बहुत अच्छी नहीं रही हैं, चूंकि इस बहुचर्चित गठबंधन का व्यापक प्रभाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर से लेकर सहारनपुर तक लगभग 100 सीटों पर पड़ सकता है, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या जाटव एआईएमआईएम को वोट देने के लिए तैयार होंगे। एआईएमआईएम की तरह, उत्तर प्रदेश का अल्पसंख्यक समुदाय भी बसपा को भाजपा की बी टीम मानता है।

नाम न छापने की शर्त पर एक सपा नेता ने कहा, इसलिए दो बी टीमें सपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आने की कोशिश कर रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि बसपा और एआईएमआईएम के बीच गठबंधन सपा में बड़ी खलबली मचा सकता है और मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन बसपा को छोड़कर छोटे दलों के साथ गठबंधन से ओवैसी को अपेक्षित परिणाम मिलने की संभावना कम है, जो अखिलेश यादव को सबक सिखाने को तैयार हैं। एआईएमआईएम ने बिहार महागठबंधन से गठबंधन के लिए संपर्क किया था और सिर्फ छह सीटें मांगी थीं, लेकिन यादव परिवार ने हिंदुओं के आक्रोश के डर से इनकार कर दिया। उत्तर प्रदेश में मौजूदा अत्यधिक सांप्रदायिक स्थिति के तहत, मायावती, जो पिछड़े समुदायों को लुभाने और खोए हुए दलित वोट को वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही हैं, ओवैसी से हाथ मिलाने से पहले गहराई से मूल्यांकन करेंगी, लेकिन दरवाजे के पीछे सौदा, जैसा कि बिहार में कुछ सीटों पर हुआ था, एक संभावना हो सकती है। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समर्थन आधार जुटाने के लिए 6 दिसंबर को नोएडा में एक रैली बुलाई है। पिछले कुछ चुनावों के दौरान बसपा के समर्थन में काफी गिरावट आई है, जो 2022 में लगभग 12 प्रतिशत और 2024 के लोकसभा चुनाव में घटकर नौ प्रतिशत रह गया। प्रतिशत में गिरावट दर्शाती है कि राज्य में जाटव भी भाजपा में चले गए हैं। इस प्रकार बसपा के लिए खोए हुए वोट को वापस लाना और फिर अपनी जीतने योग्य स्थिति में आना एक कठिन कार्य है। पिछले कुछ वर्षों में अधिकांश प्रमुख मुस्लिम नेता बसपा से अन्य दलों में चले गए हैं। एआईएमआईएम के लिए यह काम और भी मुश्किल है क्योंकि उसे मुसलमानों को अपनी क्षमता का एहसास दिलाना होगा, जबकि सपा अभी तक इस समुदाय पर ऑक्टोपस जैसा नियंत्रण रखती है। वरिष्ठ सपा नेता आजम खान की लंबी कैद और रामपुर में उनकी उच्च शिक्षा योजना को मिली क्षति ने समुदाय को काफी ष्भावनात्मक रूप से प्रभावितष किया है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एआईएमआईएम, गठबंधन में या अकेले, भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित कर पाती है और अप्रत्यक्ष रूप से हिंदुत्व समर्थक ताकतों को एकजुट करने में मदद कर पाती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश 2027 के चुनावी समर की ओर बढ़ रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विपक्ष मुक्त लोकतंत्र के दुष्प्रयास अभी भी जारी



तनवीर जाफरी

7 जून 2013 को गोवा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनाव अभियान समिति की बैठक के दौरान जिस समय नरेंद्र मोदी को 2014 लोकसभा चुनावों के लिए अभियान समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया उस समय उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि कांग्रेस मुक्त भारत हमारा सपना होना चाहिए। इस आह्वान के फौरन बाद उन्होंने ट्विटर पर भी इसकी पुष्टि करते हुए लिखा था कि वरिष्ठ नेताओं ने मुझ में विश्वास जताया है। हम कांग्रेस मुक्त भारत का निर्माण करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उसके बाद से अब तक वे इसी बात को दूसरे शब्दों में अपनी चुनावी सभाओं या सार्वजनिक रैलियों आदि में कहते रहते हैं। जैसे कभी देश को ष्कांग्रेस संस्कृति से मुक्तिष दिलाने की बात कभी पंजे से मुक्ति, कभी तुष्टिकरण से मुक्ति तो कभी परिवारवाद व भ्रष्टाचार से मुक्ति के रूप में देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस को कोसकर विपक्ष मुक्त लोकतंत्र की अपनी हसरत की अभिव्यक्ति करते रहे हैं। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की 99 सीटें आने के बाद मोदी की इस हसरत पर विराम लग गया था। फिर भी कांग्रेस के दर्जनों नेताओं को भय लालच आदि के द्वारा अपने पाले में कर कांग्रेस को पूरी तरह कमजोर करने की कोशिश जरूर की गई। अब बिहार चुनाव परिणामों से उत्साहित भाजपा दिल्ली से लेकर कर्नाटक तक एक बार फिर कांग्रेस व विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश करने लगी है। इसी उद्देश्य से पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने सूरत में एक कार्यक्रम के दौरान फिर एक बयान दिया है। इस बार मोदी ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी सांसदों की पैरवी करते हुए उनके राजनीतिक कैरियर के प्रति चिंता जाहिर की है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के युवा सां. सदों को पार्टी नेतृत्व बोलने नहीं देता, जिससे उनका राजनीतिक कैरियर बर्बाद हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सांसद मुझसे मिलते हैं, तो वे कहते हैं, हम क्या कर सकते हैं? हमारा कैरियर खत्म हो रहा है। हमें संसद में बोलने का मौका ही नहीं मिलता। हर बार यही कहा जाता है कि संसद को ताला लगा दो। उन्होंने कांग्रेस पर और भी हमले किए। मोदी द्वारा विपक्षी सांसदों की फिक्र किए जाने के सन्दर्भ में यह सोचना जरूरी है कि अपनी ही पार्टी के शीर्ष नेताओं का बना बनाया कैरियर समाप्त करने या उन्हें अज्ञातवास अथवा राजनैतिक संन्यास पर भेजने के लिए मजबूर करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को आखिर विपक्षी सांसदों के कैरियर की चिंता कैसे सताने लगी ? गुजरात से लेकर दिल्ली तक कितने नेताओं को दरकिनार कर प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले मोदी को विपक्षी सांसदों के कैरियर की चिंता सताने लगी? लाल कृष्ण आडवाणी ने तो खुद मोदी जी का कैरियर बचाने में उनकी मदद की थी। याद कीजिए 2002 के गुजरात दंगों के बाद तो तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री पद से हटाने की ठान ली थी। उस समय आडवाणी ने ही मोदी का साथ देकर इन की कुर्सी बचाई थी। बाद में मोदी ने आडवाणी जी को कहां पहुंचा दिया ? जिनके पैर छुआ करते थे उन्हें ऐसे मार्ग दर्शन मंडल में भेज दिया जहां से मार्ग दर्शन लेने की किसी को जरूरत ही नहीं होती? मुरली मनोहर जोशी का वाराणसी से टिकट काट कर पहले खुद चुनाव लड़ा बाद में उन्हें भी मार्ग दर्शन मंडल का रास्ता दिखा दिया? मार्गदर्शन मंडल के बारे में बताया गया कि 75 की आयु पार करने वालों को इसमें स्थान मिलेगा परन्तु स्वयं 1950 में जन्मे मोदी भी आज 75 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं।

तो क्या 75 के नाम पर अपने अनेक वरिष्ठ नेताओं का कैरियर चौपट करने वाले मोदी जी को स्वयं अपनी आयु 75 होने पर मार्गदर्शक मंडल का रास्ता नजर नहीं आता? केंद्र में 79 वर्षीय जीतन राम मांझी मंत्री बनाए जा सकते हैं। 83 वर्षीय आनंदीबेन पटेल व 81 वर्षीय आचार्य देवव्रत राज्यपाल बनाए जा सकते हैं परन्तु सुब्रमण्यम स्वामी, यशवंत सिन्हा, शत्रुघ्न सिन्हा, अरुण शौरी जैसे नेताओं के कैरियर की कोई फिक्र नहीं ? ऐसे और भी अनेक उदाहरण हैं जो यह दर्शाते हैं कि मोदी को अपने राजनैतिक कैरियर के सिवा किसी और के राजनैतिक कैरियर की कोई फिक्र नहीं होती। लंबे समय तक भाजपा में रहने वाले शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद कहा था कि भाजपा में अब लोकतंत्र नहीं, तानाशाही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आर के सिंह को बिहार चुनाव परिणाम आते ही इसलिए पार्टी से निकाल दिया गया क्योंकि उन्होंने न केवल पार्टी के अपराधी नेताओं को पार्टी प्रत्याशी बनाने पर सवाल खड़ा किया था बल्कि अडानी पावर व नीतीश सरकार के बीच हुए कथित 62,000 करोड़ रूपए के बिजली घोटाले का भी खुलासा किया था और इस घोटाले की जांच की मांग की थी। इसलिए कांग्रेस या विपक्षी सांसदों के कैरियर को लेकर चिंतित होना दरअसल उनके कैरियर की चिंता करना नहीं बल्कि अपनी इन कथित चिंताओं का प्रदर्शन कर कांग्रेस व विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश मात्र है। कुछ ऐसी ही कोशिशें इन दिनों लालू यादव के परिवार में पड़ी पारिवारिक फूट को लेकर देखी जा रही हैं। यहां भी लालू -तेजस्वी का विरोध करने वाले परिवार के सदस्यों को हवा देने की खबरें आ रही हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों को समाहित करता है भारतीय संविधान






अतुल गोयल

26 नवम्बर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है, जो वास्तव में भारत के लोकतांत्रिक स्वाभिमान का उत्सव है। संविधान सभा ने इसी दिन वह महान दस्तावेज अपनाया था, जिसने हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा का आश्वासन दिया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दूरदर्शिता और संविधान सभा की सूझ-बूझ ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा और सर्वाधिक प्रगतिशील संविधान दिया, जो आज भी हमारी राष्ट्रीय एकता और शक्ति का आधार है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसे तैयार करने में करीब तीन वर्ष लंबी अवधि लगी थी। संविधान सभा की अध्यक्षता डॉ। राजेंद्र प्रसाद ने की थी, जिन्होंने इस महान दस्तावेज को अंतिम रूप दिया। डॉ। भीमराव अंबेडकर, संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे, जिन्हें 'भारतीय संविधान के निर्माता' के रूप में जाना जाता है। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित हमारा संविधान न केवल नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा करता है बल्कि उनके कर्तव्यों को भी परिभाषित करता है। भारत के संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन ही इसलिए चुना गया था क्योंकि 1930 में इसी दिन पूर्ण स्वराज्य की घोषणा की गई थी। हालांकि इसे स्वीकृत 26 नवम्बर 1949 को ही कर लिया गया था। इसीलिए 26 नवम्बर को ही 'संविधान दिवस' मनाया जाता है। यह अवसर हमें संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करने और इसके आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें हमारे संविधान और उसकी विशेषताओं की याद दिलाता है। दरअसल भारतीय संविधान ने देश को एक ऐसा ढ़ांचा प्रदान किया, जो लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। यह दिवस हमें संविधान निर्माताओं के योगदान और उनकी मेहनत को याद करने का अवसर देता है। संविधान निर्माण की मांग का इतिहास 19वीं सदी के अंत से ही शुरू हो गया था। सन् 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने यह मांग की थी कि भारत का संविधान भारतीयों द्वारा ही बनाया जाना चाहिए। उनके सहयोगियों द्वारा तैयार किए गए स्वराज्य विधेयक के प्रारूप को ब्रिटिश सरकार ने ठुकरा दिया था। वह पहली बार था, जब स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की बात उठाई गई थी। 1922 में महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत का राजनैतिक भविष्य भारतीय स्वयं तय करेंगे। उसी के तहत 1924 में पं। मोतीलाल नेहरू ने संविधान सभा के गठन की मांग उठाई। हालांकि, वह मांग भी अंग्रेजों द्वारा अस्वीकार कर दी गई थी। उसके बाद संविधान सभा की मांग लगातार उठती रही लेकिन ब्रिटिश सरकार उसे मानने के लिए तैयार नहीं थी। 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया कि स्वतंत्र भारत के संविधान का निर्माण केवल संविधान सभा द्वारा ही किया जा सकता है। इसके बाद 1940 में ब्रिटिश सरकार ने उस मांग को स्वीकार किया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा बनाया जाएगा। 1942 में ब्रिटिश सरकार ने भारत में संविधान निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्स कमीशन का गठन किया। क्रिप्स मिशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में एक निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करेगी। यह प्रस्ताव भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। 9 दिसंबर 1946 को सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में संविधान सभा की पहली बैठक आयोजित की गई। हालांकि, मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान की मांग को लेकर उस बैठक का बहिष्कार किया। इसके बावजूद संविधान निर्माण की प्रक्रिया जारी रही। 11 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की बैठक में डॉ। राजेंद्र प्रसाद को इसका स्थाई अध्यक्ष चुना गया। वे संविधान निर्माण की पूरी प्रक्रिया के दौरान इस पद पर बने रहे। उनकी अध्यक्षता में संविधान सभा ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और संविधान का प्रारूप तैयार किया। 14 अगस्त 1947 को भारत डोमिनियन की प्रभुत्ता सम्पन्न संविधान सभा ने पुन: बैठक की। उस बैठक में 29 अगस्त 1947 को संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया और डॉ. भीमराव अंबेडकर को सर्वसम्मति से उसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है। संविधान प्रारूप समिति की बैठकें कुल 114 दिनों तक चली। संविधान निर्माण के लिए विभिन्न वर्गों, समुदायों और संगठनों के सुझावों को ध्यान में रखा गया। भारतीय संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा। इस कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रूपए का खर्च हुआ। यह अपने आप में एक विशाल और जटिल कार्य था, जिसमें संविधान सभा के सदस्यों ने दिन-रात कड़ी मेहनत की। संविधान निर्माण के दौरान संविधान सभा ने कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई। भारत के संविधान को भारत की विविधता और एकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया, जो विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों को समाहित करता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसमें विभिन्न विषयों को विस्तारपूर्वक शामिल किया गया है। संविधान में भारत को एक संघीय राज्य घोषित किया गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का विभाजन किया गया है। भारतीय संविधान नागरिकों को छह प्रमुख मूल अधिकार प्रदान करता है। यह अधिकार नागरिकों की स्वतंत्रता और समानता की गारंटी देते हैं। भारत में संसदीय प्रणाली अपनाई गई है, जिसमें कार्यपालिका विधायिका के प्रति उत्तरदाई होती है। भारतीय संविधान न्यायपालिका को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाए रखने की व्यवस्था करता है। संविधान में समय-समय पर संशोधन की व्यवस्था की गई है ताकि इसे समय के साथ प्रासंगिक बनाए रखा जा सके। भारत का संविधान लागू हुआ था और उसके बाद से संविधान में कई संशोधन किए गए हैं। अब तक इसमें 440 से भी अधिक अनुच्छेद और 12 अनुसूचियां शामिल हो चुकी हैं। भारतीय संविधान समय के साथ बदलते सामाजिक, आर्थिक, और राजनैतिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संशोधित किया जाता रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की सख्ती के बाद चीन ने पल्ला झाड़ा

## शंघाई एयरपोर्ट विवाद में नया मोड-बीजिंग ने अरुणाचल की महिला के साथ दुर्व्यवहार का किया खंडन

**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन ने शंघाई एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला को परेशान किए जाने के आरोपों को सख्ती से खारिज कर दिया है। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लंदन से जापान जा रही भारतीय नागरिक पेमो वांगजॉम थोंगडोक के साथ कोई दुर्व्यवहार, हिरासत या दबाव नहीं डाला गया। यह बयान ऐसे समय आया है जब घटना के बाद भारत ने बीजिंग और दिल्ली दोनों जगह चीन को कड़ा विरोधपत्र सौंपा है और साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने आरोपों को खारिज करने के साथ ही यह भी कहा कि थोंगडोक की यात्रा के दौरान चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने सिर्फ कानून और नियमों के अनुसार प्रक्रिया अपनाई। उन्होंने कहा कि न तो महिला को किसी जबरन कार्रवाई का सामना करना पड़ा और न ही उसे हिरासत में लिया गया। माओ निंग ने कहा कि जांच पूरी तरह कानूनी थी और कानून प्रवर्तन निष्पक्ष रहा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि एयरलाइंस ने उन्हें आराम की सुविधा और भोजन भी उपलब्ध कराया। थोंगडोक, जो यूके स्थित भारतीय नागरिक हैं, 21 नवम्बर को लंदन से जापान जा रही थीं। उनका तीन घंटे का ट्रांजिट था, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि चीनी अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट अमान्य बताकर उन्हें रोक लिया। उनका कहना है कि यह इसलिए किया गया, क्योंकि उनके पासपोर्ट में जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश दर्ज है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने पोस्ट में उन्होंने बताया कि उन्हें 18 घंटे तक रोका गया और बार-बार पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए अपमानजनक रहा।



■ सीमा पर चीन लगातार बढ़ा रहा ताकत, हवाईपट्टी से लेकर रेल नेटवर्क तक बनाने में जुटा, हरकतें जारी

दिल्ली में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घटना के दिन ही भारत ने चीन को कड़ा डिमार्श जारी किया। भारत ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश 'निस्संदेह' भारतीय क्षेत्र है और वहां के लोग भारतीय पासपोर्ट पर दुनिया में कहीं भी यात्रा करने का पूरा अधिकार रखते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शंघाई में स्थानीय स्तर पर तुरंत दखल दिया और महिला को सहायता प्रदान की। दूतावास अधिकारियों की मदद से वह देर रात की उड़ान से शंघाई छोड़ सकीं। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने घटना पर नाराजगी जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि एक भारतीय नागरिक के साथ ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है और यह घटना चीन के रवैये को उजागर करती है।

खांडू ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई भारतीय नागरिकों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है और भारत को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने प्रभावित महिला के साहस की भी सराहना की, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भारतीय दूतावास से संपर्क किया। वहीं तिब्बत से लगती सीमा पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब लगातार अपनी स्थिति को मजबूत करने में जुटी हुई है। चीनी सेना ने इस इलाके में रसद केंद्र से लेकर संपर्क मजबूत करने के लिए सुविधाएं स्थापित की हैं। हाल ही में चीन ने तिब्बत में एक ड्रोन (मानवरहित हवाई वाहन) परीक्षण केंद्र की स्थापना की है। माना जा रहा है कि 4300 मीटर की ऊंचाई पर बने इस परीक्षण केंद्र में पीएलए और चीनी ड्रोन निर्माता को इन यूएवी के भीषण मौसम और उच्च ऊंचाई वाले हालातों में परीक्षण में मदद मिलेगी।

इस नई एयरफील्ड में एक 720 मीटर लंबी एक हवाईपट्टी, चार हैंगर्स और प्रशासनिक इमारतें शामिल हैं। गौरतलब है कि तिब्बत के पठार का पहाड़ी इलाका और भीषण मौसम सैन्य अभियानों और रसद पहुंचाने की कोशिशों में काफी चुनौतियां पैदा करता है। इस इलाके में तैनात पीएलए के नए रंगरूटों को कई बार ऊंचाई से होने वाली बीमारियों की वजह से अतिरिक्त ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। चीन की ये हरकतें भारत की जमीनी सीमाओं तक ही सीमित नहीं हैं। दक्षिणी चीन सागर में उसने फिर से पाई गई जमीन पर सैन्य सुविधाएं स्थापित की हैं। इनमें हथियारों को स्थापिक करने से लेकर मुख्य इलाकों में लगातार उपस्थिति बनाए रखने जैसी चीजें शामिल हैं। अमेरिकी वायुसेना के अंतर्गत आने वाले चीन एयरोस्पेस अध्ययन संस्थान (सीएएसआई) की सितम्बर, 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक तिब्बत के अंदर और बाहर परिवहन नेटवर्क के अभाव चीनी सेना की भारत की सीमा पर सैन्यबल तैनात करने में एक प्रमुख वजह है।



**छत्तीसगढ़। बस्तर जिले के बुरुंडवाड़ा सेमरा गांव में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए गणना फॉर्म भरने में मतदाताओं की सहायता करते हुए।**

# इजरायली पीएम नेतन्याहू का भारत दौरा फिर टला

■ बेंजामिन नेतन्याहू अब अगले साल नई तारीख तय करेंगे

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस साल के अंत में भारत की यात्रा पर आने वाले थे, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपनी इस यात्रा को टाल दिया है। उनकी यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए तय की गई थी। सूत्रों के अनुसार, यह कदम नई दिल्ली में हुए एक भयानक आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। इस हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो नेतन्याहू अब अगले साल नई तारीख तय करेंगे, जब सुरक्षा परिस्थितियों का आकलन हो जाएगा। बता दें कि इस बार को लगाकर इस साल इजरायली पीएम नेतन्याहू ने तीन बार भारत की यात्रा रद्द की है। पहले उन्होंने नौ सितम्बर को भारत यात्रा रद्द की थी। इसका कारण था इजरायल में 17 सितम्बर को होने वाले चुनाव और उससे जुड़े कार्यक्रम। इसके पहले अप्रैल में भी उनकी यात्रा रद्द हो गई थी। नेतन्याहू का भारत यात्रा इजरायल में उनके वैश्विक स्वीकार्यता दिखाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा था। कारण है कि इस साल जुलाई में उनकी पार्टी ने नेतन्याहू की पीएम मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ तस्वीर वाले पोस्टर लगाकर उनकी छवि को मजबूत करने की कोशिश की थी। हालांकि इस बात में भी कोई दोहराई नहीं है कि उनका चुनाव अभियान हमेशा से यह दिखाने पर केंद्रित रहा है कि वह दुनिया के नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हैं, जो कि इजरायल की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन शांति योजना पर रूस की प्रतिक्रिया

**मॉस्को।** रूस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन संकट के समाधान के लिए यूरोपीय संघ का शांति प्रस्ताव रूस को पता है, लेकिन इसके प्रावधान 'अरचनात्मक' माने जा रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि इस शांति प्रस्ताव को लेकर बहुत सारी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन रूस केवल संयुक्त राज्य अमेरिका से सीधे प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करता है। उशाकोव ने कहा कि अलास्का में चर्चा किए गए प्रस्ताव के कई प्रावधान मॉस्को को स्वीकार्य हैं। रूसी मीडिया के अनुसार, तथाकथित 'यूरोपीय प्रस्ताव' में अमेरिका द्वारा पहले प्रस्तावित 28-सूत्रीय शांति योजना में कई बड़े बदलाव किए गए हैं।

### रूस के साथ ऊर्जा साझेदारी को मजबूत को तैयार चीन

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि उनका देश रूस के के साथ व्यापक ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के लिए तैयार है। चीनी राष्ट्रपति ने राजधानी बीजिंग में चल रहे सातवें चीन-रूस ऊर्जा व्यापार फोरम के प्रतिभागियों को टेलीग्राम के माध्यम से यह संदेश भेजा। चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने टेलीग्राम संदेश के हवाले से बताया कि चीन रूस के साथ मिलकर व्यापक ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत करने तथा संयुक्त रूप से वैश्विक ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए काम करने को तैयार है। साथ ही, आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता तथा सुचारू संचालन बनाए रखने के लिए भी काम करने के लिए सहमत है।

### ड्रोन हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हुई

**मॉस्को।** रूस के रोस्तोव इलाके में ड्रोन हमलों के बाद दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे रविवार रात मरने वालों की कुल संख्या तीन हो गई। गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने यह जानकारी दी। स्ल्यूसर ने पहले कहा था कि रोस्तोव इलाके में यूक्रेनी आर्म्ड फोर्सेज़ के हमलों में घायलों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जिसमें टैगानरोग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा कि दुर्भाग्य से डॉक्टर दो और लोगों को नहीं बचा पाए, वे अस्पताल में अपने घावों से मर गए।

# इथियोपिया में 12 हजार साल बाद ज्वालामुखी फटा

■ राख का 15km ऊंचा गुबार उठा, 4300km दूर दिल्ली पहुंचा, एअर इंडिया की 11 उड़ानें रद्द

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12 हजार साल बाद रविवार को फट गया। इस विस्फोट से उठने वाली राख और सल्फर डाइऑक्साइड करीब 15 किमी ऊंचाई तक पहुंच गई। यह लाल सागर पार करते हुए यमन और ओमान तक फैल गई।

सोमवार रात करीब 11 बजे यह राख इथियोपिया से 4300 किमी दूर भारत के राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और पंजाब तक फैल गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईडीएफ) ने कहा है कि राख के बादल मंगलवार शाम 7:30 बजे तक भारत से साफ हो जाएंगे और चीन की ओर बढ़ जाएंगे। इस गुबार की वजह से एअर इंडिया ने अपनी 11 उड़ानें रद्द कर दी थीं। एक्सपर्ट्स ने बताया था कि इस गुबार की ऊंचाई इतनी ज्यादा थी कि आम लोगों की जिंदगी पर इसका असर काफी कम हुआ। फिलहाल ज्वालामुखी शांत हो गया है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि शील्ड वोल्केनो में शुरुआती विस्फोट के बाद कभी-कभी दोबारा धमाके भी हो सकते हैं। वैज्ञानिकों को यह पता लगाने के लिए कि वहां क्या हो रहा है, सैटेलाइट तस्वीरों और रिमोट सेंसिंग तकनीक पर ही भरोसा करना पड़ रहा है। यह विस्फोट अफार इलाके में हेली गुब्बी ज्वालामुखी में हुआ। यह इतना पुराना और शांत ज्वालामुखी था कि आज तक इसका कोई रिकॉर्ड नहीं था।

# पाकिस्तान ने की आधी रात अफगानिस्तान में 3 एयरस्ट्राइक

## 9 बच्चे और 1 महिला की मौत, तालिबान की चेतावनी: सही समय पर मुंहतोड़ जवाब देंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने सोमवार को आधी रात अफगानिस्तान के तीन प्रांत खोस्त, कुनार और पक्तिका में एयरस्ट्राइक की। खोस्त पर किए गए हमले में 10 आम लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी की। इस हमले में 5 लड़के, 4 लड़कियां और एक महिला की मौत हो गई।

वहीं कुनार और पक्तिका प्रांतों में पाकिस्तान के हमले और छापेमारी में चार नागरिक घायल हो गए। अफगानिस्तान का कहना है कि पाकिस्तान ने यह हमला करके इस्तांबुल में हुए सीजफायर करार को तोड़ा है। घटना के बाद मंगलवार को मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान सही समय पर इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि इस्लामिक अमीरात इस हमले की निंदा करता है, अपने हवाई क्षेत्र, क्षेत्र और लोगों की रक्षा करना उसका अधिकार है। इस घटना पर पाकिस्तान की सेना और विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह हमला ऐसे समय हुआ जब पाकिस्तान खुद भी सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा था। इसी शाम पाकिस्तान के पेशावर शहर में फंटियर कांस्टेबुलरी मुख्यालय पर हमला हुआ। यह मुख्यालय सैन्य कैंट क्षेत्र के पास स्थित है। इस आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए। सिक्योरिटी फोर्स के हेडक्वार्टर पर हमले के बाद इलाके में धुआं फैल गया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल के महीनों में तनाव काफी बढ़ा है। अक्टूबर में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़पों में दर्जनों लोग मारे गए थे, जो 2021 में तालिबान की सत्ता वापसी के बाद सबसे भीषण हिंसा थी। दोनों देशों ने अक्टूबर में दोहा में युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसके बाद तुर्की में हुई शांति वार्ता किसी लंबे समझौते पर नहीं पहुंच सकी। मतभेद उन उग्रवादी संगठनों को लेकर सामने आए, जिन्हें पाकिस्तान अपने खिलाफ बताता है और जो अफगानिस्तान में पनाह लेते हैं। पाकिस्तान बार-बार अफगानिस्तान पर आरोप लगाता है कि वह पाकिस्तान-तालिबान (टीटीपी) को अपनी धरती से पाकिस्तान में हमले करने दे रहा है। हालांकि, काबुल बार-बार इन आरोपों से इन्कार करता रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अफगान सरकार सीधे तौर पर टीटीपी के साथ मिलकर काम नहीं कर रही, लेकिन वह इसे रोकने के लिए भी कोई कदम नहीं उठा रही है। तालिबान सरकार को डर है कि अगर वह टीटीपी पर सख्ती करेगी तो उसके अंदर बगावत हो सकती है।



■ खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी की: जबीउल्लाह

# खालिस्तानी आतंकियों ने तिरंगे का किया अपमान

## 'भारतीय पीएम को मारो' के नारे लगाए, बच्चे-प्रेग्नेंट महिलाएं शामिल

**ओटावा।** कनाडा के ओटावा में खालिस्तान जनमत संग्रह के दौरान खालिस्तानी आतंकियों ने भारतीय ध्वज शतिरंगेश का अपमान किया। इन लोगों ने भारतीय पीएम और अधिकारियों को मार डालने के नारे लगाए। ये लोग एक अनौपचारिक और गैर-कानूनी वोटिंग में हिस्सा ले रहे थे, जिसे 'खालिस्तान रेफरेंडम' कहा जा रहा है।

इस वोटिंग में एक सवाल पूछा जा रहा था कि शक्या पंजाब को भारत से अलग करके एक नया आजाद देश खालिस्तान बनाया जाना चाहिए? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हजारों लोगों ने इसमें भाग लिया। लोग सुबह से शाम तक पीले रंग के खालिस्तान झंडे हाथ में लेकर करीब दो किलोमीटर लंबी कतार में खड़े रहे। इसका आयोजन आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने किया था। आयोजकों का दावा है कि ओंटेरियो, अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया और क्यूबेक प्रांतों से 53000 से ज्यादा खालिस्तान समर्थक वोट डालने आए। लोग छोटे-छोटे बच्चे, प्रेग्नेंट महिलाओं और बुजुर्गों के साथ आए। वोटिंग स्थल मैकनैब कम्युनिटी सेंटर के बाहर खालिस्तान समर्थकों ने भारत के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और दूसरे नेताओं के खिलाफ 'मार डालो-मार डालो' जैसे नारे लगाए गए। लोगों को भारत के खिलाफ उकसाया। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में जी-20 समिट के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात की थी। एसएफजे ने इस बात पर सवाल उठाया कि जब कनाडा में भारत-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियां हो रही हैं, तब कनाडाई पीएम भारतीय पीएम से क्यों मिले। भारत सरकार ने इस आयोजन को अवैध बताया और कहा कि यह भारत की संप्रभुता पर हमला है। कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत तोड़ने के लिए किया जा रहा है। दूसरी तरफ भारत और कनाडा ने ट्रेड डील के लिए फिर से बातचीत शुरू करने का ऐलान किया है। दो साल के तनाव के बाद अब दोनों देश व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए तैयार हुए हैं। यह फैसला जोहांसबर्ग में जी-20 समिट के दौरान पीएम मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की द्विपक्षीय मुलाकात में लिया गया है। ऐलान के बाद कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 50 बिलियन डॉलर (4.45 लाख करोड़) तक ले जाने का टारगेट है।



■ पंजाब को अलग करने पर वोटिंग की

# चीनी अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण

■ आईएसएस से चालक दल की वापसी का मिशन अगले वर्ष अप्रैल में वापस लौटेंगे यात्री

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को स्पेस स्टेशन से जुड़े अपने मलबे से टकराए स्पेसशिप की जगह एक नया स्पेसक्राफ्ट सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिससे उसके क्रू प्रोग्राम का पहला इमरजेंसी लॉन्च पूरा हो गया। नया लॉन्च किया गया शेनझोउ-22 स्पेसशिप, जो तियांगोंग स्पेस स्टेशन से डॉक किया गया है, ऑर्बिट में मौजूद तीन एस्ट्रोनॉट्स के लिए एक वापसी का स्पेसक्राफ्ट देगा, जो अगले साल अप्रैल में लौटने वाले हैं। पिछले क्रू ने 14 नवम्बर को अपने वापसी स्पेसक्राफ्ट का इस्तेमाल घर लौटने के लिए किया था, जब उनका स्पेसशिप मलबे से टकरा गया था, जिससे व्यू विंडो खराब हो गई थी और वह असुरक्षित हो गई थी। इससे मौजूदा तीन सदस्यों वाले क्रू के पास इमरजेंसी की स्थिति में बचने का कोई सुरक्षित तरीका नहीं बचा। बता दें कि चीन हर छह महीने में अपने स्पेस स्टेशन के क्रू को रोटेट करता है।

चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने कहा कि मंगलवार को, बिना पायलट वाला शेनझोउ-22 स्पेसशिप स्पेस फूड, मेडिकल सप्लाई, ताजे फल और सब्जियों का कार्गो ले गया, साथ ही शेनझोउ-20 स्पेसशिप की टूटी हुई खिड़की को ठीक करने के लिए डिवाइस भी थे। इसका इस्तेमाल अगले साल अप्रैल में मौजूदा तीन मेंबर क्रू को वापस लाने के लिए किया जाएगा। सीएमएसए ने कहा कि क्षतिग्रस्त स्पेसशिप को रिपेयर किया जाएगा और आखिरकार यह धरती पर वापस आएगा, लेकिन सिर्फ कार्गो के साथ और बिना एस्ट्रोनॉट्स के। शेनझोउ-22 स्पेसशिप को लॉन्ग मार्च-2एफ वाई22 कैरियर रॉकेट के ऊपर, उत्तर-पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया था। लॉन्च के लगभग 10 मिनट बाद, स्पेसशिप रॉकेट से अलग हो गया और अपनी तय ऑर्बिट में चला गया और बाद में स्पेस स्टेशन से डॉक हो गया। सीएमएसए ने लॉन्च मिशन को पूरी तरह सफल बताया। चीन ने अपना स्पेस स्टेशन तब बनाया जब उसे कथित तौर पर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि इस बात की चिंता थी कि चीन का स्पेस प्रोग्राम उसकी मिलिट्री की तरफ से कंट्रोल किया जाता है।

# भारत में बचे 5800 मेनाशे यहूदियों को ले जाएगा इजरायल

**तेल अवीव।** इजराइल ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में रहने वाले बनेई मेनाशे समुदाय के बचे हुए 5800 यहूदियों को अपने यहां बसाने का फैसला किया है। इन्हें अगले 5 साल में इजराइल ले जाया जाएगा।

ज्यूइश एजेंसी फॉर इजराइल के मुताबिक, सरकार ने रविवार को इस प्लान को मंजूरी दी है। इसके तहत 2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजराइल में बसाया जाएगा। इनमें से 1200 लोगों को 2026 में बसाने के लिए पहले ही मंजूर किया जा चुका हैं। ये वे लोग हैं जिनके करीबी रिश्तेदार पहले से इजराइल में बस चुके हैं। 2005 में इजराइल के धार्मिक गुरु लोमो अमार ने इस समुदाय को इजराइली मूल के लोगों की मान्यता दी थी। अभी लगभग इस समुदाय के 2500 लोग इजराइल में रह रहे हैं। वर्तमान में इस समुदाय के कई युवा इजराइली सेना में कॉम्बैट यूनिट्स में सेवाएं दे रहे हैं। इजराइल सरकार के फैसले के बाद यहूदी धर्मगुरुओं (रब्बियों) की अब तक की सबसे बड़ी टीम भारत आएगी है। यह पिछले दस वर्षों में भारत आने वाली पहली आधिकारिक धार्मिक जांच टीम होगी। टीम में रब्बी (यहूदी धर्मगुरु) और धार्मिक कानून (हलाखा) के जानकार शामिल होंगे। यह टीम पूर्वोत्तर भारत के बनेई मेनाशे समुदाय के उन सदस्यों की धार्मिक पहचान की जांच करेगी।

# फ्लाइट में पजामा-चप्पल पहनना बंद करें

## अमेरिकी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर एयरपोर्ट ने कहा: ड्रॉइंग रूम नहीं समझे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर शॉन डफी ने लोगों से फ्लाइट के दौरान पजामा, स्लीपर और दूसरे घरेलू कपड़े पहनकर एयरपोर्ट नहीं आने को कहा है।

उन्होंने कहा कि, बच्चों को कुछ छूट मिल सकती है, लेकिन बड़ों को एयरपोर्ट को अपना ड्रॉइंग रूम समझने की जरूरत नहीं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में हवाई यात्रियों की सभ्यता में बहुत गिरावट आई है, इसलिए थैंक्स गिविंग की छुट्टियों से पहले पूरे देश में 'सभ्यता अभियान' शुरू किया जा रहा है। न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट पर शॉन डफी ने कहा कि कृपया एयरपोर्ट पर स्लीपर और पजामा पहनकर न आएं। जींस और एक साफ-सुथरी शर्ट ही काफी है। थोड़ा सम्मान के साथ कपड़े पहनें तो सबका सफर बेहतर हो जाएगा। उन्होंने यात्रियों से कहा कि पायलट और फ्लाइट अटेंडेंट से 'प्लीज' और 'थैंक यू' बोलें, दूसरों की बैग रखने में मदद करें ये छोटी-छोटी बातें पूरे सफर को खुशगवार बना देती हैं। दरअसल, एफएए के आंकड़ों के मुताबिक 2019 के बाद फ्लाइट में झगड़े और बदतमीजी के मामले 400 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। वहीं, बिहेवियरल एक्सपर्ट का कहना है कि कपड़े सिर्फ फैशन नहीं, सम्मान दिखाते हैं। टेक्सास की एटिकेट एक्सपर्ट डायने गॉट्समैन बोलीं पजामा घर में ठीक है, एयरपोर्ट पर नहीं। पूर्व फ्लाइट अटेंडेंट जैकलीन व्हिटमोर ने कहा जैसे कपड़े पहनते हैं, वैसा ही व्यवहार करने लगते हैं। अच्छे कपड़े पहनने से आत्म-सम्मान बढ़ता है और दूसरों के प्रति भी आदर दिखता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अच्छे कपड़े पहनना अमीरी-गरीबी का सवाल नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान का मामला है।



■ बच्चों को कुछ छूट मिल सकती है


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108